


केंद्रीय गृह मंत्री बोले- अमित शाह बंगाल में भाजपा का सत्ता में आना तय घुसपैठियों को वापस भेजेंगे - 12



शेयर बाजार में चौथे दिन भी तेजी सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा, निफ्टी हुआ 23 हजारी - 12



मणिपुर में सीआरपीएफ शिविर पर भीड़ का हमला, गोलीबारी में दो लोगों की मौत - 13



जम्मू-कश्मीर में लश्कर के अंतर्राज्यीय आतंकी माड्यूल का खुलासा, पांच गिरफ्तार- 13

आज का मौसम
19.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.54
सूर्यास्त 06.34


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी 07:01 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2083

बुधवार, 8 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 42, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### ईडी ने अल फलाह के चेयरमैन की 39 करोड़ की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** ईडी ने अल फलाह समूह के अध्यक्ष जवाद अहमद सिद्दीकी और उनके धर्मार्थ ट्रस्ट के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत दिल्ली के जामिया नगर में एक मकान, फरीदाबाद में खेती की जमीन और कई बैंक खातों में जमा राशि कुर्क की है, जिनकी कुल कीमत 39 करोड़ रुपये से ज्यादा है। हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी 10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए विस्फोट से जुड़े एक 'सफेदपोश' आतंकी मॉड्यूल की जांच के दौरान जांच एजेंसियों के रडार पर आई थी। इस विस्फोट में 15 लोग मारे गए थे। सिद्दीकी (61) अभी जेल में बंद हैं।

### एयर इंडिया समूह घरेलू अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर ईंधन अधिभार लगाएगा

**मुंबई।** एयर इंडिया समूह 8 अप्रैल से घरेलू उड़ानों के लिए 299 रुपये से 899 रुपये तक और अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए 24 डॉलर से 280 डॉलर तक का ईंधन अधिभार लगाने जा रही है। हालांकि, कुछ मार्गों पर ईंधन अधिभार नहीं लगाया जाएगा। यह अधिभार अनुषंगी कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा संचालित उड़ानों पर भी लागू होगा। बांग्लादेश और जापान, हांगकांग और दक्षिण कोरिया जैसे सुदूर पूर्व गंतव्यों के लिए आने-जाने वाली उड़ानों पर ईंधन अधिभार में संशोधन की जानकारी आवश्यक नियामकीय अनुमोदनों के अधीन उचित समय पर दी जाएगी।

# आज रात पूरी सभ्यता खत्म होगी : ट्रंप
# ऐसा जवाब देंगे, भूल नहीं पाओगे : ईरान

## होर्मुज खोलने की चेतावनी के चंद घंटे शेष, ईरान के खर्ग द्वीप पर ताबड़तोड़ हमले

**वाशिंगटन/तेहरान, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर ईरान उनकी ओर से दी गई मंगलवार की नवीनतम समय-सीमा तक होर्मुज को फिर से खोलने समेत समझौते पर सहमत नहीं होता है, तो मंगलवार रात (भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह) एक पूरी सभ्यता का अंत हो जाएगा। ट्रंप की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब ईरान में हवाई हमलों में खर्ग द्वीप के अलावा दो पुल और एक रेलवे स्टेशन को निशाना बनाया गया। इस बीच, ईरान ने पलटवार करते हुए कहा कि अगर हमला हुआ तो ऐसा जवाब देंगे, जिसे भूल नहीं पाओगे। ईरानी अधिकारियों ने युवाओं से बिजली संयंत्रों की रक्षा के लिए उनके चारों ओर मानव श्रृंखला बनाने की अपील की है।

ट्रंप ने पहले भी समयसीमा बढ़ाई थी, लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि वाशिंगटन में मंगलवार रात आठ बजे तक की समयसीमा अंतिम है। इसी के साथ दोनों पक्षों की ओर से बयानबाजी चरम पर पहुंच गई, जिससे ईरानी नागरिकों की चिंता बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने धमकी दी है कि यदि ईरान होर्मुज को पूरी तरह से नहीं खोलता, तो उसके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों को नष्ट कर दिया जाएगा। इस जलडमरूमध्य के रास्ते शांति काल में दुनिया के करीब 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने मंगलवार को कहा कि उनके समेत 1.4 करोड़ ईरानी स्वयंसेवक युद्ध में अपनी जान देने के लिए तैयार हैं। वहीं, इजराइल ने ईरान की अर्थव्यवस्था को झटका देने के उद्देश्य से किए जा रहे हमलों की संख्या में लगातार वृद्धि की है। जिसमें 18 की मौत हो गई। ईरान ने भी इजराइल व सऊदी अरब पर मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं, जिसमें एक प्रमुख पुल को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। ईरान हालांकि, उन्नत अमेरिकी और इजराइली हथियारों या हवाई प्रभुत्व का मुकाबला नहीं कर सकता, लेकिन होर्मुज पर उसकी पकड़ विश्व अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान पहुंचा रही है, जिससे ट्रंप पर देश और विदेश दोनों जगह से इस गतिरोध से बाहर निकलने का रास्ता खोजने का दबाव बढ़ रहा है। कूटनीति से संकट को सुलझाने की प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों ने कहा कि बातचीत जारी है - लेकिन ईरान ने नवीनतम अमेरिकी प्रस्ताव को खारिज कर दिया है, और यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के संभावित हमलों को रोकने के लिए समय पर कोई समझौता हो पाएगा या नहीं।




अपने ऊर्जा ठिकानों के बचाव को लेकर ईरान के लोगों ने मानव श्रृंखला बनाई।

- **ईरानी राष्ट्रपति बोले- मेरे समेत 1.4 करोड़ ईरानी युद्ध में अपनी जान देने के लिए तैयार**
- **युवाओं से बिजली संयंत्रों की रक्षा के लिए उनके चारों ओर मानव श्रृंखला बनाने की अपील**
- **इजराइल की ईरान पर एयरस्ट्राइक, 18 की मौत ईरान बोला- अमेरिका के दोस्तों पर अटैक करेंगे**



### ईरान में अपने नागरिकों से भारत ने कहा- जहां हैं, वहीं रहें...48 घंटे संवेदनशील

**नई दिल्ली।** वाशिंगटन द्वारा तेहरान को दी गई चेतावनी के बाद पश्चिम एशिया संकट के एक गंभीर मोड़ पर पहुंचने के बीच भारत ने मंगलवार को ईरान में मौजूद अपने नागरिकों को अगले 48 घंटों तक जहां हैं, वहीं रहने की सलाह दी। आपातकालीन परामर्श में, ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने भारतीयों से घर के भीतर रहने तथा सैन्य ठिकानों, ऊर्जा ढांचों और बहुमंजिला इमारतों की ऊपरी मंजिलों से पूरी तरह दूर रहने का आग्रह किया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी है कि अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकेबंदी खत्म करने के लिए उनके द्वारा दी गई रात 8 बजे (पूर्वी समय) तक की समयसीमा (भारतीय समय के अनुसार बुधवार सुबह 5 :30 बजे) का पालन नहीं करता है, तो पूरी की पूरी सभ्यता आज रात खत्म हो जाएगी।

# विकास कार्यों में देरी पर तय होगी अधिकारियों की जिम्मेदारी : धामी

**प्रमुख संवाददाता, देहरादून**



- **मुख्यमंत्री ने 5 विधानसभाओं की घोषणाओं की समीक्षा कर अफसरों को दी सख्त हिदायत**
- **कहा- चारधाम यात्रा की तैयारियां समय से हों पूरीं, पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं रहें दुरुस्त**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री घोषणाओं के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र थराली, कर्णप्रयाग, केदारनाथ, रुद्रप्रयाग और देवप्रयाग की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान स्पष्ट शब्दों में कहा कि जिन योजनाओं का समाधान शीघ्र हो सकता है, उनमें अनावश्यक विलंब न हो। कार्यों में अनावश्यक देरी करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाए। साथ ही विकास कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए।

सीएम धामी ने कहा, राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। विधायकगणों द्वारा अपने क्षेत्र की जिन समस्याओं को उठाया जा रहा है, अधिकारी उन्हें गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। सभी विभाग आपसी समन्वय से जन समस्याओं का समाधान करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जन समस्याओं का समाधान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखते हुए अधिकारी आमजन की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। हेली एंबुलेंस की समय पर उपलब्धता और दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जाएं।

निर्माण से संबंधित कार्यों में यदि किसी विभाग द्वारा प्रस्ताव किसी अन्य विभाग को हस्तांतरित किया जाना है, तो उसे शीघ्र भेजा जाए। विलंब करने पर संबंधित विभागों की जिम्मेदारी तय की जाए।

### विधायकों की जनहित संबंधी मांगों को दें प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विधायकगणों द्वारा बैठक में उठाई गई समस्याओं का संबंधित विभागीय सचिव प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित वन विभाग के स्तर पर लंबित प्रकरणों की अलग से समीक्षा की जाए।

### कॉमर्शियल सिलेंडर को भी लेकर दिए निर्देश

उन्होंने मुख्य सचिव को निर्देश दिए कि मानसून से पहले वर्षाकाल की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। बाढ़ नियंत्रण से संबंधित कार्य समय पर पूरे किए जाएं। यह भी कहा कि चारधाम यात्रा के मद्देनजर सभी तैयारियां समय पर पूरी हों। वाणिज्यिक सिलेंडरों के संबंध में होटल एसोसिएशन के साथ समय-समय पर बैठक कर उनकी समस्याओं का समाधान करें।

# कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के घर पर असम पुलिस का छापा



कांग्रेस नेता के आवास पर पहुंची असम पुलिस।

- **कांग्रेस ने प्रतिशोध की कार्रवाई का लगाया आरोप मुख्यमंत्री हिमंत बोले- पुलिस खेड़ा को पाताल से भी ढूंढ निकालेगी**
- **सीएम की पत्नी के पास 3 पासपोर्ट होने के आरोप लगने के मामले में खेड़ा पर दर्ज हुई रिपोर्ट**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

असम पुलिस मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के आवास पर उनसे पूछताछ के लिए पहुंची और तलाशी ली। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री हिमंत शर्मा की पत्नी पत्नी रिनिकी भुइयां द्वारा खेड़ा के आरोपों के खिलाफ दर्ज कराई गई शिकायत पर की गई।

खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री की पत्नी पर तीन पासपोर्ट और अघोषित संपत्ति रखने का आरोप लगाया था। असम पुलिस के डीसीपी देबोजित नाथ ने कांग्रेस नेता के आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि खेड़ा अपने आवास पर नहीं मिले, लेकिन वहां से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। नाथ ने कहा कि कुछ दोष साबित करने वाली सामग्री मिली है। डीसीपी ने बताया कि गुवाहाटी की अपराध शाखा पुलिस थाना ने मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। कांग्रेस ने शर्मा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह नौ अप्रैल के चुनावों में आसन्न हार के कारण परेशान, विचलित हैं और विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस खेड़ा को पाताल से भी ढूंढ निकालेगी और उनसे उन फर्जी दस्तावेजों के बारे में पूछताछ करेगी, जिनका इस्तेमाल उनके परिवार को निशाना बनाने के लिए किया था।

# साउथ कोरिया भेजने के नाम पर इथियोपिया में बना लिया बंधक

**संवाददाता, रुद्रपुर/गदरपुर**



पीड़ित रोहित

- **माफिया ने लूटे एक लाख डॉलर युवक की प्रताड़ना वाली तस्वीरें भेजीं**

विदेश जाकर भविष्य बनाने का सपना उस समय बुरे सपने में बदल गया, जब गदरपुर के एक युवक को टूरिस्ट वीजा के झांसे में फंसाकर इथियोपिया में बंधक बना लिया गया। माफिया ने युवक के साथ न केवल मारपीट की, बल्कि उससे एक लाख डॉलर भी लूट लिए। अब अपहरणकर्ता परिजनों को युवक की प्रताड़ना वाली तस्वीरें भेजकर फिरौती की मांग कर रहे हैं।

ग्राम अब्दुल्ला नगर (गदरपुर) निवासी राजकुमार ने बताया कि उनके भांजे रोहित कुमार ने गदरपुर निवासी हिमांशु नाम के एजेंट के माध्यम से साउथ कोरिया जाने का अनुबंध किया था। सौदा 15 लाख रुपये में तय हुआ, जिसमें से परिजनों ने 9.35 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया था। एजेंट ने रोहित को साउथ कोरिया भेजने के बजाय बैंकॉक भेजा और वहां से नेटवर्क के जरिए इथियोपिया पहुंचा दिया। 5 अप्रैल के बाद से रोहित का संपर्क परिजनों से टूट गया। परिजनों के होश तब उड़ गए जब उनके मोबाइल पर रोहित की एक फोटो आई, जिसमें उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। पीड़ित परिवार का आरोप है कि एजेंट हिमांशु अपनी बहन और पंजाब के एक साथी के साथ मिलकर गूलरभोज मोड़ के पास स्थित एक कार्यालय से यह अवैध नेटवर्क चला रहा है।

बेबस परिवार पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में एसएसपी कैंप कार्यालय पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी अजय गणपति कुंभार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए गदरपुर पुलिस को तुरंत जांच के आदेश दिए हैं। एसएसपी ने कहा, हमारी प्राथमिकता युवक की सुरक्षित वापसी है। इसके लिए विदेश दूतावास को युवक का विवरण भेजकर संपर्क साधा जा रहा है।

**सुप्रीम सुनवाई** | नौ जजों की संविधान पीठ ने महिलाओं की एंट्री मामले में 5 घंटें की सुनवाई, केंद्र ने अपना पक्ष रखते हुए कहा

# 2018 का सबरीमाला फैसला त्रुटिपूर्ण था, पुनर्विचार जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्र ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से कहा कि 2018 का सबरीमाला फैसला त्रुटिपूर्ण था और इस पर पुनर्विचार की आवश्यकता है। फैसले में केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 वर्ष की महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को हटाया गया था। सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि उन्हें 2018 के सबरीमाला फैसले में की गई उस टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति है जिसमें कहा गया कि 10-50 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं को मंदिर से बाहर रखना 'अस्पृश्यता' का एक रूप है, जो अनुच्छेद 17 का उल्लंघन है।

सबरीमाला मामले में, न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ का मत था कि उम्र या मासिक धर्म की स्थिति के आधार पर महिलाओं को केरल के सबरीमाला मंदिर में प्रवेश से रोकना अस्पृश्यता का एक रूप है जो उन्हें अधीनस्थ स्थिति में रखता है, पितृसत्ता को कायम रखता है और उनकी गरिमा के लिए अपमानजनक है। मेहता ने कहा, भारत उतना पितृसत्तात्मक या लैंगिक रूढ़ियों से ग्रस्त नहीं है जितना पश्चिम समझता है। मेहता ने कहा कि अनिवार्य धार्मिक प्रथाओं का अनावश्यक सिद्धांत पेश किया गया है, लेकिन सवाल यह है कि अनिवार्य क्या है, इसका निर्णय कैसे किया जाए। यह आस्था, विश्वास का विषय है। किसी बात को आवश्यक मानने या न मानने के लिए, सबसे पहले धार्मिक ग्रंथों का न्यायिक विश्लेषण करना होगा। ग्रंथों को उसी तरह समझना होगा जिस तरह उन्हें समझा जाना चाहिए। मेरा विनम्र निवेदन है कि यह तभी संभव है जब व्यक्ति आध्यात्मिक समझ के उस स्तर को प्राप्त कर ले। मेहता ने कहा, भारत ने हमेशा से महिलाओं के साथ समान व्यवहार किया है। मेहता ने अदालत से कहा, हम शायद एकमात्र ऐसे समाज हैं जो महिलाओं की पूजा करते हैं। राष्ट्रपति से लेकर प्रधानमंत्री और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों तक, हम देवियों के सामने नतमस्तक होते हैं। इसलिए, हमें इस चर्चा में पितृसत्ता और लैंगिक रूढ़ियों की अवधारणाओं को शामिल नहीं करना चाहिए।

### गुण-दोष पर विचार के बजाय 7 प्रश्नों तक पीठ सीमित

पीठ ने कहा कि वह सबरीमाला फैसले के गुण-दोष पर विचार नहीं करेगी और मामले में निर्धारित सात प्रश्नों तक ही सीमित रहेगी। सितंबर 2018 में, पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने एक के मुकाबले चार के बहुमत से फैसला सुनाते हुए उस प्रतिबंध को हटा दिया था जो 10 से 50 वर्ष की आयु की महिलाओं को सबरीमाला अयप्पा मंदिर में प्रवेश करने से रोकता था। इसके बाद, 14 नवंबर, 2019 को, तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की एक अन्य पीठ ने दो के मुकाबले तीन के बहुमत से, विभिन्न पूजा स्थलों पर महिलाओं के खिलाफ भेदभाव के मुद्दे को एक बड़ी पीठ के पास भेज दिया।


ADMISSIONS OPEN · SESSION 2026-27

India s Most Advanced Photography and Film Making Degrees. Now in Bareilly.

Diploma · BFA · MFA · UGC-Recognised · NEP 2020 Aligned

33000+ STUDENTS TRAINED | 40+ COUNTRIES WORLDWIDE | 16 YEARS OF EXCELLENCE | 100% PLACEMENT RECORD | 60 ACRES MODERN CAMPUS - BIU



ABOUT THE FACULTY

The Faculty of Fine Arts (FFA) is the result of a landmark academic collaboration between IIP Academy, India's most respected photography institution, and Bareilly International University, a UGC-recognised university on a 60-acre modern campus in Bareilly, Uttar Pradesh. For the first time in North India, students can pursue structured, industry-facing degree programmes in Photography and Film Making within a full university ecosystem, combining creative practice with academic progression.

All programmes are full-time, credit-based, and NEP 2020 compliant. BFA Honours (4-year) pathway available. MFA entry open to BFA graduates and working professionals.

Photography & Visual Arts
DIPLOMA · 2 YRS | BFA · 3-4 YRS | MFA · 1-2 YRS
Studio photography, documentary, commercial, fashion, product, photojournalism, and visual research.

Film Making & Moving Image
DIPLOMA · 2 YRS | BFA · 3-4 YRS
Cinematography, direction, screenwriting, editing, sound design, documentary filmmaking, production management.

TEACHING METHODOLOGY
- Studio-First. Industry-Integrated.
- Every semester is structured around real projects, 80% practical. Students work alongside mentors on media & advertising campaigns, cultural documentation, participation in government events
- Guru-Shishya mentor-ship model
- Credit-based project assessments
- Mandatory internship semesters
- Portfolio-led evaluation
- Interdisciplinary learning: art, tech, culture, entrepreneurship

CAMPUS & INFRASTRUCTURE
- A University Built for Creative Practice
- 60-acre modern BIU campus, Bareilly
- Professional photography studios
- Analog darkroom facility, Digital editing & post-production labs, Film set and production spaces, Art studios and critique galleries, Library & visual research center
- On-campus hostels and student facilities,
- Noida campus: Advanced/ industrial training

PLACEMENTS & CAREERS
- 100% Placement. Every Batch
- IIP Academy maintains an unbroken placement record across all graduating batches. The dedicated industry connect cell works with media houses, production studios, advertising agencies, and cultural organisations
- Career counselling from Year 1, Live brief industry assignments
- National & international exhibitions

ADMISSIONS NOW OPEN
Pre-Register Today | Limited Seats per Batch
Entrance test and academic counselling for all programmes.
UGC-recognised degrees · Education loan facility · Hostel available
CAMPUS: PILIBHIT BYPASS ROAD BAREILLY-243006

9015 422 322
ADMISSIONS HELPLINE

www.sepiaadvertising.com/04/26

**स्टेट ब्रीफ**

### हाईकोर्ट में राठौर मामले पर सुनवाई जारी

**नैनीताल:** हाईकोर्ट ने चर्चित अंकिता भंडारी प्रकरण से जुड़े मामले में भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर के खिलाफ हरिद्वार और देहरादून जिले में कथित वीडियो-आडियो वायरल करने पर उनके खिलाफ दर्ज चार मुकदमों में सुनवाई की। सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने अगली सुनवाई के लिए 8 अप्रैल को भी जारी रखी है। कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा रखी है।

### सीज वाहन छूटेंगे, माल नहीं बेच सकेंगे

**नैनीताल:** हाईकोर्ट के न्यायाधीश रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खंडपीठ ने हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हो रहे अवैध खनन के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने स्टोन क्रशर मालिकों से कहा है कि वे अपने सीज वाहनों को छुड़वा सकते हैं लेकिन जब्त माल को कोर्ट के आदेश के बगैर बेच नहीं सकते। खंडपीठ ने दो स्टोन क्रशरों की मशीनों को रिलीज करने के आदेश दिए हैं।

**जलवायु परिवर्तन का असामान्य रूप है एक्सट्रीम वेदर, सब्जी-फलों के साथ ही अन्य फसलों और स्वास्थ्य पर पड़ रहा है प्रभाव**

# एक्सट्रीम वेदर की चपेट में उत्तर भारत का मौसम, जनजीवन प्रभावित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** उत्तर भारत इन दिनों एक्सट्रीम वेदर की चपेट में है। लगातार हो रही बारिश और असामान्य मौसम ने जनजीवन, खेती और स्वास्थ्य सभी को प्रभावित किया है। यह एक्सट्रीम वेदर जलवायु परिवर्तन का असामान्य रूप है, जो अब आम जनता के अनुभव में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने बताया कि भारत में पिछले लगभग दो वर्ष से एक्सट्रीम वेदर का प्रभाव बना हुआ है। इस बार की सर्दियां सूखे के साथ बीती, जबकि मार्च में शुरू हुई बारिश अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक जारी रही। इससे पहले 2025 का वर्ष भी एक्सट्रीम वेदर के प्रभाव के साथ बीता था। डॉ. नाजा ने बताया कि एक्सट्रीम वेदर का मतलब है लंबे समय तक मौसम का एक जैसा रहना। यह सामान्य मौसम के विपरीत रहने वाला असामान्य मौसम होता है, जो बहुत अधिक तीव्र और लंबे समय तक टिके रहता है। पिछले साल 2025 की सर्दी सूखे के साथ बीती थी और मई की शुरुआत से प्री-मानसून की बारिश शुरू हुई, जो सितंबर अंत तक जारी रही। इसके बाद अक्टूबर से फरवरी अंत तक सूखे की स्थिति बनी रही। अब लगातार वर्षा देखने को मिल रही है। डॉ. नाजा के अनुसार, एक्सट्रीम वेदर का मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है। लगभग डेढ़ दशक से इसका असर बढ़ना शुरू हुआ और पिछले दो सालों में इसका प्रभाव और भी स्पष्ट दिखाई देने लगा। एक्सट्रीम वेदर को लेकर एक दशक पहले से वैज्ञानिकों के बीच चर्चाएं हो रही थीं। अब इसका असर मौसम के साथ-साथ खेती, स्वास्थ्य और सामाजिक जीवन पर भी पड़ रहा है।



नैनीताल में बारिश के बीच झील को निहारते सैलानी। ● अमृत विचार

**नैनीताल में हल्की बूंदाबांदी ने गिराया तापमान :** मंगलवार को हल्की बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं के कारण नैनीताल में तापमान गिर गया। पूरे दिन ठंड का एहसास बना रहा। नगर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की ओलावृष्टि भी हुई। मौसम विभाग ने बुधवार को भी खराब मौसम, तेज आंधी, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। जिला प्रशासन ने भी चेतावनी जारी की है। नगरवासियों को दिन में गर्म ऊनी कपड़े पहनने की आवश्यकता पड़ी। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 22 और न्यूनतम 12 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 90 और न्यूनतम 60 प्रतिशत दर्ज की गई।

फोटो मौसम की फाइल फोटो

### आज आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और आंधी संभावना

**नैनीताल:** बुधवार को खराब मौसम को लेकर प्रशासन ने चेतावनी जारी की है। एडीएम शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि मौसम विभाग के अनुसार 8 अप्रैल को जनपद में कहीं-कहीं आकाशीय बिजली, ओलावृष्टि और 40-60 किमी/घंटा की तेज हवाओं की संभावना है। लोगों से आवागमन में सावधानी बरतने, आपदा कंट्रोल रूम और नोडल अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने का आदेश दिया गया। एनएच, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई, एडीबी विभागों को मोटर मार्ग बाधित होने पर तुरंत खुलवाने निर्देश। राजस्व, ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी, चौकी व थाने आपदा उपकरणों सहित तैयार रहें और टॉर्च, हेलमेट, छाता व आवश्यक सामग्री वाहन में रखें।

### वायु प्रदूषण पर नियंत्रण जरूरी

**नैनीताल:** डॉ. मनीष नाजा का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन और एक्सट्रीम वेदर जैसी मौसमी समस्याओं का समाधान वायु प्रदूषण की रोकथाम में संभव है। कार्बन डाईऑक्साइड गैस की वृद्धि को रोकना होगा और अन्य ग्रीनहाउस गैसों के अधिक उत्सर्जन पर अंकुश लगाना होगा। तभी वैश्विक तापमान को कम किया जा सकता है और जलवायु को अपनी प्राकृतिक अवस्था में लाया जा सकता है। यदि इन दो समस्याओं का समाधान हो जाता है, तो एक्सट्रीम वेदर जैसी गतिविधियां स्वयं ही कम हो जाएंगी।

## प्रदेश में राजनैतिक दलों के 20 हजार से अधिक बीएलए हुए नियुक्त

**देहरादून:** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के कम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के विशेष प्रयासों के बाद उत्तराखण्ड में राष्ट्रीय राजनैतिक दलों ने अबतक 20863 बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति कर दी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने दलों का आभार प्रकट करते हुए उनसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत बीएलए नियुक्त करने का अनुरोध किया है।

वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी द्वारा 89 प्रतिशत जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस द्वारा 84 प्रतिशत बीएलए की नियुक्ति की जा चुकी है। प्रदेश के 13 में से 5 जनपद ऐसे हैं जहां दोनों ही दलों द्वारा शत प्रतिशत बीएलए की नियुक्ति की जा चुकी है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में भाजपा ने 10551, कांग्रेस ने 9869, सीपीआई (एम) ने 326 और बीएसपी ने 117 बीएलए की नियुक्ति की है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 को करेंगे दिल्ली देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का शुभारम्भ

**ऐतिहासिक क्षण: मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तैयारियों को लेकर की उच्चस्तरीय बैठक, दिए निर्देश**

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** 14 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड आगमन एवं दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर (दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे) के शुभारम्भ कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में उच्चस्तरीय बैठक ली।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर को राज्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक बताते हुए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि इस भव्य आयोजन में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि यह कार्यक्रम जन-उत्सव का रूप ले सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की रूपरेखा को अत्यंत आकर्षक एवं सुव्यवस्थित बनाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भव्यता के साथ आयोजित करने पर बल देते हुए कहा कि उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत—गढ़वाली, कुमाऊनी एवं जौनसारी लोकनृत्यों और संगीत की झलक इस आयोजन में भव्य रूप से दिखाई देनी चाहिए। कार्यक्रम स्थल को पारंपरिक एवं आधुनिक साज-सज्जा के समन्वय से सजाया जाए तथा कलाकारों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कहा कि यह आयोजन केवल एक सरकारी कार्यक्रम न होकर उत्तराखंड की संस्कृति, परंपरा और गौरव का प्रतीक बने। बैठक में राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट, सचिव शैलेश बगौली, कमिश्नर विनय शंकर पांडे, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, डीएम देहरादून सविन बंसल व एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



देहरादून में अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी। ● अमृत विचार

### पूरे राज्य में मनाएं उत्सव जैसा माहौल

मुख्यमंत्री धामी ने जनमानस से भी इस ऐतिहासिक अवसर में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोग अपने घरों से निकलकर राष्ट्रीय ध्वज के साथ प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान कार्यक्रम में शामिल हों और पूरे राज्य में उत्सव जैसा माहौल बनाया जाए। साथ ही, कार्यक्रम से पूर्व प्रदेशभर में स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि, प्रशासन और आम नागरिक मिलकर इस आयोजन को स्वच्छ, सुंदर और यादगार बनाएं।

### राज्य के विकास को मिलेगी नई दिशा

दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह परियोजना उत्तराखंड के विकास को नई दिशा देने वाली सिद्ध होगी। इस कॉरिडोर के माध्यम से दिल्ली और देहरादून के बीच यात्रा समय में उल्लेखनीय कमी आएगी, जिससे पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, प्रदेश में औद्योगिक और व्यावसायिक गतिविधियों का विस्तार होगा, जिससे युवाओं के लिए नए रोजगार के अवसर सृजित होंगे। यह कॉरिडोर लॉजिस्टिक्स, परिवहन और निवेश के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी परिवर्तन लाएगा, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित इस परियोजना का शुभारम्भ उत्तराखंड के विकास के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगा और प्रदेश को राष्ट्रीय विकास की मुख्यधारा में और अधिक सशक्त बनाएगा।

## हाईकोर्ट ने सचिव कार्मिक बगौली को किया तलब

**नैनीताल:** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा की पीठ ने उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम (उपनल) कर्मियों के विनियमितिकरण के मामले में दायर अवमानना याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए राज्य के सचिव कार्मिक शैलेश बगौली को 20 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने के निर्देश दिए हैं।

पीठ ने मंगलवार को उपनल कर्मचारी संघ के साथ ही पांच अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई की। याचिकाकर्ताओं कि ओर से कहा गया कि हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 12 नवंबर 2018 को आदेश जारी कर उपनल कार्मिकों के विनियमितिकरण के साथ ही उन्हें महंगाई भत्ता (डीए) के भुगतान और उपनल कार्मिकों के वेतन से जीएसटी नहीं काटने के निर्देश दिए थे। इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट से भी सरकार की रिव्यू पिटिशन खारिज हो चुकी है। इसके बावजूद प्रदेश सरकार उपनल कार्मिकों का अभी तक विनियमितीकरण नहीं कर रही है। यही नहीं डीए का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है और न ही जीएसटी काटने पर रोक लगी है। वहीं, प्रदेश सरकार की ओर से कहा गया है कि कैबिनेट उपसमिति की सिफारिश के बाद प्रदेश सरकार की ओर से उपनल कार्मिकों को 'समान कार्य समान वेतन' का चरणबद्ध भुगतान किया जा रहा है।



प्रवेशोत्सव के मौके पर नये छात्र-छात्राओं का किया गया स्वागत। ● अमृत विचार

## प्रदेश में हुए 67815 नए विद्यार्थियों के दाखिले

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत माध्यमिक एवं प्राथमिक विद्यालयों में 'स्कूल चलो अभियान' के संतोषजनक नतीजे सामने आए हैं। 'प्रवेशोत्सव' विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर के राजकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में कक्षा 01 से 12 तक 67815 नए विद्यार्थियों को दाखिला दिया गया।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक, मंगलवार को प्रदेशभर के विद्यालयों में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में इन 67815 नए छात्र-छात्राओं में प्राथमिक स्तर पर 24381, उच्च प्राथमिक स्तर पर 31008 तथा माध्यमिक स्तर पर 12426 छात्र-छात्राओं को विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश दिया गया। जिसमें प्राथमिक शिक्षा में कक्षा-1 में 20405, कक्षा-2 में 1447, कक्षा-3 में 958, कक्षा-4 में 849 तथा कक्षा-5 में 722 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। इसी प्रकार उच्च प्राथमिक के अंतर्गत कक्षा-6 में 28676, कक्षा-7 में 1219 तथा कक्षा-8 में 1113 छात्र-छात्राएं शामिल हैं। माध्यमिक स्तर पर कक्षा-9 में 11859, कक्षा-10 में 278, कक्षा-11 में 233 तथा कक्षा-12 में 56 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विद्यालयों में प्रवेश लिया। विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बतौर मुख्यातिथि वर्चुअल माध्यम से जुड़कर प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ कर नव प्रवेशित बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। साथ ही, नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को पाठ्यपुस्तकें भी वितरित की गईं।

## महिला आरक्षण लागू करने को विशेष सत्र जरूरी: भट्ट

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने महिला आरक्षण को लेकर प्रस्तावित संसद के विशेष सत्र का स्वागत करते हुए इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व देने के लिए लगातार ठोस निर्णय ले रही है।

भट्ट ने कहा कि विपक्ष महिला आरक्षण की टाइमिंग और उद्देश्य को लेकर भ्रम फैला रहा है, जबकि प्रधानमंत्री पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि आरक्षण लागू होने से किसी की सीट कम नहीं होगी, बल्कि जनसंख्या के अनुपात में सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदना अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि 16, 17 और 18 अप्रैल को आयोजित विशेष सत्र में आवश्यक विधायी प्रक्रिया पूरी की जाएगी, ताकि वर्ष 2029 से महिला आरक्षण लागू किया जा सके और अधिक महिलाएं संसद तक पहुंच सकें।

इधर, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कांग्रेस द्वारा भाजपा नेताओं को पार्टी में शामिल करने के दावे को हास्यास्पद बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आंतरिक कलह से जूझ रही है और ध्यान भटकाने के लिए ऐसे बयान दिए जा रहे हैं।

### नौ अप्रैल को स्वराज आश्रम में होगी बैठक

**हल्द्वानी:** स्वराज्य आश्रम में कांग्रेस की महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राहुल छिमवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि नौ अप्रैल को होने वाली बैठक में प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल और नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल होंगे।

राहुल छिमवाल ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी, व्यापारिक मंदी और मानव-वन्यजीव संघर्ष जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं, जबकि सरकार जनहित के मुद्दों से दूर होकर केवल राजनीतिक ध्रुवीकरण में लगी है। उन्होंने दावा किया कि जनता अब बदलाव का मन बना चुकी है और कांग्रेस पूरी ताकत से सड़कों पर उतरने को तैयार है।

## राज्य में 12 और नेता थाम सकते हैं कांग्रेस का हाथ

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस जहां संगठन को मजबूत करने में जुटी है, वहीं दल-बदल के जरिए अपनी ताकत बढ़ाने की रणनीति पर काम कर रही है। पहले चरण में छह नेताओं को शामिल करने के बाद अब पार्टी 12 और नेताओं को अपने साथ जोड़ने की तैयारी कर रही है।

हाल ही में दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, नारायण पाल, भीमलाल आर्य, रुड़की के पूर्व मेयर गौरव गोयल, मसूरी के पूर्व पालिका अध्यक्ष अनुज गुप्ता और लाखन सिंह नेगी ने कांग्रेस का दामन थामा था। इसे कांग्रेस के लिए मनोवैज्ञानिक बढ़त के रूप में देखा गया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के अनुसार, कुल 18 नेताओं ने पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई थी, जिनमें से छह पहले ही शामिल हो चुके हैं। अब शेष 12 नेताओं की सूची तैयार कर हाईकमान को भेजी जा चुकी है और मंजूरी मिलते ही उन्हें भी शामिल किया जाएगा। वहीं नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य का कहना है कि भाजपा के कई प्रभावशाली नेता कांग्रेस में आने के इच्छुक हैं और आने वाले समय में बड़े राजनीतिक चेहरे पार्टी का रुख कर सकते हैं।

# घूस मांगें तो डायल करें 1064

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- कुमाऊं में विजिलेंस का अभियान घर-घर पहुंचाने की तैयारी
- पिछले कुछ महीनों में 33 रिश्वतखोर हो चुके हैं गिरफ्तार

**अमृत विचार :** घूस मांगने वालों को सलाखों के पीछे पहुंचाने वाली विजिलेंस (सतर्कता अधिष्ठान) पिछले कुछ माह में 33 रिश्वतखोरों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है, साथ ही न्यायालय में मजबूत पैरवी कर 7 घूसखोरों को सजा भी दिला चुकी है।

ऐसे में अगर अब आप से भी कोई सरकारी अधिकारी काम के बदले में घूस मांगे तो बिना समय गंवाए विजिलेंस के टोल फ्री नंबर 1064 पर कॉल करें या फिर 9456592300 पर अपनी शिकायत व्हाटसएप भी कर सकते हैं। विजिलेंस अब पूरे कुमाऊ में इसको लेकर जागरुकता अभियान शुरू करने जा रही है। एसपी विजिलेंस दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले का नाम पूरी गोपनीय रखा जाता है। बताया कि कुमाऊं मंडल के अल्मोड़ा, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चम्पावत और उधमसिंह नगर के स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी दफ्तरों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी समेत कई शिक्षण संस्थान इस अभियान का केंद्र होंगे, जहां युवाओं को भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। अभियान के मुख्य लक्ष्य सरकारी कार्यालयों में रिश्वतखोरी पर लगाम लगाना, आम जनता के कार्यों को सरल और पारदर्शी बनाना, युवाओं और छात्रों को भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम से जोड़ना, हेल्पलाइन नंबर 1064 का व्यापक प्रचार करना है।

उन्होंने बताया, उनकी टीम पिछले दो साल में 26 ट्रैप कार्रवाई कर चुकी है। इस दौरान 33 आरोपी रिश्वत लेते गिरफ्तार किए गए और 7 मामलों में सजा दिलाई जा चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कोई सरकारी अधिकारी या कर्मचारी रिश्वत की मांग करता है, तो तुरंत सतर्कता विभाग के टोल फ्री नंबर 1064 या व्हाट्सएप नंबर 9456592300 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि शिकायतकर्ताओं की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।






**भरोसा**

**अपर आयुक्त उत्तराखंड पीएस पांगती ने राज्य में घरेलू गैस की आपूर्ति को लेकर दिया आश्वासन**

# प्रवासी मजदूरों और छात्रों के लिए 5 किलो के सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** अपर आयुक्त (खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, उत्तराखंड सरकार) पीएस. पांगती ने मंगलवार को राज्य में घरेलू गैस की आपूर्ति को लेकर तमाम जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि एलपीजी की अपूर्ति पूरे प्रदेश में नियमित रूप से सुनिश्चित की जा रही है। राज्य में डीजल एवं पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों को भी नियमित रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है।

इसी क्रम में पीएस. पांगती ने एक खास सूचना दी कि प्रवासी मजदूरों और विद्यार्थियों के लिए 5 किलो के सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। प्रदेश में सभी गैस एजेंसियों को निर्देशित किया गया है कि डिलीवरी सुनिश्चित हो। उन्होंने बताया कि राज्य में प्रवासी मजदूरों एवं विद्यार्थियों के लिए 5 किलो का छोटू सिलेंडर (एफटीएल- फ्री ट्रेड एलपीजी) को पहचान पत्र पर किसी भी गैस एजेंसी पर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा एवं पर्यटन सीजन को देखते हुए मुख्य सचिव, उत्तराखंड की ओर से भारत सरकार को राज्य की ओर से मांग प्रेषित कर दी गई है। जिसमें अनुरोध किया गया है कि माह अप्रैल से नवंबर तक उत्तराखंड को व्यवसायिक एलपीजी का 100 फीसदी आवंटन पूर्ववत बनाया रखा जाए। उसमें भी 5 फीसदी अतिरिक्त कोटा राज्य सरकार की तरफ से मांग की गई है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत अंत्योदय एवं प्राथमिक परिवार के राशन कार्ड धारक माह अप्रैल में तीन महीनों (अप्रैल, मई एवं जून) का एकसाथ राशन निकटतम गल्ला केंद्रों से प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश में 14 लाख राशन कार्ड धारक परिवारों को तीन महीनों का राशन एक साथ आवंटित किए जा रहे हैं। पैनिक बुकिंग के संबंध में पीएस. पांगती ने बताया कि विगत 25 दिन में 15 मार्च को राज्य में सबसे ज्यादा पैनिक बुकिंग की गई थी, जिसकी संख्या 90 हजार थी. लेकिन दिनांक 6 अप्रैल को स्थिति सामान्य हुई है. जिसकी संख्या 45 हजार रही। फिलहाल प्रदेश में एलपीजी बुकिंग सामान्य स्थिति में है। बताया कि राज्य में सीएनजी, घरेलू पीएनजी और वाणिज्यिक एवं औद्योगिक पीएनजी की आपूर्ति में कोई बाधा या प्रतिबंध नहीं है।

### जमाखोरी व कालाबाजारी पर अंकुश लगाने का अभियान

उत्तराखंड में वैकल्पिक ईंधन व्यवस्था को लेकर वन विभाग द्वारा सभी लकड़ी के टॉल्स में पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। उत्तराखंड में निगरानी और अनुपालन के तहत नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है ताकि जमाखोरी और कालाबाजारी को रोका जा सके। अब तक 6,205 निरीक्षण और 373 छापे मारे गए हैं, जिनके परिणामस्वरूप 19 एफआईआर दर्ज की गईं, 7 गिरफ्तारियां हुईं और 16 नोटिस जारी किए गए।



### पीएनजी कनेक्शन की संख्या बढ़ाने को युद्ध स्तर पर काम

पीएनजी के संबंध में उन्होंने बताया कि प्रदेश में पीएनजी कनेक्शन की संख्या बढ़ाने के लिए युद्ध स्तर पर काम हो रहा है। भारत सरकार के निर्देशानुसार पीएनजी विस्तार को लेकर भी उत्तराखंड में सिटी गैस वितरण और वैकल्पिक ईंधन के क्षेत्र में राज्य में 5 सिटी गैस वितरण कंपनियां कार्य कर रही हैं, जिनमें देहरादून में गेल गैस, उधम सिंह नगर में आईओसी-अडानी गैस प्रालि., हरिद्वार में एचएनजीपीएल और नैनीताल में एचपीसीएल शामिल हैं।

## सिटी इंवेंट्स

- गौलापार स्थित अंतर्राष्ट्रीय लोकल लीग का मैच सुबह 9 बजे से
- जिला प्रशासन एवं राजस्व विभाग की टीमें बनभूलपुरा में पीएम आवास फार्म की स्क्रूटनी करेंगी 10 बजे
- हीरा नगर स्थित पर्वतीय उत्थान मंच में महिलाओं की रामलीला 7:30 बजे

## सिटी ब्रीफ

### ई-रिक्शा से युवक की मौत, चालक पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** ई-रिक्शा की टक्कर से युवक की मौत के मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में धार बिठोरिया हरिपुर नायक निवासी तुलसी बिष्ट ने लिखा, बीती 21 मार्च को उनके पति भूपाल सिंह बिष्ट सुबह करीब 6 बजे घर से टहलने निकले थे। वह धार बिठौरिया से चौफुला चौराहे की ओर जा रहे थे, तभी ई-रिक्शा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। ई-रिक्शा को चन्दन राम पुत्र दीवान राम निवासी हरिपुर गांगू चला रहा था। सिर पर आई चोट की वजह से अगले दिन भूपाल की मौत हो गई। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### राजस्थान में मिला साइबर फ्रॉड का वारंटी

**हल्द्वानी :** पुलिस ने साइबर फ्रॉड के एक वारंटी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी मनोज कत्याल के मुताबिक 2021 में साइबर धोखाधड़ी के आरोप में जिला डीग, राजस्थान निवासी इमरान को पुलिस ने जेल भेजा था। कुछ समय बाद आरोपी को जमानत मिल गई थी, लेकिन इसके बाद वह तारीखों में कोर्ट में उपस्थित नहीं हुआ। फरार होने के कारण कोर्ट ने वारंट जारी किया और पुलिस ने टीम गठित करते हुए आरोपी की धरपकड़ को दबिश दी। एसपी के मुताबिक आरोपी इमरान को राजस्थान स्थित उसके घर से दबोचा है।

### गौलापार स्टेडियम में स्विमिंग प्रशिक्षण शुरू

**हल्द्वानी :** अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में स्विमिंग प्रशिक्षण आज मंगलवार से शुरू हो गया है। सुबह पहली शिफ्ट 6:30 से 7:15 बजे तक और दूसरी शिफ्ट 7:30 से 8:15 बजे तक चलेगी। शाम को पहली शिफ्ट 4:00 से 4:45 बजे तक और दूसरी शिफ्ट 5 से 5:45 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्रशिक्षकों की ओर से प्रशिक्षण दिया दा रहा है। जिससे प्रतिभाओं को निखारा जा सके और खेलों में बेहतर प्रदर्शन किया जा सके।

धीरे-धीरे इतिहास का हिस्सा बन रहे शहर में कभी मनोरंजन का प्रमुख साधन रहे सिनेमा घर, मल्टीप्लेक्स का बढ़ रहा है क्रेज

# हल्द्वानी में सिंगल स्क्रीन का आखिरी शो, यादों में रह जाएंगे सिनेमाघर

पवन नेगी, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में कभी मनोरंजन का प्रमुख साधन रहे सिनेमा हॉल अब धीरे-धीरे इतिहास का हिस्सा बनते जा रहे हैं। आधुनिक दौर में जहां मल्टीप्लेक्स संस्कृति ने जगह बना ली है। समय के साथ तकनीक और दर्शकों की पसंद में बदलाव आने से पुराने सिंगल स्क्रीन सिनेमा हॉल का अस्तित्व लगभग समाप्त हो चुका है। एक तरह से शहर में इसका आखिरी शो चल रहा है।

एक समय था जब यहां फिल्में देखने के लिए दर्शकों की लंबी लाइनें लगती थीं और ये शहरवासियों के मनोरंजन का प्रमुख केंद्र हुआ करते थे। शहर के सबसे पुराने लक्ष्मी सिनेमा हॉल की शुरुआत रामपुर रोड में 1952 में दिलरुबा टॉकीज के नाम से हुई थी। इस सिनेमा हॉल का अपना एक इतिहास रहा है।



लक्ष्मी सिनेमा हॉल की फाइल फोटो

शुरुआती दौर में यह अस्थायी रूप से चलता था। बाद में इसे तोड़कर पक्के भवन का निर्माण किया गया। इस दौरान लगभग सात महीने तक इसे शहर के एक मोहल्ले में टेंट लगाकर चलाया गया था। यह आज एक छोटे मल्टीप्लेक्स के रूप में चलाया जा रहा है। इसके बाद 90 के दशक की शुरुआत में नैनीताल रोड स्थित प्रेम सिनेमा हॉल शुरू हुआ। जो वर्तमान में बंद हो चुका है। इसके बाद नाहिद और सरगम सिनेमा हॉल की स्थापना हुई। इन सिंगल स्क्रीन सिनेमा हॉल में भी सस्ती दरों में फिल्में देखने को लेकर भी लोगों में काफी क्रेज रहता था। रामपुर रोड स्थित सरगम सिनेमा हॉल को कुछ सालों पूर्व आईबेक्स मल्टीप्लेक्स के रूप में दोबारा शुरू किया गया था, लेकिन वर्तमान में यह भी बंद पड़ा है।

### 90 के दशक में आतंकियों के धमाके से दहला था लक्ष्मी हॉल

लक्ष्मी सिनेमा हॉल 90 के दशक में आतंकियों की ओर से किए गए बम धमाकों से दहला था। यह लंबे समय तक चर्चा का विषय बना। कुछ समय तक इसे बंद भी करना पड़ा था। बाद में सब सामान्य होने पर शो होने लगे। 1952 में लाला बालमुकुंद की बिल्डिंग में शेख साहब इस टॉकीज को किराए पर चलाया करते थे। 1958 में खेमचंद अग्रवाल ने सिनेमा हॉल को लक्ष्मी नाम से चलाना शुरु किया। 1960 में पक्का सिनेमा हॉल बनने के बाद लक्ष्मी का नाम न्यू लक्ष्मी सिनेमा रखा गया। जिसमें पहली फिल्म कश्मीर की कली दिखाई गई थी। मल्टीप्लेक्स के स्वामी मोहित अग्रवाल बताते हैं कि 2016 में इस भवन के पुराने स्ट्रक्चर को ध्वस्त किया गया और 6 साल बाद 22 फरवरी 2022 को दो स्क्रीन के साथ एक छोटे मल्टीप्लेक्स के रूप में नई शुरुआत हुई। खेम चंद अग्रवाल के बाद राज नारायण अग्रवाल ने इसे आगे बढ़ाया। वर्तमान में सुरेश अग्रवाल और चौथी पीढ़ी के रूप में उनके पुत्र मोहित अग्रवाल इस लीगेसी को आगे बढ़ा रहे हैं।

### स्कूटी की डिग्गी से 50 हजार रुपये उड़ाए

**हल्द्वानी :** एक अस्पताल के पास खड़ी स्कूटी से शातिर चोर ने 50 हजार रुपए की नगदी पार कर दी। मामले में हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी तहरीर में पीलीकोठी मुखानी निवासी युधिष्ठिक सिंह मर्तोलिया पुत्र जगत सिंह मर्तोलिया ने लिखा, बीती 30 मार्च को उनकी स्कूटी नीलकंठ हॉस्पिटल के पास खड़ी थी। स्कूटी में 50 हजार रुपए और सुकन्या समृद्धि की पास बुक और एक चेकबुक रखी थी। युधिष्ठिर का कहना है कि किसी ने उनकी डिग्गी में रखी नगदी, पासबुक और चेकबुक पार कर दी। कोतवाल विजय कुमार मेहता ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर शातिर की तलाश शुरू कर दी गई है।

# शादी में गिफ्ट दीजिए पर नहीं मिलेगी दावत!

## बैंक्वेट हॉल व टेंट हाउस में भोजन सुविधा बंद, शादी पर 5 गैस सिलेंडर देने की मांग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रसोई गैस किल्लत के चलते बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन एवं टेंट हाउस एसोसिएशन ने आगामी सहालग में पार्टियों में भोजन नहीं पकाने का ऐलान किया है। एसोसिएशन का कहना है कि जिला प्रशासन से प्रत्येक शादी समारोह के लिए पांच सिलेंडर की मांग की जाएगी। ऐसा हुआ इस बार सहालग में होने वाली शादियों के दौरान हम गिफ्ट तो देंगे लेकिन दावत नहीं मिलेगी।

मंगलवार को कमलुवागांजा स्थित निजी बैंक्वेट हॉल में टेंट हाउस और बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन की आपात बैठक हुई। इसमें आगामी शादी समारोह में गैस किल्लत की वजह से मेहमानों के लिए भोजन पकाने को लेकर मंथन हुआ। सभी ने खाना पकाने में असमर्थता जताते हुए कहा सिर्फ एक ही शर्त पर खाना पकाया जा सकता है। यह शर्त है कि जिला प्रशासन शादियों के सीजन में मेहमानों के भोजन के लिए कोई एसओपी जारी करें और वर/वधू पक्ष को शादी के कार्ड पर न्यूनतम 5 व्यावसायिक गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाएं। तभी बैंक्वेट हॉल स्वामी एवं केटरर्स शादियों में भोजन पका सकते हैं। यहां नवीन चंद्र पांडे, मनोज भट्ट, चंदन मेहता, ललित कांडपाल, भोला भगत, कन्नू उपाध्याय, गोपाल भट्ट, नरेंद्र उप्रेती, राजीव बेलवाल, ललित मोहन जोशी, पंकज पांडे, पंकज पलड़िया, संतोष शर्मा, सुरेश चंद्र उपाध्याय, कमल कांडपाल रहे।



बैंक्वेट हॉल व टेंट हाउस एसोसिएशन की संयुक्त बैठक में निर्णय सुनाने के बाद पदाधिकारी।

### बोले पदाधिकारी

"यदि वैकल्पिक व्यवस्था भी की जाए तो शादियों के मेनू में बहुत से व्यंजन ऐसे होते हैं जो वैकल्पिक लकड़ी एवं कोयले से बन पाना संभव नहीं है। जिला प्रशासन को इस गंभीर समस्या का समाधान जल्द ढूंढना होगा क्योंकि 15 अप्रैल से विवाह लग्न शुरू हो जाएंगे।
**- धीरज पांडे**, जिलाध्यक्ष बैंक्वेट हॉल एसोसिएशन

"एसोसिएशन जल्द से जल्द जिला प्रशासन से मुलाकात कर समाधान निकालने की मांग करेंगी अन्यथा वर्तमान परिस्थिति में वे शादियों में खाना पकाने में असमर्थ हैं। जिला प्रशासन शादी के कार्ड के आधार पर अलग-अलग गैस एजेंसियों को सिलेंडर उपलब्ध कराने के निर्देश दे तभी शादी समारोह संपन्न हो सकते हैं। **- विमल तोलिया**, जिलाध्यक्ष टेंट हाउस एसोसिएशन

### क्या कहते हैं जिम्मेदार?

"कॉमर्शियल सिलेंडर के संबंध में 66 फीसदी वितरण के लिए उत्तराखंड शासन द्वारा एसओपी जारी की गई है, जिसमें होटल एवं रिजॉर्ट, रेस्टोरेंट एवं ढाबा, गेस्ट हाउस, पेइंग गेस्ट सुविधा, होम स्टे, विवाह समारोह एवं उद्योगों को 6 हजार 310 सिलेंडर दैनिक रुप वितरण किए जाएंगे। चारधाम यात्रा और शादियों के सीजन की तैयारियों के लिए विशेष तैयारी सरकार द्वारा की गई है।
**-पीएस पांगती**, अपर आयुक्त (खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, उत्तराखंड सरकार)

### डीएसी नंबर में देरी से गैस आपूर्ति बाधित

**हल्द्वानी :** पिछले एक माह से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के सॉफ्टवेयर में डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) जनरेट होने में देरी के कारण गैस उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी से सिलेंडर बुक कराने के बाद भी समय पर डीएसी नंबर नहीं मिल रहा, जिससे डिलीवरी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। शहर में सबसे अधिक उपभोक्ता इंडेन गैस से जुड़े होने के कारण समस्या और बढ़ गई है। एजेंसी संचालकों के अनुसार डीएसी नंबर स्थानीय स्तर पर जनरेट नहीं होता, बल्कि उच्च स्तर से जारी किया जाता है। इंडेन गैस एजेंसी के प्रबंधक गणेश सिंह ने बताया कि सॉफ्टवेयर में तकनीकी समस्या के कारण डीएसी नंबर जारी होने में देरी हो रही है, जिससे बैकलॉग बढ़ रहा है। कई उपभोक्ताओं को डीएसी नंबर मिलने के बाद भी समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### विवाह समारोह के लिए 11 लोगों ने मांगे सिलेंडर

**नैनीताल :** रसोई गैस की किल्लत के चलते शादी समारोहों के लिए अब केवल दो ही सिलेंडर मिलेंगे। इसके लिए नैनीताल आपूर्ति विभाग में अब तक 11 लोगों ने आवेदन किया है। जिला पूर्ति अधिकारी मनोज कुमार बर्मन ने बताया कि अभी तक किसी भी उपभोक्ताओं को शादी समारोह के लिए व्यवसायिक सिलेंडर नहीं दिया गया है। प्रशासन की ओर से नई एसओपी जारी कर कमेटी गठित कर दी गई है। 11 उपभोक्ताओं ने विवाह समारोह में उपयोग के लिए व्यावसायिक गैस सिलेंडर मांगे हैं। इन सभी के दस्तावेजों की जांच के बाद संबंधित एजेंसी को गैस सिलेंडर देने की संस्तुति की जाएगी।



भीमताल में गैस गोदाम पर सिलेंडर लेने पहुंचे लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

# कमर्शियल सिलेंडर लेने के लिए गोदाम पर उमड़ी भीड़

संवाददाता, भीमताल

**450** उपभोक्ताओं के मुकाबले पहुंचे मात्र 125 सिलेंडर

**अमृत विचार:** गैस किल्लत के बीच मंगलवार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के इंडियन गैस का एक ट्रक 125 कमर्शियल सिलेंडर लेकर भीमताल स्थित गैस गोदाम पहुंचा। गैस आने की सूचना मिलते ही करीब 200 से अधिक कमर्शियल उपभोक्ता और कारोबारी गोदाम पहुंच गए, लेकिन सीमित सिलेंडर होने के कारण अधिकांश लोगों को निराश होकर लौटना पड़ा।

जानकारी के अनुसार भीमताल और आसपास के क्षेत्रों में करीब 450 कमर्शियल उपभोक्ता हैं। लंबे समय से सिलेंडर नहीं मिलने से कई होटल बंद होने की कगार पर हैं, वहीं टेंट व्यवसाय भी प्रभावित हो रहा है। स्थिति को देखते हुए गैस गोदाम प्रबंधन ने एक बुकिंग पर एक सिलेंडर देने का नियम लागू किया। स्थानीय कारोबारी नितेश, सशक्त एकता उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष मनोज दुर्गपाल, व्यापारी नेता अखिलेश सेमवाल और कार्तिक कर्नाटक सहित कई लोगों ने जल्द दूसरी खेप भेजने की मांग की है।

### घरेलू सिलेंडर वितरण भी प्रभावित

कमर्शियल सिलेंडर वितरण के चलते रोस्टर के अनुसार घरेलू गैस की आपूर्ति नहीं हो सकी। ग्रामीणों के अनुसार जंतु वालों गांव और सूर्य गांव में ही वितरण हुआ। वार्ड 9 के सभासद नीरज रैकुनी ने जल्द गैस आपूर्ति की मांग की है।

# बेहोश होकर गिरी मां, गोद से गिर कर ढाई माह की बच्ची की मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पास दोपहर बड़ा हादसा हो गया। ऑटो से उतरते ही एक महिला बेहोश होकर गिर गई। बेहोशी छाते ही महिला की गोद में मौजूद ढाई साल की बच्ची सड़क पर गिर कर घायल हो गई और अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा का कहना है कि रावतनगर बिंदूखत्ता लालकुआं निवासी सुमन बिष्ट पत्नी विक्रम बिष्ट की दो बेटियां हैं। बड़ी बेटी करीब छह और छोटी महज ढाई साल की थी। बताया जाता है कि मंगलवार को सुमन घर से यह कहकर निकली थी कि लालकुआं में मेडिकल कैंप लगा है और वह कैंप में जा रही है। ऑटो में सवार होकर महिला अपनी ढाई साल की बच्ची के साथ काठगोदाम रेलवे स्टेशन पहुंच गई। ऑटो से उतरते ही सुमन को चक्कर आने लगे और बच्ची गोद से छूट कर सड़क पर गिर गई। उसे नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।



सुमन बिष्ट।

### प्रत्यक्षदर्शी बोले, चलते ऑटो से गिरी बच्ची

**हल्द्वानी :** प्रत्यक्षदर्शियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि बच्ची चलते ऑटो से गिरी थी और करीब 10 मीटर बाद मां को इसकी भनक लगी। इन्हीं प्रत्यक्षदर्शियों की मदद से ऑटो के जरिये बच्ची को अस्पताल ले जाया गया। यहां कहानी सामने आई कि सुमन अपने ससुर के साथ बच्ची को महिला अस्पताल में दिखाने के लिए निकली थी। लालकुआं में क्रॉसिंग बंद होने पर ससुर एटीएम से रुपए निकालने चले गए और इसी बीच सुमन गायब हो गई। सुमन के गायब होने पर उसके देवर ने तलाश शुरू की और इसबीच पता लगा कि काठगोदाम में हादसा हो गया।

# प्रेमिका संग पकड़ा पति पत्नी को किया घायल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पकड़े जाने के बाद बौखलाए पति ने दिया वारदात को अंजाम
- पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति के खिलाफ लिखा मुकदमा

**अमृत विचार :** प्रेमिका के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े जाने के बाद आरोपी पति बौखला गया। आरोपी ने पत्नी पर हमला कर दिया और पीट-पीटकर उसे लहूलुहान कर डाला। पुलिस ने पीड़िता पत्नी की तहरीर पर आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

हल्द्वानी कोतवाली क्षेत्र के फूलचौड़ में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि बीती 5 अप्रैल को उसने अपने पति को एक महिला के साथ आपत्तिजनक हालत में निर्वस्त्र पकड़ लिया। जब पत्नी ने इस बात पर पति से पूछताछ की तो वह बौखला गया। आरोप है कि दारू पीने के बाद घर पहुंचा पति, पत्नी पर हमलावर हो गया। उसने पत्नी को बुरी तरह पीटा और इस पर भी मन नहीं भरा तो लकड़ी की कुर्सी से पत्नी पर हमला कर दिया। मारपीट में पत्नी की नाक से खून निकल आया। उसकी आंखों के नीचे भी चोट आई है। पत्नी का कहना है कि उसका पति आए दिन उसके साथ मारपीट करता है। अब वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। कोतवाल विजय कुमार मेहता का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# आयुक्त ने किया डिजिटल क्रॉप सर्वे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त दीपक रावत ने खेतों में उतरकर डिजिटल क्रॉप सर्वे (डीसीएस) किया। उन्होंने कहा कि इस सर्वे के माध्यम से किसानों को सामयिक सलाह से बाजार उपलब्ध होने के साथ ही फसल बीमा का लाभ मिलेगा।

आयुक्त रावत ने मंगलवार को रामपुर रोड स्थित हरिपुर रतन सिंह ग्राम संभाग में खेतों में पहुंच कर डिजिटल क्रॉप सर्वे किया। उन्होंने कहा कि डीसीएस केंद्र सरकार की एक आधुनिक पहल है, इस संबंध में मुख्य सचिव ने भी निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने बताया कि यह मोबाइल आधारित प्रक्रिया है इसमें जियो-फेंसिंग और सैटेलाइट इमेजरी के उपयोग से वास्तविक समय में खेतों में बोई फसलों का सटीक डाटा एकत्र किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य पारंपरिक सर्वे को बदलकर डिजिटल माध्यम से फसल का सही आकलन करना है। उन्होंने बताया कि डिजिटल क्रॉप सर्वे हो जाने से किसानों की जमीन के बारे में साइंटिफिक डाटा उपलब्ध होगा और जरूरतमंद किसानों को योजनाओं का उचित लाभ मिल पाएगा। वर्तमान में जनपदों में क्षेत्रवार खेती, फसल के अलग-अलग आंकड़े हैं लेकिन इस सर्वे में रियल टाइम में बोई गई फसलों की कवरेज का सटीक निर्धारण होगा। इससे फसलों के मार्केटिंग और स्ट्रेटजी मेकिंग में सहूलियत होगी। आयुक्त ने डीसीएस से जुड़े सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सर्वे कार्य शुद्धता व समयबद्धता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार कुलदीप पांडे आदि मौजूद रहे।



हरिपुर रतन सिंह में डिजिटल क्रॉप सर्वे करते आयुक्त दीपक रावत।

**वन पर्यटन**

नंधौर सेंचुरी में आने वाले पर्यटकों की संख्या वर्ष 2025-26 में पिछले वर्ष की अपेक्षा दोगुना से अधिक रही

# 1876 पर्यटकों ने देखी नंधौर के जंगलों की जैव विविधता

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जंगलात की इको टूरिज्म को बढ़ावा देने की कवायद रंग लाने लगी है। कॉर्बेट नेशनल पार्क के बाद अब नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में पर्यटकों की संख्या में दोगुनी से ज्यादा की बढ़ोत्तरी हुई है। इस वित्तीय वर्ष में 1876 पर्यटक पहुंचे हैं जबकि पिछले वर्ष में यह संख्या महज 839 थी।

हल्द्वानी वन डिवीजन के डीएफओ कुंदन कुमार ने बताया कि नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में इको-टूरिज्म को बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध एवं समन्वित प्रयासों से वर्ष 2025-26 में पर्यटकों की संख्या में खासी वृद्धि दर्ज हुई है। यह वृद्धि न केवल सेंचुरी की बढ़ती लोकप्रियता को दर्शाती है बल्कि स्थानीय समुदायों की भागीदारी एवं आजीविका संवर्धन की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में कुल 839 पर्यटकों ने नंधौर के जंगलों का का भ्रमण किया था जिनमें 3 विदेशी पर्यटक शामिल थे।

वहीं वर्ष 2025-26 में यह संख्या बढ़कर 1876 पर्यटक हो गई जिनमें 11 विदेशी पर्यटक शामिल हैं। एक वर्ष में लगभग दोगुनी से ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि प्रभावी प्रबंधन, बेहतर सुविधाओं एवं प्रचार-प्रसार का परिणाम है। डीएफओ ने कहा कि भविष्य में भी सेंचुरी में पर्यटन सुविधाओं के विस्तार, क्षमता निर्माण एवं संरक्षण उन्मुख गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे नंधौर वन्यजीव अभयारण्य को राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण इको-टूरिज्म स्थल के रूप में विकसित किया जा सके।



### ऐसे बढ़ी पर्यटक संख्या और इको टूरिज्म

1. सफारी संचालन को व्यवस्थित करने के लिए सफारी वाहनों का पंजीयन किया जिससे पर्यटकों को सुरक्षित एवं नियंत्रित वातावरण मिला।
2. स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से नेचर गाइड्स का चयन एवं प्रशिक्षण दिया गया। इससे पर्यटकों को गुणवत्तापूर्ण जानकारी मिलने के साथ ही स्थानीय स्तर पर आजीविका के अवसर सृजित हो रहे हैं।
3. पर्यटकों की सुविधा के लिए ऑनलाइन सफारी बुकिंग के लिए वेबसाइट बनाई गई। इससे पारदर्शिता को बढ़ावा मिला।
4. स्थानीय समुदायों को इको-टूरिज्म से जोड़ने के लिए अन्य सफल संरक्षित क्षेत्रों में एक्सपोजर विजिट कराई गई हैं। इससे समुदायों में जागरूकता बढ़ी एवं उन्होंने संरक्षण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई।
5. नंधौर वाइल्ड लाइफ सेंचुरी की विशेषताओं एवं जैव-विविधता को उजागर करने के लिए विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए गए।

### पीएम आवास योजना के फार्म की जांच शुरू

**हल्द्वानी :** नगर निगम, राजस्व व रेलवे ने बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रमण प्रभावितों के पीएम आवास योजना के फार्म की स्क्रूटनी शुरू कर दी है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार, बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण में प्रभावितों को पीएम आवास योजना का लाभ देने के लिए छह स्थानों पर कैंप लगाए गए थे। इनमें पीएम आवास योजना के तहत 6,888 आवेदन फार्म प्राप्त हुए थे। इधर, मंगलवार को नगर निगम सभागार में डोर टू डोर आवेदन फार्म देने वाली टीमों को स्क्रूटनी का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के बाद टीमें बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रभावितों के लिए रवाना हो गईं और स्क्रूटनी शुरू कर दी। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, सुरेश अधिकारी, तहसीलदार कुलदीप पांडे आदि मौजूद रहे।

# एचआईवी पीड़ित बंदी की हालत बिगड़ी, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- मुरादाबाद के आरोपी को ऊधमसिंह नगर से पकड़ा गया था तमंचे के साथ, नशे की लत ने दिए कई रोग

**अमृत विचार :** नशे की लत ने एक व्यक्ति को बीमारियों का घर बना दिया। तमंचे के साथ पुलिस ने इस आरोपी को गिरफ्तार कर उप कारागार हल्द्वानी भेजा था। जहां उसकी हालत बिगड़ गई। उसे एसटीएच से रेफर किया गया और रास्ते में उसकी मौत हो गई।

जेल अधीक्षक प्रमोद पांडे ने बताया कि आरोपी युवक की उम्र 30 वर्ष थी और वह मूल रूप से ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। इसी साल मार्च में ऊधमसिंह नगर की कुंडा थाना पुलिस ने उसे तमंचे के साथ गिरफ्तार किया था। तब से आरोपी जेल में था। बीती एक अप्रैल को उसकी हालत बिगड़ी तो एसटीएच में भर्ती कराया गया। स्वास्थ्य नहीं सुधरा तो उसे एम्स ऋषिकेश रेफर कर दिया गया। कालाढूंगी पहुंचने तक उसकी हालत और खराब हो गई। उसे नजदीकी स्वास्थ केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे फिर एसटीएच रेफर कर दिया। यहां सोमवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, मृतक मल्टीपल नशे की लती थी। जिसके चलते उसे 10 बीमारियां हो गई थीं। वह एचआईवी संक्रमित भी था। मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# नियालेख और बबियाड़ में बाघ का खौफ

## ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप लगाई सुरक्षा की गुहार, विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार:** धारी ब्लॉक के गुनियालेख ग्राम सभा एवं बबियाड ग्राम सभा (कालागाड़ी तोक) में पिछले तीन दिनों से बाघ का आतंक पुनः बढ़ गया है। लगातार विभिन्न स्थानों पर बाघ के देखे जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल है।

बाघ की सक्रियता के कारण स्कूल आने-जाने वाले बच्चों के साथ ही ग्रामीणों की दैनिक दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। कांग्रेस नेता मनोज शर्मा ने बताया कि पिछले कई महीनों से क्षेत्र में बाघ का आतंक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लगातार विभागीय अधिकारियों से पैदल रास्तों की सफाई और सोलर लाइट लगाने की मांग करते रहे, लेकिन अब तक न तो रास्ते साफ किए गए और न ही सोलर लाइट लगाई गई। उनका कहना है कि यदि समय रहते रास्ते साफ कर दिए जाते, तो बाघ को छिपने की जगह नहीं मिलती। वर्तमान में पैदल मार्ग झाड़ियों से भरे पड़े हैं।

वन विभाग की कार्यशैली पर नाराजगी जताते हुए मनोज शर्मा ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण ही बाघ बार-बार क्षेत्र में सक्रिय हो रहा है। इस दौरान उन्होंने वन विभाग से सभी पैदल रास्तों की सफाई, सोलर लाइट लगाने और गश्त बढ़ाने की मांग की। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएफओ नैनीताल से वार्ता कर ग्रामीणों की समस्या के समाधान के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में कांग्रेस नेता मनोज शर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य गुनियालेख अमित कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान युगल किशोर पलड़िया और संदीप जोशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल को ज्ञापन देते मनोज शर्मा व अन्य लोग। ● अमृत विचार


भीमताल में वन विभाग द्वारा पकड़ा गया बाघ। ● अमृत विचार

### सूर्या गांव में वन विभाग को बाघ पकड़ने में मिली सफलता

**भीमताल:** भीमताल विकासखंड के अंतर्गत सूर्या गांव में हंसी देवी को निवाला बनाने वाले बाघ को पकड़ने में वन विभाग को सफलता मिल गई है। मामले की जानकारी देते हुए वन क्षेत्राधिकारी नितिन पंत ने बताया कि देर रात बाघ को ट्रैंक्यूलाइज (बेहोश) कर पकड़ लिया गया और उसे रेस्क्यू सेंटर, रानीबाग भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि बाघ आदमखोर है या नहीं, इसकी पुष्टि के लिए आगे जांच की जा रही है। बाघ के पकड़े जाने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। पिछले कुछ दिनों से रानीबाग क्षेत्र में बाघ का आतंक बना हुआ था, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। ग्रामीण बाघ को मारने या उसे रेस्क्यू करने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे थे।

### पकड़े गए बाघ को रानीबाग भेजा

**भीमताल:** भीमताल विकासखंड के अंतर्गत सूर्या गांव में हंसी देवी को निवाला बनाने वाले बाघ को पकड़ने में वन विभाग में सफलता प्राप्त कर ली है। मामले की जानकारी देते हुए वन क्षेत्र अधिकारी नितिन पंत ने बताया कि देर रात बाघ को पकड़ा गया। और उसको रेस्क्यू सेंटर रानीबाग भेज दिया गया है। वहीं उन्होंने बताया कि बाघ आदमखोर है या नहीं। इसकी जांच के लिए आगे की कार्रवाई की जा रही है। इधर बाघ के पकड़े जाने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

### मानव-वन्यजीव संघर्ष: यूकेडी ने सीएम को ज्ञापन भेजा

**नैनीताल:** जिले में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने ठोस कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को यूकेडी नेताओं ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा गया कि फरवरी-अप्रैल 2026 में भीमताल में दो महिलाओं की मौत हुई और चार महीनों में आधा दर्जन से अधिक लोग मारे गए। दल ने मानव बस्तियों के आसपास बफर जोन बनाने, ड्रोन व जीपीएस निगरानी, स्मार्ट फेंसिंग व अलार्म सिस्टम लगाने की मांग की। पीड़ितों के लिए मुआवजा बढ़ाने, घायलों को मुफ्त इलाज और मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी देने की भी अपील की गई। ज्ञापन देने वालों में संरक्षक डॉ. नारायण सिंह जंतवाल, पूर्व चेयरमैन श्याम नारायण, खड़क सिंह, रवि, प्रताप बिष्ट, प्रताप पांडे, इंद्र सिंह, बबीता मनराल, विनोद कुमार, मनोज साह, लीला बोरा और चंद्र लाल साह शामिल रहे।

## सिटी ब्रीफ

### महिलाओं को मिले 33 फीसदी आरक्षण

**रामनगर:** सामाजिक कार्यकर्ता भूपाल सिंह तड़ियाल ने लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि देश में महिलाओं को उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व नहीं मिला है और सभी राजनीतिक दलों को आम राय बनाकर इसे लागू करना चाहिए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से राजधानी की स्थिति स्पष्ट करने, रामनगर-देहरादून रेल सेवा शुरू करने और कंडी मार्ग सड़क बनाने की भी मांग की। वहीं तड़ियाल ने बताया वह रामनगर से निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

### कोटाबाग के पांडे गांव में भीषण आग, फायर ब्रिगेड ने काबू पाया

**कोटाबाग:** मंगलवार को जूनियर हाई स्कूल पांडेगांव के पास जंगल में करीब 3.50 बजे भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। तेज हवाओं ने आग को तेजी से फैलाया, जिससे स्थानीय लोगों में डर का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड रामनगर की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात रही कि समय पर आग बुझा दी गई, जिससे किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। आग बुझाने में फायर ब्रिगेड के इंचार्ज कश्मीर सिंह, चालक भोपाल सिंह, फायरमैन पुष्कर रावत, नरेंद्र मेहता, विपिन कंबोज, अजित सिंह और प्रकाश पंत सक्रिय रहे।


विकास भवन भीमताल में आयोजित समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

# बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर हुआ विचार-विमर्श

संवाददाता भीमताल

- आवारा पशुओं को गौशाला पहुंचाने को वाहनों की कमी का मुद्दा उठा

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार, भीमताल में टाटा ट्रस्ट के उपक्रम हिमोत्थान सोसाइटी द्वारा जनपद नैनीताल में संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा को जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर परियोजना निदेशक चंदा फर्त्याल, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण नैनीताल ने की।

हिमोत्थान सोसाइटी ने अपने कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। अपर परियोजना निदेशक ने निर्देश दिए कि परियोजना अंतर्गत विकासखंड कार्यालयों में प्रत्येक माह की 2 और 15 तारीख की मासिक बैठकों में हिमोत्थान के कार्मिकों को भी आमंत्रित किया जाए, ताकि समन्वय और युगपतिकरण बेहतर हो सके।

बैठक में पशुपालन विभाग में आवारा पशुओं के निवारण के लिए वाहनों की कमी पर भी चर्चा हुई। निदेशक ने सुझाव दिया कि आवारा पशुओं को गौशाला ले जाने को हिमोत्थान परियोजना द्वारा जिला पंचायत वाहन का प्रस्ताव प्रेषित किया जाए।

बैठक में सहायक पशु चिकित्साधिकारी, मुख्य कृषि अधिकारी, उद्यान निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, ईई जल संस्थान, एई लघु सिंचाई, परियोजना प्रबंधक रीप, बीडीओ धारी सहित अन्य अधिकारी रहे।

# अवैध होटलों पर कार्रवाई की तैयारी

- नजूल भूमि पर बने रिजॉर्ट्स की जांच तेज, पांच संपत्तियां चिन्हित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** पर्यटन नगरी नैनीताल के आसपास संरक्षित पहाड़ी क्षेत्रों में सरकारी नजूल भूमि पर अवैध कब्जों के मामले में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए पंगोट और घुग्घुखान क्षेत्र में बने अवैध होटल और रिजॉर्ट्स के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। हालिया प्रशासनिक जांच में नैना देवी बर्ड कंजर्वेशन रिजर्व से सटे इन क्षेत्रों में बिना अनुमति व्यावसायिक निर्माण का खुलासा हुआ है। जांच में अब तक पांच संपत्तियां चिन्हित की गई हैं, जिन पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है।

प्रशासन के अनुसार, वर्ग-4 और वर्ग-5 की नजूल भूमि, जिसका उपयोग सीमित और निर्धारित उद्देश्यों के लिए होता है, उसे नियमों की अनदेखी करते हुए व्यावसायिक गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया। कई मामलों में यह जमीन सस्ते दामों पर बाहरी लोगों को बेचकर बिना वैध अनुमति भव्य रिजॉर्ट्स खड़े कर दिए गए।

**राजस्व को चूना, नियमों की खुली अनदेखी:** जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि नजूल भूमि का सुनियोजित तरीके से दुरुपयोग कर सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान पहुंचाया गया है। एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि शिकायतों के आधार पर शुरू हुई जांच में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं और पूरे जिले में नजूल भूमि की व्यापक जांच अभियान चलाने की तैयारी है।

### पर्यावरण पर भी मंडरा रहा खतरा

विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि बर्ड कंजर्वेशन रिजर्व के आसपास बढ़ती व्यावसायिक गतिविधियां स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरा बन रही हैं। कचरा, शोर और मानव हस्तक्षेप के कारण पक्षियों के प्राकृतिक आवास प्रभावित हो रहे हैं हाल मे हुई प्रारंभिक जांच के दायरे में आई संपत्तियों में हिमवंडर कैंप एंड रिजॉर्ट, मोक्ष हिमालयन कैंप साइट, द मिस्टिक प्वाइंट रिजॉर्ट, नैना बर्ड रिजॉर्ट और रूफ टॉप कॉटेज शामिल हैं। राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने इन मामलों में पट्टे निरस्त करने की संस्तुति करते हुए रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। एसडीएम नवाजिश खलीक के मुताबिक, जांच में अनियमितताएं प्रमाणित होने पर संबंधित पट्टे निरस्त किए जाएंगे और अवैध निर्माणों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का मानना है कि यह मामला अभी शुरुआती चरण में है और आगे और बड़े खुलासे हो सकते हैं।

# पत्नी से मारपीट के मामले में पति को तीन माह की सजा

संवाददाता, नैनीताल

- न्यायालय ने एक हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार:** न्यायिक मजिस्ट्रेट उर्वशी रावत की अदालत ने पत्नी के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पति मोनीस जलाल को दोषी करार देते हुए तीन माह के साधारण कारावास और एक हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में आरोपी को 10 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। प्रकरण 5 अगस्त 2023 का है।

मल्लीताल निवासी हुमैरा सिद्दीकी ने अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आरोप था कि बालकनी में कपड़े सुखाने के दौरान पति ने उनके साथ मारपीट की और उन्हें पांचवीं मंजिल से नीचे धक्का देने का प्रयास किया। इस दौरान महिला ने रेलिंग पकड़कर अपनी जान बचाई। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक अभियोजन अधिकारी सुनीता बोरा ने साक्ष्य प्रस्तुत किए। अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को भारतीय दंड संहिता की धारा 323 के तहत दोषी पाया। हालांकि साक्ष्यों के अभाव में उसे धारा 504 और 506 के आरोपों से बरी कर दिया गया। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि आरोपी द्वारा पूर्व में जेल में बिताई गई अवधि को सजा में समायोजित किया जाएगा। साथ ही आरोपी को फैसले के खिलाफ अपील करने के लिए 30 दिन का समय दिया गया है।

# भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल नहीं नई समय सारणी: शिक्षक संघ

संवाददाता, भीमताल

- नई समय सारणी पर भड़के शिक्षक फैसला वापस लेने की मांग



वंशीधर कांडपाल। नवीन चंद्र।

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के प्राथमिक विद्यालयों में नई समय सारणी को लेकर शिक्षकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संदर्भ में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री वंशीधर कांडपाल और जिला कोषाध्यक्ष नैनीताल नवीन चंद्र ने प्रेस वार्ता के दौरान अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के प्राथमिक विद्यालयों में बिना समुचित विचार-विमर्श के नई समय सारणी लागू किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक निर्णय है। उन्होंने बताया कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियां दुर्गम पहाड़ी मार्ग, तीव्र गर्मी, अचानक वर्षा, लू, नदीनाले एवं अन्य प्राकृतिक बाधाएं सीधे तौर पर बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं।

उन्होंने आगे कहा कि खेदजनक बात यह है कि उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ, जनपद नैनीताल द्वारा पूर्व में दिए गए व्यवहारिक और जमीनी सुझावों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया गया। शिक्षकों के अनुभव और सुझावों की उपेक्षा कर लिया गया कोई भी निर्णय न तो व्यावहारिक हो सकता है और न ही दीर्घकालिक रूप से सफल। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व से संचालित समय सारणी, जो राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप है, वर्तमान में सबसे उपयुक्त विकल्प है। नई समय सारणी को थोपना बच्चों के हितों के साथ समझौता करने जैसा है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने शासन और शिक्षा विभाग से इस निर्णय को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने तथा व्यवहारिक और बालहितैषी समय सारणी निर्धारित करने की मांग की है।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास भगत। ● अमृत विचार

### सीएम और विधायक के नेतृत्व में हो रहा विकास: विकास

**कालाढूंगी:** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने मंगलवार को नगर के वार्ड नंबर 2 में आयोजित जनमिलन कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने उनका पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर विकास भगत ने कहा कि सीएम पुष्कर धामी और विधायक बंशीधर भगत के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। विकास भगत ने नगरवासियों और कार्यकर्ताओं से विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकारों की योजनाओं की जानकारी भी दी। इस दौरान भाजपा नेता कुंदन बसेडा, कविता वालिया, सुरेंद्र सिंह, पंकज जोशी सहित अनेक नगरवासी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### टेनिस बैडमिंटन में वंश ने मोक्ष को हराया

**कालाढूंगी:** ऑप्टिमम टेनिस अकादमी, चूनाखान में आयोजित टेनिस बैडमिंटन प्रतियोगिता में मंगलवार को कई मुकाबले हुए। टूर्नामेंट में प्रमुख मुकाबलों में वंश बिष्ट ने वंश यादव को 6-0, 6-1 से, वंश नांदल ने मोक्ष रेडी को 6-2, 6-2 से पराजित किया। अन्य मुकाबलों में सजल केसरवानी ने अनीश प्रशांत को 6-3, 6-2, चंद्र सिद्धार्थ ने प्रशांत प्रोच को 5-7, 6-2, 6-4, चंद्रिल सूद ने अमनदीप सिंह को 6-4, 6-3, अंश हर्ष ने दक्ष सिंह को 6-3, 7-5, लक्षित सूद ने जयंत डिंगरा को 6-2, 6-1 से हराया। फरी एंटन डिसूजा ने अंपायरिंग की। टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत ने बताया कि बुधवार को सिंगल्स के बाद डबल्स मैच होंगे।

# मंत्री कैड़ा ने किया मार्ग का शिलान्यास

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार:** ओखलकांडा ब्लॉक के दूरस्थ क्षेत्र ढोलीगांव से मल्ली डनशीली, तल्ली डनशीली और गड़ूड़ा को जोड़ने वाले मोटर मार्ग का शिलान्यास कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने किया। करीब 4 करोड़ 95 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह मार्ग वर्षों से लंबित ग्रामीण मांग को पूरा करेगा।

सड़क न होने के कारण ग्रामीणों को सामान ढोने और मरीजों को मुख्य मार्ग तक पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। मार्ग बनने से क्षेत्र की बड़ी आबादी को राहत मिलेगी। मंत्री कैड़ा का ढोल-नगाड़ों के साथ ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विभिन्न गांवों में उनका भव्य स्वागत भी किया गया। मंत्री ने कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है।


ओखलकांडा क्षेत्र में केबिनेट मंत्री रामसिंह कैड़ा का स्वागत करते लोग।


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करते सदस्य। ● अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण और मानव-वन्यजीव संतुलन पर जोर

**नैनीताल:** चिया संस्था ने पुश्किन फर्त्याल स्मृति व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें नन्धौर वन्यजीव अभ्यारण के निदेशक कुंदन कुमार मुख्य वक्ता रहे। उन्होंने बैलेन्सिंग कन्जरवेशन एंड कॉन्फिलक्ट: द इन्वॉल्विंग रोल ऑफ फॉरेस्ट एडमिनिस्ट्रेशन इन उत्तराखंड विषय पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और मानव-वन्यजीव संघर्ष के बीच संतुलन बनाए रखने की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। चिया के अवैतनिक सचिव प्रो. आशीष तिवारी ने स्वर्गीय डॉ. पुश्किन फर्त्याल के जीवन व योगदान पर प्रकाश डाला। चिया के अध्यक्ष डॉ. ध्यानी, प्रो. ललित तिवारी, डॉ. श्रुति साह, डॉ. विनीता फर्त्याल, डॉ. महिका फर्त्याल, डॉ. जीसीएस नेगी, दीपा उपाध्याय, विनीता वर्मा, नीमा रौतेला, राम सिंह बिष्ट व अनिल सिंह रहे।

## निरीक्षण

### बारिश व ओलों से हुए नुकसान का लिया जायजा, मुआवजे का दिया आश्वासन

# धानाचूली में सीएचओ ने सुना किसानों का दर्द

संवाददाता, धानाचूली

**अमृत विचार:** बीते दो दिन पहले हुई ओलावृष्टि से क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान हुआ है। इसी क्रम में मुख्य उद्यान अधिकारी नैनीताल, प्रेमा राणा ने धानाचूली क्षेत्र का दौरा कर प्रभावित फसलों का स्थलीय निरीक्षण किया और किसानों की समस्याएं सुनीं।

सीएचओ प्रेमा राणा ने स्वयं स्वीकार किया कि ओलावृष्टि से क्षेत्र में व्यापक नुकसान हुआ है। इस दौरान राजस्व, कृषि एवं उद्यान विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है, ताकि किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जा सके। निरीक्षण के दौरान देवलीधार तोक सहित आसपास के क्षेत्रों में आलू, प्लम, मटर, गेहूं, जौ, आड़ू और कीवी की फसलों को भारी क्षति पहुंचने की पुष्टि हुई। किसानों ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी आजीविका पर सीधा असर डाला है।

सीएचओ राणा ने किसानों से संवाद करते हुए भविष्य में क्लस्टर आधारित कीवी खेती अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा कीवी की खेती को बढ़ावा देने के लिए तारबाड़ और नेट जैसी सुविधाएं सब्सिडी पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। साथ ही विभाग द्वारा 200 तक पौधे उपलब्ध कराने के साथ उत्पाद के लिए बाजार की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान धानाचूली की ग्राम प्रधान हंसा लोधियाल ने भी किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और प्रभावित किसानों को शीघ्र राहत दिलाने की मांग की। किसानों को उम्मीद है कि प्रशासन द्वारा किए जा रहे संयुक्त निरीक्षण के बाद उन्हें शीघ्र ही राहत और मुआवजा मिल सकेगा।


धानाचूली में प्लम के नुकसान का जायजा लेतीं सीएचओ प्रेमा राणा। ● अमृत विचार

> तहसील के अंतर्गत ओलावृष्टि से हुए नुकसान का निरीक्षण राजस्व, उद्यान और कृषि विभाग की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। जहां-जहां ओलावृष्टि हुई है, वहां की रिपोर्ट तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। मानकों के अनुसार किसानों को मुआवजा वितरित किया जाएगा। **-मनीषा बिष्ट**, तहसीलदार धारी

> धानाचूली में ओलावृष्टि का निरीक्षण किया गया, जहां प्लम, आड़ू, मटर और आलू की फसलों को काफी नुकसान हुआ है। संयुक्त रिपोर्ट तैयार होने के बाद जिलाधिकारी को भेजी जाएगी और निर्धारित मानकों के अनुसार ही बागबानों को मुआवजा मिल सकेगा। **- प्रेमा राणा**, मुख्य उद्यान अधिकारी, नैनीताल

### ज्यूडिशियल कप क्रिकेट प्रतियोगिता 17 अप्रैल से

**नैनीताल:** हाईकोर्ट ऑफिशियल्स स्पोर्ट्स क्लब के तत्वावधान में नैनीताल के डीएसए मैदान में 17 अप्रैल से 14वीं ज्यूडिशियल कप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में केवल 35 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे, जिन्हें आयु प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा। इच्छुक टीमें 14 अप्रैल तक 3500 रुपये (प्रवेश व बॉल शुल्क) जमा कर पंजीकरण करा सकती हैं।

टीमों को 16 खिलाड़ियों की सूची पहले देनी होगी। लीग मैच 15 ओवर और नॉकआउट मैच 20 ओवर के होंगे। सभी मैच सफेद ड्रेस में खेले जाएंगे और टीमों को खेल सामग्री स्वयं लानी होगी। अधिक जानकारी के लिए सचिव जेके लखेड़ा (9690220616/ 9412986376) व रवि जोशी (9411199200)से संपर्क किया जा सकता है।

# भीमपुरी गांव की खुली बैठक में पेयजल समेत कई समस्याएं उठीं

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचार:** मंगलवार को कोटाबाग ब्लॉक के भीमपुरी-उदयपुरी में ग्राम पंचायत भवन में ग्राम सभा की पहली खुली बैठक आयोजित हुई। बैठक का शुभारंभ ग्राम प्रधान वर्षा, जिपंस अनीता आर्या और क्षेपंस मनोहर लाल ने किया। बैठक में ग्राम पंचायत अधिकारी महजबीन और ग्राम विकास अधिकारी महेश पंत ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने दो माह में दो बार पेयजल नलकूप खराब होने पर रोष व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि गर्मी में पेयजल की कमी के कारण उन्हें गंदा पानी पीने या दूर से पानी ढोने के लिए मजबूर होना पड़ता है। बैठक में ग्रामीणों ने राशन कार्ड केवाईसी, मनरेगा कार्यों की स्थिति,

नाली निर्माण की मांग, पेयजल आपूर्ति आदि समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद कुमार ने योजनाओं की प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने की मांग की, ताकि ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। जिपंस अनीता आर्या ने जल संस्थान से नलकूप ठीक होने तक टैंकर के माध्यम से पानी वितरण की व्यवस्था करने का सुझाव दिया। बैठक में पूर्व ग्राम प्रधान अनिल चन्याल और अन्य ग्रामीण भी उपस्थित रहे।


कालाढूंगी में पंचायत की खुली बैठक में समस्याएं दर्ज कराते लोग। ● अमृत विचार

सिटी ब्रीफ

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सही पोस्चर पर जोर

हल्द्वानी : विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. अंकिता चन्दना ने किया, जो डॉ. अंकिता हेल्थकेयर फिजियोथैरेपिस्ट एवं फिटनेस सेंटर की संचालक हैं। यह वर्कशॉप एक्सीलेंट एकेडमी में आयोजित हुई, जिसमें छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में "बॉडी एर्गोनॉमिक्स" और "पोस्चर केयर" पर जानकारी दी गई। डॉ. चन्दना ने बताया कि गलत बैठने की आदतें शरीर में दर्द और अन्य समस्याओं का कारण बनती हैं। उन्होंने 90-90 रूल के तहत सही बैठने की मुद्रा अपनाने, कार्य के दौरान नियमित ब्रेक लेने और कार्यस्थल की सही सेटिंग बनाए रखने की सलाह दी। संतुलित आहार, पर्याप्त पानी और कैल्शियम, विटामिन डी3 व बी12 के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कहा समस्या हो, तो बिना देरी किए फिजियोथैरेपिस्ट से संपर्क कर परामर्श लेना चाहिए।

महिला रामलीला में मंगलवार को सुग्रीव मैत्री व बाली वध का दृश्य देख दर्शक रोमांचित

# रामलीला में राम-शबरी प्रसंग का जीवंत मंचन



उत्तराखंड में इन दिनों रामलीला मंचन के माध्यम से भी महिला सशक्तीकरण का संदेश दिया जा रहा है। इस संदेश को और व्यापक बनाने के उद्देश्य से गढ़वाल हो या कुमाऊं क्षेत्र, रामलीला में राम से लेकर रावण हर एक किरदार महिलाएं निभा रही हैं। खास बात है कि यह सभी महिलाएं गृहिणी हैं जो सुबह घर का कामकाज निबटाने के बाद दोपहर से शाम तक मंचन करती हैं। यहां तक कि कई मंच पर तो कई महिलाएं पर्दे के पीछे साज-सज्जा व मंचन की अन्य तैयारियों में अपनी भूमिका निभा रही हैं।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** पुनर्नवा महिला समिति व महिला रामलीला पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच, हीरानगर के तत्वावधान में आयोजित महिला रामलीला के चतुर्थ वर्ष के सप्तम दिवस पर राम-शबरी प्रसंग, सुग्रीव मैत्री और बाली वध का मंचन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा, भक्ति और उत्कृष्ट अभिनय का समन्वय देखने को मिला, जिसने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रजवार की ओर से दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों



उत्थान मंच में आयोजित महिला रामलीला में राम-शबरी प्रसंग का भावपूर्ण मंचन।

ने आयोजन की सराहना करते हुए महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक संरक्षण के इस प्रयास को प्रेरणादायक बताया। मंचन के दौरान 'रामा रामा रटते रटते बीती रे उमरिया, रघुकुल नंदन कब आओगे मिलनी की नगरिया' जैसे भजनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कलाकारों ने अपने सशक्त अभिनय से दर्शकों को रामायण के प्रसंगों से जोड़कर रखा। आज के प्रमुख पात्रों में राम की भूमिका सुप्रभा, लक्ष्मण की लक्षिता, शबरी की लीला कोठारी, हनुमान की ममता बिष्ट, सुग्रीव की भावना और बाली की भूमिका किरण धर्म सत्तू ने निभाई।

- कलाकारों के अभिनय ने दर्शकों को किया भावविभोर
- दर्जा मंत्री रेनू व क्षत्रिय महासभा अध्यक्ष रजवार ने किया शुभारंभ

तारा के रूप में ज्योति, बाल अंगद के रूप में कनिका, वानर सेना में अक्षिता, रोली, मनस्वी, मैत्री और आन्या ने शानदार प्रस्तुति दी।

इसके अतिरिक्त संपाती की भूमिका स्नेहा, जामवंत की रंजना जोशी व नल-नील के रूप में जानकी और सरिता ने भी सराहनीय अभिनय किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और सभी ने कलाकारों के प्रदर्शन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। आयोजन समिति ने सभी सहयोगियों और दर्शकों का आभार व्यक्त किया।

# स्कूल में ऊर्दू शिक्षक नहीं कैसे पढ़ाई करें विद्यार्थी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** तहसील परिसर में आयोजित तहसील दिवस में नगर निगम के वार्ड संख्या 32 के लोग बड़ी संख्या में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे।

स्थानीय लोगों ने राजकीय इंटर कॉलेज (बालक) में उर्दू अध्यापक की नियुक्ति की मांग उठाते हुए बताया कि विद्यालय में करीब 80 प्रतिशत अल्पसंख्यक समाज के छात्र अध्ययनरत हैं, लेकिन उर्दू शिक्षक न होने के कारण वे विषय से वंचित हैं। इसके अलावा इंदिरा नगर वार्ड 32 में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप पर चिंता जताते हुए नगर निगम से दवाई का छिड़काव कराने की मांग की गई। मोहम्मदी चौक, दुर्गा मंदिर मार्ग और इंदिरा नगर बड़ी रोड की टूटी पुलियों के निर्माण की भी मांग उठाई गई। पार्षद जेबा सलमानी ने उत्तराखंड खाद्य एवं पूर्ति विभाग की वेबसाइट लंबे समय से बंद होने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि इसके कारण नए राशन कार्ड नहीं बन पा रहे हैं और आयुष्मान कार्ड सहित अन्य जरूरी कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत और इंदिरा नगर की छोटी व बड़ी सड़कों पर जाम पड़ी नालियों की सफाई की मांग भी रखी। कुमारी आलिया और कुमारी मेहनाज ने बताया कि नालियां कूड़े और मिट्टी से भरी पड़ी हैं, जिससे क्षेत्र में बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। इस दौरान शकील सलमानी, मसरूर अहमद, अनस अहमद, रफीक अहमद सलमानी, वसीम खान, शाहिद मौजूद रहे।

# 26 स्कूलों के सभी शिक्षक जनगणना ड्यूटी में

## इन स्कूलों में ताले लगने की नौबत, शिक्षण कार्य होगा बाधित, शिक्षकों ने जनगणना अधिकारी को भेजा पत्र

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले में जनगणना प्रक्रिया शुरू होते ही स्कूलों की शैक्षणिक व्यवस्था पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। बड़ी संख्या में शिक्षकों को जनगणना कार्य में लगाए जाने से शिक्षण कार्य सहित अन्य जरूरी गतिविधियां प्रभावित हो सकती हैं।

ब्लॉक के 26 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के सभी शिक्षकों का नाम भी जनगणना ड्यूटी लिस्ट में शामिल है। जिससे इन स्कूलों में शिक्षण कार्य बाधित होने की संभावना है। ब्लॉक के 46 स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और सहायक अध्यापकों को इस कार्य में लगाया गया है। जिससे पीएम पोषण सहित अन्य शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्य प्रभावित होने की आशंका है।

वहीं, हल्द्वानी ब्लॉक के राप्रावि छड़ायल में कार्यरत दिव्यांग सहायक अध्यापक प्रकाश शर्मा की भी जनगणना में ड्यूटी लगाई गई है। उन्हें चलने-फिरने में दिक्कत है। इसके अलावा अगले माह सेवानिवृत्त होने जा रहे कठघरिया के सहायक अध्यापक



जनगणना का प्रतीकात्मक एआई फोटो। ● अमृत विचार

### इन 26 स्कूलों के सभी शिक्षकों का नाम शामिल

हल्द्वानी : ब्लॉक के 26 राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के सभी शिक्षकों का नाम भी जनगणना ड्यूटी लिस्ट में शामिल है। जिससे इन स्कूलों में शिक्षण कार्य बाधित होने की संभावना है। इनमें राजकीय प्राथमिक विद्यालय हैड़ागज्जर, राप्रावि दानीबंगर, राप्रावि गुसाईंपुर, बसानी, इंद्रानगर मब्दा, रेलवे काठगोदाम, समता योग आश्रम, खेड़ा, भवानीपुर, नवाड़सेलनी, कमलुवागांजा, राजपुरा बालक व बालिका स्कूल, कुंवरपुर, फूलचौड़, जीतपुर, घोड़ानाला, भगवानपुर धुनी, मोतीनगर, बेलबाबा, दीना, कठघरिया, सुभाषनगर, चांदनीचौक इंद्रानगर और राप्रावि तपस्यानाला शामिल है।

आन सिंह मेहता को भी इस कार्य में शामिल किया गया है। 55 वर्ष से अधिक आयु के कई शिक्षकों को भी इस ड्यूटी में लगाया गया है। शिक्षकों ने इसे लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के जनगणना अधिकारी को पत्र भेजा है। सीईओ नैनीताल गोविंद राम जायसवाल ने बताया कि जनगणना ड्यूटी में कई स्कूलों के सभी शिक्षकों और दिव्यांग की ड्यूटी लगने का मामला संज्ञान में आया है। इसे लेकर शासन में उच्चाधिकारियों से वार्ता की जाएगी। नए दिशानिर्देशों के बाद जरूरी संशोधन किए जाएंगे।

# डिजिटल माध्यम से की जाएगी जनगणना, पहला चरण 25 से

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** प्रदेश भर के साथ-साथ नैनीताल में भी 25 अप्रैल से जनगणना का काम शुरू होगा। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल ने बताया कि उत्तराखंड में भारत की जनगणना-2027 का कार्य विभिन्न चरणों में डिजिटल माध्यम से संपन्न किया जाएगा। इस बार जनगणना पूरी तरह मोबाइल एप्लीकेशन आधारित होगी तथा इसका प्रबंधन एवं निगरानी सीएमएमएस पोर्टल के माध्यम से किया जाएगा।

बताया कि जनगणना का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं गणना 25 अप्रैल से 24 मई तक चलेगा। इस दौरान नियुक्त पर्यवेक्षक एवं प्रगणक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण और गणना करेंगे। द्वितीय चरण का कार्य 09 फरवरी, 2027 से 28 फरवरी, 2027 तक किया जाएगा, जिसमें प्रगणक घर-घर जाकर जनसंख्या संबंधी जानकारी एकत्र करेंगे। बताया कि इस बार नागरिकों की सुविधा के लिए स्व-गणना का विकल्प भी उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक परिवार 10 अप्रैल से 24 अप्रैल तक आधिकारिक पोर्टल https://se-census-gov-in पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए पहले मोबाइल नंबर से पंजीकरण, ओटीपी सत्यापन, भाषा चयन, जिला व पिन कोड दर्ज कर मानचित्र पर निवास स्थान चिन्हित करना होगा। जानकारी सबमिट करने के बाद प्राप्त एसई आईडी को सुरक्षित रखना होगा, जिसे प्रगणक के आने पर दिखाना आवश्यक होगा। डीएम ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करें और घर पर आने वाले प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध कराएं अथवा अधिक से अधिक संख्या में स्व-गणना सुविधा का लाभ लें।

# बिजली 9 से 23 अप्रैल तक दिनभर रहेगी गुल



संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आगामी दिनों में बिजली गुल रहेगी। ऊर्जा निगम की ओर से जारी रोस्टर जारी कर बताया गया है कि नहर के पुनर्निर्माण और पेड़ों की छटाई कार्य के चलते कई फीडरों की बिजली सप्लाई बंद रखी जाएगी। विभाग के अनुसार, 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक अलग-अलग क्षेत्रों में सुबह से शाम तक बिजली का शटडाउन रहेगा। इस दौरान 33 केवी और 11 केवी लाइनों से जुड़े कई इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी।

अलग-अलग स्थानों पर निर्धारित समय के अनुसार शटडाउन किया जाएगा। यह कटौती सुबह 10 बजे से शाम 5:30 तक की जाएगी। ऊर्जा निगम के ईई प्रदीप कुमार ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित समय के अनुसार वैकल्पिक व्यवस्था कर लें, जिससे असुविधा से बचा जा सके।

### क्षेत्रवार बिजली शटडाउन की सूची

- 9 अप्रैल (गुरुवार) : नवाबी रोड-2 गायत्री नगर और 33/11 केवी उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।
- 10 अप्रैल (शुक्रवार) : नवाबी रोड-2 सहित 33 केवी व 11 केवी लाइन से जुड़े विभिन्न इलाके।
- 11 अप्रैल (शनिवार) : नवाबी रोड-2 व अन्य संबंधित फीडर क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी।
- 14 अप्रैल (मंगलवार) : शीशमहल, गांधी नगर और नई बस्ती क्षेत्र प्रभावित।
- 16 अप्रैल (गुरुवार) : मुखानी, राजपुरा, शीशमहल, कालीचौड़, नैनीताल रोड और धान मिल क्षेत्र में शटडाउन।
- 18 अप्रैल (शनिवार) : दो-नहरिया, सेंट पॉल स्कूल क्षेत्र, काठगोदाम टाउन, बाजार और मंडी क्षेत्र प्रभावित।
- 21 अप्रैल (मंगलवार) : कालीचौड़ और रामपुर रोड क्षेत्र में बिजली कटौती।
- 23 अप्रैल (गुरुवार) : हल्द्वानी (नलकूप/संबंधित फीडर क्षेत्र) में शटडाउन रहेगा।

## टैक्स नोटिस का टीपी नगर के व्यापारियों ने किया विरोध

**हल्द्वानीः** ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों ने नगर निगम द्वारा भेजे गए कमर्शियल टैक्स नोटिस का विरोध किया है। इसको लेकर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष विपिन गुप्ता और महामंत्री हर्षवर्धन पांडे के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त परितोष वर्मा से मुलाकात की।

व्यापारियों ने बताया कि जब ट्रांसपोर्ट नगर को नगर निगम में शामिल किया गया था, तब सरकार ने 10 साल तक कोई टैक्स न लेने का वादा किया था। इसके बावजूद अब टैक्स के नोटिस भेजे जा रहे हैं, जिससे व्यापारियों में नाराजगी है। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने इस फैसले को गलत बताते हुए तुरंत कार्रवाई की मांग की। ट्रांसपोर्ट नगर के अन्य पदाधिकारियों ने भी नोटिस जारी करने का विरोध किया। जिसको लेकर उन्होंने अपनी इस मांग को लेकर नगर आयुक्त परितोष वर्मा को ज्ञापन सौंपा। नगर आयुक्त ने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही ट्रांसपोर्ट नगर में कैंप लगाकर समस्या का समाधान किया जाएगा। इस दौरान विरोध जताने वालों में प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना, इंदु कुमार भूटियानी, राजेश पूरी, शंकर भूटियानी, ट्रांसपोर्ट नगर महामंत्री खेमानंद शर्मा रहे।

# प्रकाश पर्व पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा में साहिब गुरु अर्जन देव और नौवें पातशाह गुरु तेग बहादुर का प्रकाश पर्व मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सेवक परिवार हल्द्वानी, स्थानीय संगत और प्रबंधन कमेटी की ओर से आयोजित इस भव्य गुरमत समागम में हजारों श्रद्धालुओं ने कीर्तन रस का आनंद लिया।

सुबह के दीवान की शुरुआत हेड ग्रंथी भाई ठाकुर सिंह की कथा से हुई। इसके बाद हजूरी कीर्तनिए भाई प्रभु सिंह खालसा ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। स्थानीय युवा जसपाल सिंह, दलजीत सिंह, तनप्रीत सिंह और वीरेंद्र सिंह (वीरू) की मधुर प्रस्तुतियों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। विशेष रूप से दरबार



गुरुद्वारा गुरु नानकपुरा में प्रकाश पर्व के अवसर पर उमड़ी संगत। ● अमृत विचार

साहिब अमृतसर से आए भाई शुभजीत सिंह के कीर्तन ने संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम के दीवान में पटियाला से आई जसप्रीत कौर का विशेष कीर्तन आकर्षण का केंद्र रहा।

कार्यक्रम में नौजवान वीरों ने गुरु ग्रंथ साहिब की परिक्रमा में शामिल होकर श्रद्धा व्यक्त की। साथ ही जसपाल सिंह, दलजीत सिंह, जगजीत सिंह और अवनीत सिंह ने समूह संगत के साथ नौवें महले के श्लोक का सामूहिक गायन किया गया। प्रबंधन कमेटी के मुख्य सेवादार रमनदीप सिंह सहनी और सेवक परिवार ने इस सफल आयोजन के लिए समूह संगत का आभार व्यक्त किया। समागम के दौरान गुरु का अटूट लंगर भी वितरित किया गया।

# बागेश्वर, हरिद्वार और चंपावत ने जीता मैच

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड और जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सीनियर पुरुष वर्ग अंतर जिला क्रिकेट लीग में मंगलवार को तीन मुकाबले खेले गए।

पहले मैच में अल्मोड़ा ने बागेश्वर को 140 रन का लक्ष्य दिया, जिसे बागेश्वर ने 18वें ओवर में एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। विलास जोशी मैन ऑफ द मैच बने। दूसरे मुकाबले में नैनीताल ने हरिद्वार के खिलाफ 208 रन बनाए। जवाब में हरिद्वार ने आयुष चौहान की नाबाद 106 रन की शतकीय पारी की बदौलत 6 विकेट से जीत दर्ज की। तीसरे मैच में चंपावत ने टिहरी को 261 रन का लक्ष्य दिया। टिहरी की टीम 188 रन पर ऑलआउट हो गई और चंपावत ने 73 रन से जीत दर्ज की। अभय मैन ऑफ द मैच रहे।

### केसीसी ने धम्मू एकादश को 17 रनों से हराया

हल्द्वानी : लीग मैचों में मंगलवार को केसीसी गोलापार ने धम्मू एकादश को 17 रनों से हराकर जीत दर्ज की। कम स्कोर वाले इस मैच में गेंदबाजों का दबदबा रहा, लेकिन अंत में केसीसी गौलापार ने बाजी मार ली। केसीसी की शुरुआत धीमी रही। पूरी टीम 18.1 ओवर में 101 रन पर ऑल-आउट हो गई। 102 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी धम्मू एकादश की टीम 14.3 ओवर में 84 रन पर ऑल-आउट हो गई। केसीसी के अमित तोमर 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए।

# रिटायर कर्मी भाजपा में हुए शामिल



हल्द्वानी में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भाजपा में शामिल कराते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

- कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने कराया शामिल

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने मंगलवार को हिम्मतपुर मल्ला एवं भगवानपुर शक्तिकेंद्रों में बूथ कार्यकर्ताओं एवं जनता के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों को भाजपा की जनहित नीतियों के बारे में बताया। साथ ही कईयों ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की।

विधायक भगत ने सभी नए सदस्यों का फूल माला पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए कहा कि भाजपा राष्ट्रहित, सेवा और विकास के सिद्धांतों पर काम करने वाली एक मजबूत संगठन है। समाज के अनुभवी और जागरूक लोगों का भाजपा से जुड़ना संगठन के लिए नई ऊर्जा का कार्य करेगा तथा इससे संगठन और अधिक सशक्त होगा।

विधायक ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक विषयों पर भी चर्चा की तथा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस दौरान सूर्यप्रकाश पडलिया, बलवंत सिंह भोजक, प्रवीण सिंह चुफाल, सुन्दर सिंह चौहान ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान आनंद दुर्गापाल, शोभन सिंह भड़, महेश शर्मा, पार्षद चंद्रप्रकाश आर्या, प्रमोद पंत, गीता पांडे, प्रकाश पटवाल, परमजीत पम्मा, गोविन्द बिष्ट, दिनेश सिंह बर्थी, डूंगर तोलिया, राजेंद्र फर्तियाल, बीएस असवाल आदि रहे।

समस्या

सभासद प्रकाश चंदोला ने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल और सीईओ को सौंपा ज्ञापन

# स्कूल पर निजी प्रकाशकों की किताब मंगाने का आरोप

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** हरमन माइनर इंटर कॉलेज, भीमताल में एनसीईआरटी पुस्तकों के अतिरिक्त निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें छात्रों से मंगाए जाने का मामला सामने आया है। इसे लेकर अभिभावकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।

क्षेत्र के सभासद प्रकाश चंदोला ने जिलाधिकारी और मुख्य शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन के माध्यम से शिकायत की है कि विद्यालय द्वारा छात्रों को एनसीईआरटी के अलावा निजी प्रकाशकों की



रामनगर में किताब की एक दुकान में छापेमारी करते एसडीएम जीएस चौहान।

अतिरिक्त और महंगी किताबों की सूची दी जा रही है। आरोप है कि इससे गरीब और मध्यम वर्गीय अभिभावकों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। सभासद का कहना है कि इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाचार्या से भी वार्ता की गई, लेकिन उनकी ओर से संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

उन्होंने इसे शासनादेश का उल्लंघन बताते हुए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। शिकायत में कहा गया है कि बड़ी संख्या में अभिभावक इस मुद्दे को लेकर उनके पास पहुंच रहे हैं और महंगी किताबें खरीदने को मजबूर हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इस व्यवस्था को तत्काल समाप्त कराया जाए, ताकि अभिभावकों को राहत मिल सके।

### किताबों की दुकान में प्रशासन की छापेमारी

नैनीताल : जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर मंगलवार को जिले भर में स्टेशनरी (किताब) की दुकानों पर निरीक्षण अभियान चलाया गया। परगनाधिकारियों के नेतृत्व में हल्द्वानी, रामनगर, नैनीताल, कोटाबाग, बेतालघाट और कैंचीधाम में जांच की गई। अधिकारियों ने जांचा कि कहीं स्कूल अभिभावकों को किसी विशेष दुकान से किताबें खरीदने के लिए बाध्य तो नहीं कर रहे या निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें अनिवार्य तो नहीं की जा रहीं। साथ ही एनसीईआरटी पुस्तकों की उपलब्धता और अधिक कीमत वसूली की शिकायतों की भी पड़ताल की गई। हल्द्वानी में कई स्कूलों में एनसीईआरटी के साथ महंगी निजी किताबें अनिवार्य पाई गईं, जिस पर कार्रवाई के लिए मुख्य शिक्षा अधिकारी को संस्तुति भेजी गई है। अन्य क्षेत्रों में भी खामियों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने अभियान जारी रखने की बात कही है।

## विशाल भोजक बने यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष



**हल्द्वानीः** भारतीय युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में कुमाऊं का दबदबा रहा। हल्द्वानी के युवा नेता विशाल सिंह भोजक ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर बड़ी जीत दर्ज की। उन्हें 38,242 वोट मिले। परिणाम घोषित होते ही हल्द्वानी और रामनगर में जश्न का माहौल है। रामनगर के सुमित लोहनी प्रदेश महासचिव चुने गए, जबकि विकास ने विधानसभा अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। नैनीताल जिले में भी कई युवा नेताओं ने अहम पदों पर सफलता पाई। रामनगर के सुमित लोहनी प्रदेश महासचिव चुने गए। देहरादून निवासी अभय कत्यूरा प्रदेश महासचिव, सौरभ ममगाईं और अंसल रावत प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं।





विशेष सफाई अभियान के दौरान मौजूद नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी।

### वार्ड 57 में चलाया विशेष सफाई अभियान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम की ओर से मंगलवार को वार्ड 57 तल्ला मानपुर और मंडी बाईपास, बरेली रोड में स्वच्छता विशेष अभियान और जागरूकता रैली निकाली गई। मेयर के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में लगभग 50 लोगों ने भाग लिया, जिनमें नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सफाई निरीक्षकों सहित सफाई कर्मचारी, स्थानीय लोगों और बैंणी सेना के सदस्य शामिल रहे। अभियान के दौरान आम जनता को क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान सड़कों और नालियों की सफाई, कूड़ा एकत्र करने के साथ ही जागरुकता गतिविधियां चलाई गईं। इस दौरान दुकानदारों और आम लोगों को डस्टबिन का उपयोग करने और अपने आसपास सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही यह भी बताया गया कि खुले में कचरा डालने से से बीमारियां फैलती हैं।

अमृत विचार
हल्द्वानी, बुधवार,8 अप्रैल 2026
रुद्रपुर

## सिटी ब्रीफ

### न्याय के लिए कटा हाथ लेकर भटक रही महिला

**रुद्रपुर :** सिडकुल स्थित एक कंपनी में कार्य के दौरान अपना हाथ गंवा चुकी महिला न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर है। पीड़िता गीता देवी 4 फरवरी 2026 को प्रेस मशीन पर काम करते समय दुर्घटना का शिकार हो गई थीं, जिसमें उनका बायां हाथ कट गया था। पीड़िता का आरोप है कि कंपनी प्रबंधन ने इलाज और मुआवजे का आश्वासन दिया था, लेकिन बाद में पल्ला झाड़ लिया। घर की इकलौती कमाने वाली गीता देवी अब अपना कटा हुआ हाथ लेकर डीएम कार्यालय और पुलिस चौकियों के चक्कर काट रही हैं। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उचित मुआवजे, कार्रवाई और वैकल्पिक रोजगार की मांग की है। पीड़िता ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुनवाई नहीं हुई, तो वह परिवार सहित कलेक्ट्रेट पर धरना देंगी।

### बच्चों के विवाद में भिड़े दो पक्ष, क्रॉस केस दर्ज

**रुद्रपुर :** कोतवाली क्षेत्र की रंपुरा बस्ती में बच्चों के मामूली विवाद ने तूल पकड़ लिया, जिसके बाद दो परिवारों के बीच जमकर मारपीट और गाली-गलौज हुई। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खेड़ा कॉलोनी निवासी प्रियंका ने आरोप लगाया कि पड़ोस की काजल और उसके पति राहुल ने उनके साथ हाथापाई की और हत्या की धमकी दी। वहीं, दूसरी ओर काजल का आरोप है कि प्रियंका और उसके परिजनों ने उनके साथ मारपीट की और उनके तीन वर्षीय मासूम बेटे को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की छानबीन की जा रही है।

### निबंध और पोस्टर में अनुपमा व तनुजा अव्वल

**रुद्रपुर :** एसबीएस महाविद्यालय में संस्कृत विभाग में विभागीय परिषद का गठन किया गया। इस दौरान विभाग की ओर से निबंध, पोस्टर, श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। मंगलवार को महाविद्यालय में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में अनुपमा ने पहला, तनुजा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह पोस्टर प्रतियोगिता में तनुजा ने पहला, आकाश ने दूसरा और संजना व निखिल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाद प्राचार्य ने सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर प्रो. सर्वजीत सिंह, प्रो.आशा राणा, प्रो. वीएच खान, डॉ. अलंकृता बिष्ट, डॉ. मनोज कुमार, संस्कृत विभाग की प्रभारी डॉ. निमिता कन्याल उपस्थित रहे।

### दुर्घटना पीड़ित को भेंट की निशुल्क व्हीलचेयर

**किच्छा :** क्षेत्र की समाजसेवी संस्था ''धरा सेवा फाउंडेशन'' ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए एक दुर्घटना पीड़ित युवक की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। संस्था ने ग्राम नजीबाबाद निवासी धर्मेंद्र कुमार को निशुल्क व्हीलचेयर उपलब्ध कराई। बता दें कि मेहनत-मजदूरी करने वाले धर्मेंद्र कुछ समय पूर्व सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रीढ़ की हड्डी और पैरों में फ्रैक्चर के कारण उन्हें दैनिक कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए संस्था अध्यक्ष विभा तिवारी और सचिव प्रदीप सिंह खालसा की टीम धर्मेंद्र के घर पहुंची और उन्हें व्हीलचेयर प्रदान की। इस मदद को पाकर भावुक हुए परिजनों ने संस्था का आभार जताया।

### 4.36 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**किच्छा :** नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलभट्टा थाना पुलिस ने एक आरोपी को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4.36 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद की है। जानकारी के अनुसार, उपनिरीक्षक धीरज वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ग्राम बरा क्षेत्र में गश्त पर थी। इस दौरान नौली-पटवारा तिराहे के पास एक संदिग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर पकड़े गए युवक की पहचान जसवंत सिंह निवासी ग्राम बरा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने कबूला कि उसने यह नशा नानकमत्ता निवासी एक युवक से खरीदा था।

---

विवि के 37वें दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी बोले-देश को खाद्यान्न उत्पादन में बनाया आत्मनिर्भर

# जीबी पंत विवि भारतीय कृषि के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिलाः जोशी

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचारः** विशिष्ट अतिथि कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय को भारतीय कृषि के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताते हुए कहा कि यही वह पावन भूमि है, जिसने हरित क्रांति को नई दिशा दी। साथ ही देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया।

मंगलवार को गांधी हाल में 37वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री ने विश्वविद्यालय ने विकसित उन्नत फसलों-पंत धान, पंत गेहूं, पंत मक्का, पंत सरसों और पंत सोयाबीन का उल्लेख करते हुए कहा कि ये आज भी देशभर के किसानों के लिए विश्वास का प्रतीक हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान-हितैषी नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि अब प्रयास यह है कि प्रयोगशालाओं में विकसित ज्ञान सीधे खेतों तक पहुंचे।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए बताया कि किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से करोड़ों किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही है। साथ ही उत्तराखंड सरकार की विभिन्न योजनाओं-मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना, फल प्रोत्साहन योजना, जैविक खेती योजना और सूक्ष्म सिंचाई योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 का जिक्र करते हुए मिलेट्स (श्री अन्न) के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो अनाज कभी गरीबों का भोजन माना जाता था। वही अब स्वास्थ्यवर्धक आहार के रूप में वैश्विक पहचान बना चुका है।

उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के मिलेट्स गुणवत्ता के मामले में देश में अग्रणी हैं और मधुमेह जैसी बीमारियों में भी लाभकारी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण और 'लखपति दीदी- जैसी योजनाओं की सराहना करते हुए किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के प्रयासों को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ देशवासियों के सामूहिक प्रयासों से भारत आत्मनिर्भर बनने के साथ-साथ अन्य देशों को खाद्यान्न सहायता प्रदान कर रहा है। उन्होंने इसे नए भारत की पहचान बताया। कुलसचिव डॉ. दीपा विनय ने समारोह का संचालन किया। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय देहरादून की कुलपति डॉ.तृप्ता ठाकुर, सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कुलपति प्रोफेसर सतपाल सिंह, उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के कुलपति प्रोफेसर नवीन चंद्र लोहानी, कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रोफेसर दीवान सिंह रावत, उत्तराखंड की लोक गायिका पद्श्री डॉ. माधुरी बडथ्वाल, विश्वविद्यालय की प्रबंध परिषद् एवं विद्वत परिषद् के सदस्यों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के महाविद्यालयों के संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

### भारतीय विवि वैश्विक स्तर पर बना रहे पहचान

सांसद अजय भट्ट ने कहा कि देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों अल्मोड़ा, नैनीताल एवं अन्य संस्थानों में उत्कृष्ट कार्य हो रहा है जो भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। वर्ष 2047 का उल्लेख करते हुए कहा कि जब भारत अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूर्ण करेगा, तब आज के युवा ही देश के नेतृत्व में होंगे। ऐसे में उन्हें अभी से देश की जनसंख्या, कृषि, जल प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीरता से विचार करना होगा।

### हरित क्रांति की ऐतिहासिक भूमि का प्रतीक है विवि

कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्वविद्यालय देश में हरित क्रांति की ऐतिहासिक भूमि का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि विश्व प्रसिद्ध वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग ने भी इसे हरित क्रांति की जन्मस्थली के रूप में सम्मानित किया है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा तीन बार सरदार पटेल आउट स्टैंडिंग इंस्टीट्यूशन अवॉर्ड से सम्मानित किया जा चुका है। पिछले 66 वर्षों में संस्थान ने कृषि, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, चिकित्सा और मत्स्य पालन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि अब तक 46,643 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जा चुकी है।

---

# आधुनिक तकनीकों ने दुनिया को तेजी से बदला

## पंत विवि में दीक्षांत समारोह का राज्यपाल ने किया उद्घाटन, विद्यार्थियों के सामने रखा विकसित भारत का लक्ष्य

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचारः** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मुख्य अतिथि कुलाधिपति व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने नए युग की अवधारणा पर बल देते हुए विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और विश्व गुरु बनने के लक्ष्य को विद्यार्थियों के सामने रखा। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, रोबोटिक्स, साइबर टेक्नोलॉजी और स्पेस साइंस जैसी आधुनिक तकनीकों ने दुनिया को तेजी से बदल दिया है। ऐसे समय में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मंगलवार को गांधी हाल में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति ने कहा कि 37वें दीक्षांत समारोह के महत्व को रेखांकित करते हुए इसे आध्यात्मिकता और पूर्णता का प्रतीक बताया। उन्होंने विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि वे विश्व भर में अपनी पहचान बना रहे हैं और हरित क्रांति जैसे ऐतिहासिक कार्यों में योगदान दे चुके हैं। विश्वविद्यालय द्वारा शहद, मिलेट्स (श्री अन्न) और अरोमा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और इसे स्वास्थ्य व कृषि के लिए महत्वपूर्ण बताया।

उन्होंने कोविड-19 महामारी का उल्लेख करते हुए संतुलित जीवनशैली और पोषण के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि वे अब केवल डिग्रीधारी नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक और भावी नेता हैं। उन्होंने युवाओं से नौकरी खोजने के बजाय रोजगार सृजनकर्ता बनने और स्टार्टअप, एग्री-बिजनेस, फूड प्रोसेसिंग जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने का आह्वान किया। साथ ही लैब से लैंड और फाइल से फील्ड की अवधारणा को अपनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, सांसद अजय भट्ट, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.मनमोहन सिंह चौहान, कुलसचिव डॉ.दीपा विनय समेत कई लोग मौजूद रहे।


मेधावी छात्रा को स्वर्ण पदक प्रदान करते मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह। ● अमृत विचार

### जीबी पंत विवि में हुआ विद्यार्थी बाजार का भव्य उद्घाटन

**रुद्रपुर :** जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में विद्यार्थी बाजार का भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल(सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक शोध डॉ.एसके वर्मा समेत अनेक वरिष्ठ अधिकारी एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। मंगलवार को उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल(सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के विद्यार्थी बाजार विद्यार्थियों में उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ाते हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की गुणवत्ता एवं नवाचार की सराहना की। कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को व्यावहारिक शिक्षा से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी बाजार के माध्यम से उत्पादों के प्रदर्शन एवं विपणन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। निदेशक शोध डॉ.संजय कुमार वर्मा ने कहा कि मूल्यवर्धित उत्पाद कृषि को अधिक लाभकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नवाचार आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थी बाजार में विश्वविद्यालय द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मूल्यवर्धित उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। इनमें दुग्ध उत्पाद जैसे आइसक्रीम, पनीर, दही, खोया, भैंस का घी, कुल्फी, मडुआ लस्सी, मीट एवं चिकन उत्पाद तथा अन्य मूल्य संवर्धित उत्पाद शामिल रहे, जिन्होंने आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभिन्न विभागों के निदेशक, अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

---

# 1395 विद्यार्थियों को मिली उपाधि व दीक्षा

- जयश्री रॉय को मिला कुलाधिपति स्वर्ण पदक
- 35 विद्यार्थियों को मिले कुलपति स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** जीबी पंत विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाले 37वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल(सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह ने 1395 विद्यार्थियों को उपाधि व दीक्षा प्रदान की। इसके अलावा एक विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक, 13 को कुलपति स्वर्ण पदक, 12 को रजत और 10 विद्यार्थियों को कांस्य पदक से सम्मानित किया गया।

मंगलवार को सबुह 11 बजे से गांधी हाल में दीक्षांत समारोह का आयोजित हुआ। कुलाधिपति 1395 विद्यार्थियों को उपाधि व दीक्षा दी गयी। इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए एक-एक विद्यार्थी को सरस्वती पांडा अवार्ड, नागम्मा शांताबाई अवार्ड, डॉ.राम शिरोमणि तिवारी अवार्ड, दो विद्यार्थी को चौधरी चरण सिंह मेमोरियल इंटेलेकच्यूअल अवार्ड एवं पूरण आनंद अदलखा अवार्ड, दो विद्यार्थी को भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत अवार्ड से विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।

### कुलाधिपति स्वर्ण पदक

जयश्री रॉय

### कुलपति स्वर्ण पदक

पल्लवी शर्मा, शांभवी झा, अनुराग सैनी, अपूर्वा रावत, ऋषभ गिरी, शौर्य वर्धन काराकोटी, प्रगति तिवारी, आयुष बिष्ट, अंशिका शर्मा, प्रज्ञा कांडपाल, मयंक तिवारी, मयंक पांडे और प्रिया गोस्वामी को सम्मानित किया गया।

### कुलपति रजत पदक

रेखा भट्ट, रिया, जगदीश पुरी, अविनाश पराशर पांडे, मानसी पंत, अदिति कुमार, अदिति रावत, भास्कर छिमवाल, मिथिल पाठक, रत्नेश जोशी, अभिषेक गिरी और अनुष्का बिष्ट।

### कुलपति कांस्य पदक

त्वेशा पांडे, मानसी ढींगरा, विनीता जोशी, दीक्षा उप्रेती, सृष्टि सक्सेना, रोबिन, दीप्ति कोरंगा, योगेश जोशी, अभिनव गोयल, मानसी जोशी आदि।

### इन्हें मिला ये सम्मान

●सरस्वती पांडा गोल्ड मेडल कैश अवार्ड (10 हजार)-दिव्या लिंगवाल ●नागम्मा शांताबाई अवार्ड (5 हजार)-शांभवी झा ●डॉ.राम शिरोमणि तिवारी अवार्ड (2500) और चौधरी चरण सिंह मेमोरियल इंटेलेक्चुअल अवार्ड (10 हजार)-पल्लवी शर्मा, रेखा भट्ट ●श्री पूरन आनंद अदलखा अवार्ड (10 हजार)-पारस आर्य ●भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत अवार्ड-सुमन दिव्यांशु और राजश्री वर्मा।

---

# 'सफेद हाथी' बना ईएसआई अस्पताल

- विधायक की नाराजगी के बाद दिए सुधार के निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** ईएसआई अस्पताल की बदहाली और श्रमिकों को हो रही असुविधाओं को लेकर विधायक शिव अरोरा ने नॉर्थ इंडिया मेडिकल कमिश्नर कमलेश हरीश के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया। निरीक्षण पर पहुंचीं कमिश्नर से शिष्टाचार भेंट के दौरान विधायक ने कहा कि रुद्रपुर औद्योगिक क्षेत्र में दो लाख से अधिक पंजीकृत श्रमिक हैं, लेकिन यह अस्पताल महज एक 'सफेद हाथी' बनकर रह गया है।

विधायक ने बताया कि अस्पताल में केवल चार स्थायी डॉक्टर हैं और एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। गंभीर स्थिति में भी श्रमिकों को आसानी से रेफर नहीं किया जाता, जिससे कई लोग इलाज के अभाव में जान गंवा चुके हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अस्पताल केंद्र सरकार की मंशा के विपरीत कार्य कर रहा है।

विधायक और सिडकुल संगठनों की बातों को गंभीरता से लेते हुए मेडिकल कमिश्नर ने जल्द ही स्टाफ बढ़ाने और रेफरल प्रक्रिया में सुधार का भरोसा दिया। इस अवसर पर सिडकुल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, मैन पावर एसोसिएशन अध्यक्ष आशीष भटनागर, सचिन भटनागर, भाजपा नेता हिमांशु शुक्ला, संतोष पाल, राघव सिंह आदि मौजूद रहे।


मेडिकल कमिश्नर कमलेश हरीश से वार्ता करते विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

### यूथ कांग्रेस के पुनः अध्यक्ष बने सुमिंदर

**शक्तिफार्म :** यूथ कांग्रेस के चुनाव में सुमिंदर यादव ने दोबारा अध्यक्ष पद पर जीत दर्ज की। कुल 1175 वोटों में से 1030 खारिज हुए, जबकि 145 वैध मत पड़े। इनमें सुमिंदर यादव को 97 वोट मिले। वसीम अहमद को 24 और विक्रमजीत सिंह को 5 वोट प्राप्त हुए, जबकि 19 वोट होल्ड रहे।जीत के बाद समर्थकों में खुशी का माहौल रहा। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नवतेज पाल सिंह, उत्तम आचार्य, सरताज अहमद, करन जंग, बलवंत बोरा, सूर्य प्रताप सिंह, विनय विश्वास, प्रशांत मंडल, भगवान पांडे, राजू यादव, वीरेंद्र यादव ने उन्हें बधाई दी है।



# अतिक्रमणकारियों को थमाए नोटिस

- 15 दिन का दिया अल्टीमेटम, अतिक्रमण नहीं हटा तो कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नगर निगम और प्रशासन की टीम ने त्रिशूल चौक के पास कई अतिक्रमणकारियों को नोटिस थमाया है। सभी अतिक्रमणकारियों को 15 दिन के भीतर खुद अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी गयी है। वहीं नगर निगम अधिकारियों ने तय समय सीमा पर अतिक्रमण नहीं हटाने पर खुद ध्वस्त करने की चेतावनी दी है।

नैनीताल रोड, एनएच 74, त्रिशूल चौक, डीडी चौक आदि स्थानों पर आये दिन जाम लगने से यातायात प्रभावित होता है। इसे ध्यान में रखते हुए मार्ग के चौड़ीकरण, चौराहा चौड़ीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। जबकि कई कार्य प्रस्तावित हैं। इसी को लेकर जिला प्रशासन ऊधमसिंह नगर, नगर निगम रुद्रपुर, जिला विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, विद्युत विभाग जल संस्थान के प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।

मार्ग चौड़ीकरण और चौराहा चौड़ीकरण के लिए राजस्व अभिलेखों एवं रुद्रपुर महायोजना 2041 के आलोक में लोक निर्माण विभाग के प्रस्तावित मार्ग चौड़ीकरण योजना के दृष्टिगत चिन्हीकरण की कार्रवाई की गई है।


अतिक्रमणकारियों के नोटिस देती नगर निगम व प्रशासन की टीम। ● अमृत विचार

### पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत 27 छात्रों का पंजीकरण

**सितारगंज :** राजकीय पीजी महाविद्यालय सितारगंज में कॉर्पोरेट मंत्रालय के 'प्राइम मिनिस्टर इंटर्नशिप स्कीम' के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 27 छात्र-छात्राओं का पंजीकरण कराया गया। कार्यशाला में नोडल अधिकारी डॉ. राजविंदर कौर ने बताया कि यह पहल व्यावसायिक कौशल विकसित करने और उद्योग जगत की बारीकियों को समझने में अत्यंत सहायक है। डॉ. शोभा और डॉ. विमला सिंह ने कहा कि इस इंटर्नशिप से युवाओं को वास्तविक कार्यस्थल का अनुभव मिलेगा, जो उनके करियर निर्माण और स्वरोजगार के प्रति सजग बनाने में मददगार साबित होगा। कार्यक्रम में पात्रता मानदंड, आवेदन प्रक्रिया और योजना से मिलने वाले आर्थिक व व्यावसायिक लाभों पर भी विस्तार से चर्चा की गई।


**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण)**
**33/11 केवी उपसंस्थान परिसर, कमलुवागांजा हल्द्वानी (नैनीताल)**
E-mail: erddh@yahoo.co.in, फोन : (05946) 292040, फैक्स : (05946) 298318

पत्रांक : 1780/वि०वि०ख०ग्रा०(ह०) / दिनांक : 07/04/2026

**ई निविदा समय विस्तार सूचना**

विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), हल्द्वानी के अन्तर्गत इस खण्ड से प्रकाशित ई-निविदा संख्या 81/2025-26, जो कि दिनांक 07.04.2026 को खोली जानी थी, अपरिहार्य कारणवश निविदा खुलने की तिथि 16.04.2026 की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 15.04.2026 तक कार्यालय अवधि में प्राप्त किये जा सकते हैं।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

**अधिशासी अभियन्ता**


---

पहल

13 अप्रैल तक चलेगा सफाई और जागरूकता अभियान, महापौर विकास शर्मा ने किया अभियान का शुभारंभ

# नगर निगम ने मुख्य बाजार से शुरू किया स्वच्छता अभियान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान का महापौर विकास शर्मा ने मुख्य बाजार स्थित वीर हकीकत राय मार्ग से विधिवत शुभारंभ किया। यह अभियान 13 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इस दौरान उन्होंने स्वयं स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करते हुए झाड़ू थामी और आम जनमानस को स्वच्छता की शपथ दिलाई। अभियान में निगम की टीम के साथ व्यापारी, भाजपा कार्यकर्ताओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भागीदारी की और शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प लिया।

मंगलवार को अभियान के शुभारंभ के दौरान महापौर शर्मा ने कहा कि शहर को सुंदर और रोगमुक्त बनाना नगर निगम की प्राथमिकता है। लक्ष्य की प्राप्ति तभी संभव होगी जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मुख्य सचिव के निर्देशों के क्रम में बढ़ती गर्मी और संक्रामक रोगों के खतरे को देखते हुए 7 से 13 अप्रैल तक यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके आह्वान के बाद देशभर में स्वच्छता के प्रति अभूतपूर्व जागरूकता आई है।

उन्होंने कहा कि अब इस मुहिम को प्रत्येक गली-मोहल्ले, स्कूल और सार्वजनिक स्थान तक ले जाना है। इसी कड़ी में 10 अप्रैल को प्रसिद्ध अटरिया मेला परिसर में भी एक वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। पिछले वर्ष स्वच्छता रैंकिंग में रुद्रपुर नगर निगम ने शानदार प्रदर्शन किया था। इस वर्ष रैंकिंग को और बेहतर बनाने के लिए ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि वे कचरा इधर-उधर न फेंकें और कूड़ा केवल नगर निगम के वाहनों में ही डालें।


मुख्य बाजार में अभियान के दौरान कूड़े को वाहन में डालते महापौर शर्मा।

### चार डस्टबिन रखने की नई व्यवस्था शुरू की

**रुद्रपुर :** महापौर ने बताया कि अब शहर के प्रत्येक घर में चार डस्टबिन रखने की नई व्यवस्था शुरू की जा रही है। इसके तहत गीला कचरा, सूखा कचरा, ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक कचरा) और मेडिकल वेस्ट को अलग-अलग श्रेणियों में रखा जाएगा। ताकि उनका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण हो सके। गर्मी के मौसम को देखते हुए नाले-नालियों की तली झाड़ सफाई का सघन अभियान भी युद्धस्तर पर प्रारंभ किया जा रहा है। अभियान के दौरान निगम के कर्मचारियों ने उपस्थित लोगों को चार डस्टबिनों के उपयोग का सही तरीका समझाया और घरेलू गीले कचरे से जैविक खाद बनाने की विधि भी बताई। इस दौरान पार्षद चिराग कालरा, सहायक नगर आयुक्त राजू नबियाल, सफाई निरीक्षक कुलदीप कुमार, सुपरवाइजर दानू सिंह, विनोद, उमेद अधिकारी, प्रमोद मित्तल, विजय तोमर, अजय चड्ढा, पारस चुघ, नीतीश धीर, महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रीति धीर आदि उपस्थित रहे।

ब्रीफ न्यूज

## मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दिया धरना

**सितारगंज :** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं मिनी कर्मचारी संगठन के तत्वावधान में 12 सूत्रीय मांग को लेकर बाल विकास कार्यालय, सितारगंज में धरना दिया गया। मंगलवार को ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता देवी के नेतृत्व में धरने पर बैठी कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार से मानदेय में 140 रुपये प्रतिदिन की वृद्धि व केंद्र सरकार को 150 रुपये प्रतिदिन मानदेय बढ़ाने का प्रस्ताव भेजने, सेवानिवृत्ति होने पर 10 लाख रुपये देने का जीओ जारी करने, बायोमेट्रिक से नहीं जोड़ने, सुपरवाइजर पद पर सीनियरटी आधार पर विज्ञप्ति निकालने समेत 12 मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की है। इस मौके पर सुखदेव कौर, जमनोत्री, अनीता रानी, कुलवंत कौर, मिथिलेश, मनकिंदर कौर आदि मौजूद रहीं।

## अल्केमिस्ट में स्कॉलरशिप परीक्षा सम्पन्न

**खटीमा :** अल्केमिस्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। अल्केमिस्ट की चेयरपर्सन डॉ. दिव्या रावत एवं प्रबंधक विरेन्द्र रावत के मार्गदर्शन में विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा में कई पात्र प्रतिभागियों ने भाग लिया। चेयरपर्सन दिव्या रावत ने बताया कि यह परीक्षा उन विद्यार्थियों के लिए है जो आर्थिक अभाव के कारण आगे की शिक्षा प्राप्त करने में असमर्थ हैं। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को विद्यालय में कक्षा 12 तक अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी। मौके पर प्रधानाचार्य डॉ. जेपी गंगवार, बिन्दु बत्रा आदि मौजूद रहे।

## 14 अप्रैल को सजेगा महान गुरमत समागम

**बाजपुर :** खालसा सृजन दिवस (बैसाखी) के पावन अवसर पर 14 अप्रैल को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में भव्य गुरमत समागम आयोजित किया जाएगा। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा की देखरेख में आयोजित यह कार्यक्रम सुबह 10 से दोपहर 2:30 बजे तक चलेगा। समागम में दरबार साहिब अमृतसर से आए भाई नवनीत सिंह, भाई गज्जन सिंह और भाई इकबाल सिंह जैसे प्रख्यात रागी जत्थे कीर्तन व प्रवचनों से संगत को निहाल करेंगे। इस दौरान सुबह 11 बजे से अमृत संचार भी होगा। समागम में गुरु का अटूट लंगर निरंतर बरतेगा।

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बाजपुर :** शादी का झांसा देकर आठ वर्षों तक युवती का शारीरिक शोषण करने और बाद में निकाह से मुकरने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता की तहरीर के अनुसार, मोहल्ले के ही गुलवेज नामक युवक ने प्रेम-प्रसंग के दौरान उसके साथ कई बार जबरन संबंध बनाए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि फरवरी 2026 में आरोपी ने नोटरी राजीनामा कर निकाह का वादा किया था, लेकिन अब वह मुकर गया है। आरोप है कि 31 मार्च को आरोपी ने अपने परिजनों के साथ पीड़िता के घर घुसकर मारपीट की और निजी फोटो वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य आरोपी गुलवेज को संबंधित धाराओं में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## रेडक्रॉस चिकित्सा शिविर में रोगी उठा रहे स्वास्थ्य लाभ

**काशीपुर :** मां बाल सुन्दरी देवी के ऐतिहासिक चैती मेला परिसर में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी काशीपुर शाखा इकाई के तत्वावधान में 22 मार्च से अनवरत रूप से चल रहे निशुल्क रेडक्रॉस चिकित्सा शिविर में मेले में दूर-दूराज से आए 1500 से अधिक रोगियों का उपचार किया जा चुका है। रोगियों का उपचार कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि शिविर में जुकाम, बुखार, पेट दर्द, शरीर दर्द और चोट के मरीज बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

### आज प्रदेश प्रभारी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ करेंगी बैठक, पूर्व विधायक ठुकराल-मीना के बयानों पर है शैलजा की नजर

# मीना को समझाएंगी या सख्त हिदायत देंगी प्रदेश प्रभारी शैलजा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के कांग्रेस ज्वाइनिंग के बाद रुद्रपुर की राजनीति में आए भूचाल को थामने के लिए कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा का रुद्रपुर आगमन हो रहा है। जहां वह कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक करेंगी। अब चर्चा यह है कि क्या खफा मीना को शैलजा समझाने में सफल रहेंगी या फिर मीना को अनर्गल बयानबाजी पर हिदायत मिलेगी।

रुद्रपुर विधानसभा से दो बार के विधायक रहे राजकुमार ठुकराल ने साढ़े चार साल के लंबे इंतजार के बाद कांग्रेस पार्टी को ज्वाइन किया था। ठुकराल के कांग्रेस में आते ही खफा पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं महिला कांग्रेस की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना शर्मा ने अपने पदों से इस्तीफा दे दिया था और ठुकराल को किसी भी कीमत में माफ नहीं करने का ऐलान किया था। जिसके बाद जहां पूर्व विधायक ठुकराल सोशल मीडिया में अपना पक्ष रखकर मीना शर्मा के पैर छूकर माफी मांगने का ऐलान कर चुके हैं।

वहीं मीना ने भी सोशल मीडिया पर अपना एक बयान दिया कि ठुकराल को टिकट मिलने पर वह कांग्रेस पार्टी को चुनाव नहीं लड़ाएगी। पिछले कई दिनों से ठुकराल-मीना में जुबानी जंग चल रही है।

इसी दौरान जिलाध्यक्ष कांग्रेस हिमांशु गाबा ने जारी बयान में बताया कि 8 अप्रैल को प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा रुद्रपुर आएंगी और 12 बजे से भूरारानी स्थित बैंकट हॉल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और आपसी मतभेद भुलाकर संगठित होने का आह्वान करेंगी। अब सवाल यह उठता है कि ठुकराल की ज्वाइनिंग होने के बाद जहां मीना शर्मा बेहद खफा हैं तो वहीं ठुकराल कांग्रेस के एजेंडे पर चलने का आह्वान करते हुए दिखायी दे रहे हैं। ठुकराल के सुर बिल्कुल बदल चुके हैं और सर्वसमाज की बात कर रहे हैं। यह भी चर्चा है कि शैलजा ठुकराल-मीना शर्मा प्रकरण में भी हस्तक्षेप कर सकती हैं और मीना को समझाने की कोशिश कर सकती हैं।

### कार्यकर्ता बैठक का करूंगी बहिष्कार: मीना



**रुद्रपुर :** प्रदेश प्रभारी के अलावा प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में होने वाली बैठक में जाने के सवाल पर खफा पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि पिछले कई दिनों से पार्टी हाईकमान के बड़े नेताओं के फोन आ रहे हैं और अब जब बड़े नेता रुद्रपुर आ रहे हैं तो उनको बार-बार आने का न्यौता दिया जा रहा है। ठुकराल को कांग्रेस में ज्वाइनिंग करते वक्त क्यों नहीं पूछा गया। किसी भी नेता की राय क्यों नहीं ली। जिसको ध्यान में रखते हुए फिलहाल उन्होंने बड़े नेताओं की बैठक का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। यदि पार्टी उनकी बातों को एकांत स्थान पर सुनकर ठुकराल के आने के फैसले पर विचार करती है, तो वह एक बार सोचेंगी।

### मेरा है आग्रह, मान जाए मेरी बहन मीना: ठुकराल



**रुद्रपुर :** खफा मीना के बहिष्कार के निर्णय के बाद पूर्व विधायक एवं कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने कहा कि मीना शर्मा मेरी बहन समान हैं और ब्राह्मण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। पिछले कई सालों से कांग्रेस में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। कांग्रेस में आने के बाद उनका मकसद भी यही है कि पार्टी के एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए संगठित होकर विजयश्री प्राप्त की जाए। वह पार्टी के बड़े नेताओं की मौजूदगी में मीना के पैर छूकर माफी भी मांगने को तैयार हैं। बस मेरी बहन से आग्रह है कि यह नाराजगी दूर कर दे।

### मीना को मनाने का होगा प्रयास: गाबा



**रुद्रपुर :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा ने कहा कि 8 अप्रैल को पहली बार प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के साथ प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या के अलावा सभी सह प्रभारी और विधायकों की एक महत्वपूर्ण बैठक हो रही है। मीना शर्मा पुरानी सक्रिय कांग्रेस नेत्री हैं तो मीना को मनाने का भरसक प्रयास होगा। इसके लिए मीना से लगातार बातचीत का दौर चल रहा है। उम्मीद है कि पार्टी हाईकमान के निर्णय का सम्मान करते हुए मीना शर्मा बैठक में आएगी।

## विवादित जमीन को लेकर खूनी संघर्ष

**सितारगंज:** सितारगंज के गांव साधुनगर में विवादित जमीन से अवैध खनन करने पर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव साधुनगर निवासी सतेंद्र कुमार ने बताया कि गांव साधुनगर और कल्याणपुर के बीच उसकी जमीन है। 7 अप्रैल को उसी के गांव निवासी कुछ लोग उसकी जमींन से ज़बरन आरबीएम उठाकर डंपर में भरने लगे। आरोप लगाया कि जब उसने उन लोगों को रोकने का प्रयास किया तो उक्त लोगों ने धारदार हथियार से उसे पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए साथी करन पर भी हमला कर दिया।

# सरकारी स्कूलों में मनाया प्रवेश उत्सव

### विद्यार्थियों को विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षिक एवं सह शैक्षिक कार्यक्रमों की जानकारी दी गई

संवाददाता, खटीमा/सितारगंज

**अमृत विचार:** पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज में मंगलवार को प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें नव प्रवेशी विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षिक एवं सह शैक्षिक कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में पालिका सभासद आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि अभिभावकों से बच्चों को राजकीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाने को कहा। यह भी कहा कि सरकार द्वारा इन विद्यालयों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। साथ ही यहां सीबीएसई बोर्ड के अंतर्गत निःशुल्क शिक्षा, एनसीसी एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियां नियमित रूप से संचालित की जाती हैं। एनसीसी अधिकारी नरेंद्र सिंह रौतेला ने विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों को विद्यालय में प्रवेश लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर ललित जोशी, केडी जोशी, विवेक जोशी, आलोक सिंह, रमेश लाल, महेंद्र सिंह धामी, लिली सिंह, चांदनी, सपना शाही, मनीषा पंत, स्वाति बिष्ट, संजय पंत, ममता चौहान, मंजू राणा, होशियार सिंह बिष्ट, नरेंद्र दिगारी, मीनू खेतवाल, डॉ. भगवती प्रसाद पंत, डॉ. राम जी वर्मा, मनीषा काल्पसी आदि उपस्थित रहे।

सितारगंज के राजकीय प्राथमिक विद्यालय सितारगंज प्रथम में नवीन प्रवेश उत्सव मनाया गया। मंगलवार को मुख्य अतिथि प्रदेश प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रद्युम्न रावत, सामाजिक कार्यकर्ता महेश मित्तल, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान बच्चों में निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। प्रद्युम्न रावत ने कहा कि जैसे कुम्हार कच्ची मिट्टी से बर्तन को ढाल कर उसे एक निश्चित रूप देता है। ठीक उसी प्रकार इन बच्चों के कोमल मन को ढालना और उसे परिपक्व बनाना ही एक शिक्षक का कार्य है।



खटीमा के पीएमश्री थारू राजकीय इंटर कॉलेज में बच्चों को पुस्तक देते शिक्षक।



प्राथमिक विद्यालय सितारगंज में प्रवेश उत्सव मनाते शिक्षक एवं छात्र। • अमृत विचार

## बाजपुर में सैकड़ों बच्चों ने कराया नामांकन

**बाजपुर :** तहसील क्षेत्र के सरकारी एवं अशासकीय विद्यालयों में मंगलवार को ''प्रवेशोत्सव 2026'' उत्साह के साथ मनाया गया। पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सहित विभिन्न स्कूलों में नव-प्रवेशी बच्चों और उनके अभिभावकों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा उपनिदेशक शैलेंद्र सिंह चौहान ने किया। उपनिदेशक चौहान ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे अंतिम छोर पर बैठे हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना सुनिश्चित करें। खंड शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र यादव ने बताया कि इस अभियान के तहत प्राथमिक स्तर पर 270, जूनियर में 600 और माध्यमिक स्तर पर 119 नए बच्चों का नामांकन हुआ है। इस दौरान बालवाटिका में प्रवेश, मेधावी छात्रों के सम्मान और सरकारी सुविधाओं की जानकारी देने जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

## काशीपुर में छात्रों ने प्रवेश के लिए कराए रजिस्ट्रेशन

**काशीपुर :** उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज में 2026 नये सत्र में प्रवेशोत्सव पर विद्यालय में कक्षा 6 से लेकर 12 तक प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में अभिभावकों ने अपने-अपने बच्चों के रजिस्ट्रेशन करवाए। इस अवसर पर विद्यालय में अभिभावकों और छात्रों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि 1914 में स्थापित उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज अपनी शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर भविष्य के लिए जाना जाता है। संचालन प्रवक्ता कौशलेश गुप्ता ने किया। इस दौरान पीटीए अध्यक्ष आशाराम, वरिष्ठ प्रवक्ता मनोज शर्मा रणधीर सिंह, दीपक शर्मा, बलजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, मुकेश कुमार मिश्रा, रंजना सिंह, पूनम चन्याल कल्पना नौडियाल मो. यामीन, अंकित कुमार, यश प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# सांसद भट्ट ने किया रिंग रोड का निरीक्षण



रिंग रोड का निरीक्षण करते सांसद, विधायक और महापौर। • अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नैनीताल लोकसभा के सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा और महापौर विकास ने अधिकारियों के साथ रिंग रोड का स्थलीय निरीक्षण किया और अधिकारियों को जल्द ही अपूर्ण कार्यों को पूर्ण करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि रिंग रोड में सड़क हादसों की रोकथाम के लिए सकारात्मक कदम उठाए जाएं।

मंगलवार को निरीक्षण के दौरान सांसद ने निर्माणाधीन रिंग रोड निर्माण की गति, सामग्री की गुणवत्ता और परियोजना की सीमा को लेकर एनएचएआई अधिकारियों के साथ चर्चा की और नक्शा देखकर रिंग रोड संबंधी विस्तारपूर्वक जानकारी भी। उन्होंने कहा कि रिंग रोड रुद्रपुर के भविष्य के लिए एक ऐतिहासिक सौगात सिद्ध होगी। दशकों पुरानी जाम की समस्या से स्थायी निजात मिलेगा। उन्होंने बताया कि भारी वाहनों का आवागमन शहर के बाहर से होने के कारण आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर भी प्रभावी अंकुश लगने के साथ ही सुगम यातायात होगी। जिससे कारोबारियों को फायदा होगा। सांसद ने निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि परियोजना को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस मौके पर एनएचएआई पीडी अंचल जिंदल, एडीएम कौस्तुभ मिश्रा, विपिन जल्होत्रा, प्रीत ग्रोवर आदि मौजूद रहे।



दिनेशपुर के जहांगीरपुर में शॉर्ट सर्किट से जली गेहूं की फसल।

## जहांगीरपुर में एक एकड़ गेहूं जलकर राख

**दिनेशपुर :** विद्युत शॉट सर्किट से दो भाइयों की एक एकड़ तैयार गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। किसानों ने ट्रैक्टर की हैरो व ग्रामीणों की मदद से बमुश्किल आग को आसपास के गेहूं के खेतों में फैलने से रोका। जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। मंगलवार की दोपहर लंबाखेड़ा के ग्राम जहांगीरपुर निवासी खैराती लाल गुम्बर व हरीश गुम्बर के एक एकड़ में तैयार गेहूं की फसल विद्युत शॉट सर्किट से जलकर राख हो गई। किसानों व ग्रामीणों ने आग को आसपास के गेहूं के खेतों में फैलने से बचाया। किसान नेता बलविंदर साहू ने कहा किसानों की पहले देवी आपदा में कई एकड़ गेहूं की फसल में काफी नुकसान पहुंचा है। किसानों को बदलते मौसम से गेहूं की फसल हाथ आने की चिंता सता रही है। उन्होंने प्रशासन से जहांगीरपुर में दो भाइयों एक एकड़ जली गेहूं की फसल का सर्वे करवाकर मुआवजा देने की मांग की। उनका आरोप था कि 25 प्रतिशत गेहूं की फसल काटी जा चुकी है।




बाजपुर में पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का स्वागत करते कांग्रेसी।

## कांग्रेस में शामिल होने पर ठुकराल का स्वागत

**बाजपुर :** कांग्रेस में शामिल होने के बाद पहली बार बाजपुर पहुंचे पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल का पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। नयागांव स्थित ढिल्लन फार्म में आयोजित कार्यक्रम में ठुकराल ने कहा कि कांग्रेस ने उन्हें राजनीतिक जीवन में नई ऊर्जा दी है। उन्होंने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी एंट्री रोकने की तमाम कोशिशें नाकाम रहीं और अब वह पार्टी के वफादार सिपाही के रूप में कार्य करेंगे। किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लों ने दावा किया कि प्रदेश में भाजपा के खिलाफ माहौल है और आगामी चुनाव में ऊधम सिंह नगर की अधिकांश सीटों पर कांग्रेस जीत दर्ज करेगी। इस दौरान पालिका अध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते और जोरावर सिंह भुल्लर सहित कई नेताओं ने ठुकराल के आने से पार्टी को मजबूती मिलने की बात कही।

## सिलेंडर मिलने के मामले में केस दर्ज

**काशीपुर:** आईटीआई कोतवाली क्षेत्र में भारी मात्रा में अवैध तरीके से स्टोर किये गये खाली व भरे सिलेंडर पकड़ने के मामले में पुलिस ने पूर्ति निरीक्षक की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तहसीलदार पंकज चंदोला के निर्देश पर पूर्ति निरीक्षक तन्मय मैठाणी ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी। इसमें बताया कि बीती 5 अप्रैल को पुलिस-प्रशासन की टीम ने ग्राम परमानंदपुर में एक चारदीवारी खंडहर में गैस के खाली व भरे सिलेंडर बरामद किए थे। कालाबाजारी में लिप्त जुबैद अली निवासी ग्राम पट्टीकलां घोसीपुरा, मिलक नौखरीद, पोस्ट रहमतगंज, स्वार जिला रामपुर की निशानदेही पर घरेलू सिलेंडर 7, खाली सिलेंडर 46, व्यावसायिक सिलेंडर 9 भरे और 7 खाली के अलावा रिफिलिंग बांसुरी एक व एक पाइप बरामद कराया था।



खटीमा में पोस्टर के साथ जेके पब्लिक स्कूल के बच्चे और प्रबंधक। • अमृत विचार

## स्वास्थ्य दिवस पर शिविर व जागरूकता अभियान

**खटीमा :** जेके पब्लिक स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसमें छठवीं से 11वीं तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रबंधक अजय कुमार मौर्या ने बच्चों को स्वस्थ रहने के तौर तरीके बताए। प्रधानाचार्य प्रकाश चन्द्र तिवारी ने बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क होता है इसलिए शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान तुलसी जोशी, हेमा जोशी, आकांक्षा, मंगेश वर्मा, गुंजन, किंडर गार्डन को-ऑर्डिनेटर प्रभा जोशी, डायरेक्टर सुनीता मौर्य आदि उपस्थित रहे। इधर विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जमौर में ग्राम प्रधान मोहम्मद रफीक की अध्यक्षता में विधिक शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. देश दीपक गौड़, डॉ. सोनाक्षी ने 60 मरीजों की जांच की और मरीजों को दवा वितरित की। किरण गुप्ता, खुशबू जायसवाल ने ब्लड टेस्ट एवं बीपी आदि चेक किया। इस अवसर पर पीएलवी विमल कुमार, मीरा देवी, आरबी सिंह, भगवती राणा, विपिन उप्रेती, पिंकी राणा मौजूद रहे।

अनियमितता

### विधायक भुवन कापड़ी और आरएमओ ने गेहूं क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

# बैंक अकाउंट, वारदाना, पोर्टल रजिस्ट्रेशन तक नहीं

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** विधायक भुवन कापड़ी की शिकायत पर मौके पर पहुंची क्षेत्रीय खाद्य नियंत्रक लता मिश्रा ने मंडी परिसर में तौले जा रहे गेहूं खरीद केन्द्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में केंद्रों पर महज क्रय केन्द्रों के बैनर लटके हैं। बैंक खाता, रजिस्ट्रेशन, पोर्टल, बारदाना संबंधी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। मौके पर कुछ किसान ट्रॉलियों में गेहूं लेकर पहुंचे थे। उनका गेहूं खरीदने वाला कोई नहीं था।

विधायक कापड़ी के साथ मौके पर पहुंची आरएमओ मिश्रा ने सहकारिता विभाग, पीसीयू तथा एनसीसीएफ के अधिकारियों से संपर्क किया। विधायक कापड़ी ने एनसीसीएफ के अधिकारी से कहा क्रय केन्द्रों को सुविधाएं नहीं मिलेंगी तो खरीद कैसे होगी। विधायक कापड़ी ने तत्काल खाता खोलने, पोर्टल व रजिस्ट्रेशन कर बारदाना प्राप्त करने संबंधी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्रों पर लटके बैनरों में सक्षम अधिकारियों के नाम व नंबर नहीं मिले। विधायक कापड़ी ने कहा कि दूर दराज से किसान का मंडी में गेहूं लाकर बेचना संभव नहीं है उन्होंने किसानों की मांग के अनुरूप क्रय केन्द्र ग्रामीण क्षेत्रों में ही खोलने को कहा। आरएमओ ने इसके लिए सरकारी बिल्डिंग, पंचायत घर, स्कूल आदि स्थान चयन कर उसमें क्रय केन्द्र संचालन करने को कहा। इस दौरान कई किसानों ने गेहूं तौल में होने वाली अनियमितताओं का मामला उठाया। आरएमओ मिश्रा ने कहा कि सीएम का गृह क्षेत्र है। यहां किसानों के साथ किसी तरह की गड़बड़ी न हो। आरएमओ मिश्रा ने कहा कि वह यहां की स्थिति से उच्चाधिकारियों को अवगत कराएंगे।

इस दौरान दान सिंह तिगरी भुड़ाई, नरेन्द्र कौर रघुलिया, हरविंदर सिंह, बलजीत सिंह, जगजीत सिंह प्रतापपुर आदि किसानों ने खरीद संबंधी मामले उठाये। विधायक कापडी ने कहा कि खटीमा क्षेत्र में संचालित 35 क्रय केन्द्रों का 64 ग्रामों का गेहूं खरीदने का दायित्व है। सरकार को चाहिए कि किसानों के गेहूं खरीद की उचित व्यवस्था करे। इस दौरान एसएमआई केसी आर्य, मंडी सचिव ललित मोहन, यूसीएम क्षेत्रीय प्रबंधक त्रिलोचन पाठक, एसएमओ गदरपुर दिनेश मौजूद रहे।



खटीमा की मंडी में क्रय केंद्रों का निरीक्षण करते विधायक और आरएमओ।

## आरएमओ मिश्रा ने राइस मिलरों की भी ली सुध

**खटीमा :** आरएमओ लता मिश्रा ने एसएमआई केसी आर्य से चावल उतार की जानकारी ली और कहा कि जारी मूवमेंट के अनुसार कितना जमा हुआ है। इस दौरान सुनील अग्रवाल, पवन अग्रवाल, हरप्रीत सिंह महल, पवन अरोड़ा, ईश्वर बंसल आदि मौजूद रहे।

# सैनिक सम्मान समारोह की तैयारियां देखीं

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नौ मार्च को आयोजित सैनिक सम्मान समारोह और नव निर्मित सीएसडी कैंटीन के लोकार्पण की तैयारियों को लेकर मुख्य विकास अधिकारी आर्मी अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों ने जायजा लिया।

मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने टेंट, स्टेज, बैरिकेटिंग आदि व्यवस्थाओं को कल तक आवश्यक रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर मोबाइल शौचालय, पेयजल व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में पूर्व सैनिक और वीर नारियों को सम्मानित किया जायेगा। इसलिए उनकी सूची बनाकर उनके बैठने की सीटिंग व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित कर ली जाए। सीडीओ शाशनी ने कार्यक्रम की सभी तैयारियां समय पूर्ण करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, उपाध्यक्ष अमित पांडे, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, सीओ कर्नल आकाश, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी कोठारी, चम्पावत कर्नल उमेद सिंह, अधिशासी अभियंता आरडब्लूडी अमित भारती आदि मौजूद रहे। उधर, सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने भी यहां पहुंचकर सैनिक सम्मान समारोह की तैयारियों के संबंध में स्थलीय निरीक्षण किया।



खटीमा में कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते सीडीओ शाशनी और अन्य।

## सिटी ब्रीफ

### सारिम सैफी बने यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

**काशीपुर :** उत्तराखंड युवा कांग्रेस चुनाव 2025 के परिणाम घोषित कर दिए गए, जिसमें सारिम सैफी ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए काशीपुर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद पर कब्जा किया। चुनाव प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुई। अपनी जीत के बाद सारिम सैफी ने सभी युवा कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।



सारिम सैफी।

### 4.8 किलो गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने गश्त के दौरान दो आरोपियों को 4.8 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने सीता रामपुर गांव से लिटिल स्कॉलर स्कूल रोड के पास चेकिंग के दौरान दो बाइक सवार तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सूरज उर्फ कालू और राजेश के रूप में हुई है, जिनके पास से कुल 4.832 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सूरज के पिता के कहने पर गांजे की डिलीवरी देने जा रहे थे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाइक को सीज कर दिया है। टीम में उप निरीक्षक मनोज सिंह धौनी, एसआई कंचन पडलिया, हेड कांस्टेबल जितेन्द्र बिष्ट आदि शामिल रहे।

### 4.93 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.93 ग्राम स्मैक बरामद की है। कटोराताल चौकी पुलिस ने चेकिंग के दौरान ईदगाह के पास आम के बाग में बने खंडहर से मो. अल्ली खां निवासी सलीम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.93 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्मैक मो. अल्ली खां निवासी शाहनवाज से लाया था। पुलिस टीम में एसआई कौशल भाकुनी, एएसआई प्रकाश बोरा शामिल रहे।

### श्रमिकों को दी जा रही योजनाओं की जानकारी

**काशीपुर :** प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन राष्ट्रीय पेंशन योजना ट्रेडर्स की जानकारी श्रमिकों को दी जा रही है। इसके लिए श्रम विभाग की ओर से गांव-गांव में शिविर लगाए जा रहे हैं। श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलराम सिंह ने बताया इस योजना के तहत श्रमिकों को 18 वर्ष की आयु पर 55 और 40 वर्ष की आयु पर 200 रुपये प्रतिमाह अंशदान देना होगा। 60 वर्ष की उम्र के बाद तीन हजार रुपये का प्रतिमाह पेंशन मिलेगी। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए गांव-गांवों में शिविर लगाए जा रहे हैं। इस योजना के लिए श्रमिकों का श्रम विभाग में पंजीकृत होना चाहिए। वर्तमान में श्रम विभाग में पंजीकृत 4500 श्रमिक हैं।

### मौसम में करवट के साथ तापमान में गिरावट दर्ज

**काशीपुर :** मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। मंगलवार को सुबह से आसमान में बादल छाये रहे। दोपहर 12 बजे के आसपास बूंदाबांदी होना शुरू हो गई। दिन भर रुक-रुककर बूंदाबांदी हुई। बूंदाबांदी से तापमान में गिरावट दर्ज की है। हालांकि दिन के समय तेज हवाओं ने भी ठंडक का एहसास दिला दिया। वहीं देर शाम तेज हवाओं के साथ बारिश भी हुई।

### मौसम के साथ पशुओं के व्यवहार में आ रहा बदलाव

**काशीपुर :** मौसम बदलने के साथ ही पशुओं के व्यवहार में बदलाव आ जाता है और उत्पादन में भी गिरावट होती है। गर्मी आ रही है। ऐसे में पशुओं में डिहाइड्रेशन की समस्या आने लगी है। पशु अस्पताल में दुधारू पशुओं के अलावा पालतू कुत्ते और बिल्लियां भी आ रही है। पशु चिकित्सक डॉ. मुकेश पांडे ने बताया कि मौसम बदल रहा है। ऐसे में किसानों को अपने पशुओं पर ध्यान देना चाहिए। पशुओं में कई बदलाव शुरू हो जाते हैं, जैसे कि अगर खेत में काम करने वाला पशु है। पशुओं की तबीयत पर बदलते मौसम का असर पड़ रहा है।

### 16 वें दिन भी जारी रही इंजीनियरों की हड़ताल

**काशीपुर :** 27 सूत्रीय मांगों को लेकर डिप्लोमा इंजीनियरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल मंगलवार 16वें दिन भी जारी रही। अभियंताओं ने सिंचाई खंड कार्यालय पर धरना देते हुए नारेबाजी की। उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की प्रमुख मांगों में पात्रता के अनुसार वेतन विसंगति दूर करना और तीन पदोन्नति प्रदान करना शामिल है। अभियंताओं को दो करोड़ रुपये तक सामूहिक दुर्घटना बीमा का लाभ देने और पूर्व की भांति स्थानांतरण नीति लागू करने की भी मांग की जा रही है। इस मौके पर शाखा सचिव हिमांशु पंत, केशव सिंह, गौरव पाठक आदि मौजूद रहे।

# किसान ने एसडीएम ऑफिस के बाहर किया आत्मदाह का प्रयास

## खेत का रास्ता खुलवाने को लेकर था गुस्से में, किसान से छीनी डीजल की कैन

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** खेत का रास्ता खुलवाने की लंबे समय से मांग रहे डीजल की कैन लेकर पहुंचे किसान ने एसडीएम कार्यालय के बाहर डीजल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। अपने ऊपर डीजल डाल रहे किसान को मौके पर मौजूद एलआईयू और पुलिस कर्मियों ने रोक लिया और डीजल की कैन छीन ली। वहीं सूचना पर सीओ चकबंदी, आईटीआई कोतवाली प्रभारी समेत पुलिस फोर्स पहुंच गया। पुलिस ने किसान को हिरासत में ले लिया।

ग्राम ढकिया कला निवासी राजकुमार गिरी का भूमि विवाद चला आ रहा है। मांगों के निस्तारण के लिये वह लगातार अधिकारियों से भी पत्राचार कर रहा है। यहां तक प्रशासन द्वारा उसकी भूमि पर चौपाल लगाकर कई समस्याओं का निस्तारण भी कर दिया गया। अब एक बार फिर किसान राजकुमार ने खेत में जाने वाले रास्ते को खुलवाने की मांग कर दी है। साथ ही मांग पूरी न होने पर आत्मदाह की धमकी दी। किसान ने कहा कि रास्ता न होने के कारण वह अपने गन्ने की फसल नहीं काट पाया है। उसकी फसल बर्बाद हो रही है।

मंगलवार दोपहर किसान राजकुमार स्कूटी से सीधे एसडीएम कार्यालय परिसर पहुंचा और स्कूटी से कैन उतारकर डीजल अपने ऊपर डाल दिया। इसी बीच वहां मौजूद एलआईयू और पुलिस कर्मियों ने किसान को पकड़ लिया और डीजल की कैन छीन ली। सूचना पर सीओ चकबंदी प्रदीप कुमार गर्ग, आईटीआई कोतवाली प्रभारी रवि कुमार सैनी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गये। सीओ चकबंदी ने किसान को समझाने का प्रयास किया और कहा कि सभी कार्य नियमानुसार हो रहे हैं। वहीं किसान आत्मदाह की मांग पर अड़ गया। आरोप लगाया कि उसे न्याय नहीं मिल रहा है। इस पर पुलिस ने किसान को हिरासत में ले लिया और आईटीआई कोतवाली ले आई। जहां किसान का धारा 151 में चालान कर दिया गया।



काशीपुर में एसडीएम कार्यालय में किसान की बात सुनते सीओ चकबंदी।

> जो मांगे रखी गई हैं वह नजायज है। किसान द्वारा बेवजह दबाव बनाया जा रहा है। नाजायज काम कराया जा रहा है। साथ ही मानसिक उत्पीड़न किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई है। सरकारी जो भी आदेश होगा उसका पालन किया जाएगा।
>
> **-प्रदीप कुमार गर्ग,** सीओ चकबंदी, काशीपुर।

### पुलिस को चकमा देकर कार्यालय पहुंचा किसान

**काशीपुर :** मंगलवार सुबह किसान राजकुमार के आत्मदाह की चेतावनी के बाद गांव में ही किसान को रोक लिया गया। काफी समय बाद वह पुलिस को चकमा देकर आ गया। जब तक पुलिस उसके पीछे आती तब किसान एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंच गया और अपने ऊपर डीजल डाल दिया।

### किसान पहले भी दे चुका है आत्मदाह की धमकी

**काशीपुर :** किसान राजकुमार पहले भी 16 नवंबर और 17 दिसंबर 2025 को आत्मदाह की चेतावनी दे चुका है। एक बार वह पेट्रोल लेकर भी पहुंचा, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया था। वहीं वह परिजनों के साथ एसडीएम कार्यालय के बाहर भूख हड़ताल पर भी बैठ चुका है। सीओ चकबंदी ने बताया कि किसान की कई मांग थी। उन्हें पूरा किया है। उसके बाद किसान ने धन्यवाद पत्र भी विभाग को दिया है। किसान द्वारा बार-बार दबाव बनाया जा रहा है।

## खाड़ी देशों में लड़ाई का उद्योगों पर पड़ रहा असर

**काशीपुरः** मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के चलते यहां उद्योगों पर संकट के बादल मंडराते नजर आ रहे हैं। कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति सीमित होने और पीएनजी की सप्लाई में बीस फीसदी की कटौती के चलते उद्योगों में उत्पादन घट गया है। यहां तक कि होटल और रिजॉर्ट संचालक डीजल की भट्टी और लकड़ी के चूल्हों को वैकल्पिक तौर पर इस्तेमाल कर रहे हैं।

उद्यमियों की माने तो उत्पादन पंद्रह से बीस प्रतिशत तक घट गया है। हालांकि उद्यमियों का कहना है कि केंद्र और राज्य सरकार अपनी ओर से उपलब्ध संसाधनों की आपूर्ति कर रही है, लेकिन सबसे ज्यादा दिक्कत रॉ मटेरियल की है। कंटेनर उपलब्ध नहीं हो रहे हैं। जिससे उत्पादित माल विदेशों में नहीं पहुंच पा रहा है। काशी विश्वनाथ ग्रुप के एमडी देवेंद्र जिंदल का कहना है कि इस बार बड़ी इंडस्ट्री में बिजली के दाम बढ़ने के बजाय 25 पैसे प्रति यूनिट कम हो गए हैं। फूड प्रोसेसिंग यूनिट का निर्यात होने वाला चावल बाहर नहीं जा पा रहा है। कुमाऊं गढ़वाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के महासचिव नितिन अग्रवाल ने बताया कि संकट के चलते काशीपुर तीन उद्योगों का उत्पादन 50 प्रतिशत तक गिर गया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार
- पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।



इमरान (फाइल फोटो)।

यूपी जिला मुरादाबाद के थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम पीपल गांव निवासी इमरान (21) पुत्र महमूद चेन्नई में सैलून का काम करता था। परिजनों के मुताबिक काशीपुर के ग्राम कल्याणपुर निवासी इमरान की बुआ के घर तीन-चार दिन बाद शादी समारोह है। शादी में शामिल होने वह बीते शुक्रवार को चेन्नई से अपने घर आया था। बीती सोमवार को वह बाइक से ग्राम कल्याणपुर निवासी बुआ के घर गया था। सोमवार की देर शाम लगभग पौने आठ बजे वह बाइक से घर लौट रहा था। इसी बीच ग्राम बघेलेवाला स्थित पशुपति फैक्ट्री के पास पीछे से अनियंत्रित गति से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर लगने से बाइक सवार इमरान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं वाहन चालक मौके से वाहन लेकर भाग गया। सूचना पर पहुंची पैगा पुलिस चौकी के पुलिस कर्मियों ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मंगलवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक के पिता मेहनत-मजदूरी करते हैं और परिवार के भरण-पोषण की जिम्मेदारी इमरान पर थी। वह तीन भाइयों में सबसे बड़ा था, जबकि दो भाई छोटे सुभान व फैजान समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पैगा पुलिस चौकी प्रभारी जसविंदर सिंह ने बताया कि घटना किस वाहन से हुई है, इसके लिए पुलिस घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आरोपी वाहन चालक को जल्द पकड़ेगी।

# मंडी सचिव को कराया समस्याओं से अवगत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** नवीन अनाज मंडी काशीपुर में आढ़ती व व्यापारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर मंडी सचिव योगेश तिवारी से मुलाकात की। इस दौरान व्यापारियों ने मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं से उन्हें अवगत कराया और जल्द समाधान की मांग की।

आढ़ती व्यापारी संगठन के अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि मंडी की चारदीवारी कई स्थानों पर टूटी हुई है, जिससे आए दिन चोरी की घटनाएं हो रही हैं और व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। साथ ही उन्होंने मंडी में पेयजल की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है और गेहूं खरीद का समय भी आ गया है। ऐसे में बड़ी संख्या में किसान मंडी पहुंचते हैं। लेकिन पानी की व्यवस्था बिजली पर निर्भर है, जिससे पर्याप्त पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाता। उन्होंने मंडी सचिव से वैकल्पिक व्यवस्था करने का अनुरोध किया। व्यापारियों ने मंडी की सड़कों की खराब स्थिति, शौचालय निर्माण की आवश्यकता और अन्य मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर भी चिंता जताई। साथ ही मंडी परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा जुआ खेलने की शिकायत करते हुए मंडी चौकी पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की।

## उधार की रकम वापस मांगने पर मारपीट

**काशीपुरः** एक व्यक्ति ने उधार के पैसे मांगने पर मारपीट का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम खरमासा निवासी अनूप सिंह ने आईटीआई कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका जसपुर खुर्द निवासी सौरभ कुमार पर आठ लाख 50 हजार रुपए उधारी का बकाया था। जब उसने सौरभ से अपनी उधारी लौटाने की मांग की, तो उसने उसे 28 जनवरी 2026 को जसपुर खुर्द स्थित अपनी दुकान पर बुलाया। वहां सौरभ कुमार व तीन-चार अन्य लोग मौजूद थे। हिसाब-किताब के दौरान सौरभ आग बबूला हो गया और उसके साथ मारपीट की। बाद में सौरभ कहने लगा तेरा मुझ पर कोई भी पैसा नहीं है।

# बार एसोसिएशन ने ज्यूडिशियरी इलेवन को हराया

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** बार एसोसिएशन काशीपुर इलेवन और ज्यूडिशरी इलेवन के बीच छावनी ग्राउंड काशीपुर में 15 ओवरों का डे-नाइट क्रिकेट मैच संपन्न हुआ। जिसमें बार एसोसिएशन काशीपुर इलेवन की टीम ने ज्यूडिशियरी इलेवन की टीम को हरा दिया।

सोमवार को हुए मैच में ज्यूडिशियरी इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर में 109 रन बनाए। जिसमें प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज गर्ब्याल व द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रीतेश कुमार श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। बार एसोसिएशन काशीपुर इलेवन ने 14 ओवर में ही लक्ष्य प्राप्त कर लिया। जिसमें अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे और सचिव यशवंत चौहान का विशेष योगदान रहा। मैच में मुख्य अतिथि रही रेखा वनियाल और अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे व सचिव यशवंत चौहान ने संयुक्त रूप से विजेता व उपविजेता टीम को ट्राफियां प्रदान की। मैन ऑफ द मैच काशीपुर बार एसोसिएशन इलेवन के खिलाड़ी भूपेंद्र चौहान रहे। अंपायरिंग विष्णु भटनागर एडवोकेट व सफदर अली एडवोकेट ने की।

वहां पर सिविल जज सीनियर डिवीजन धर्मेंद्र शाह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सचिन कुमार, न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव, सिविल जज पूनम तोड़ी, सिविल जज सृष्टि वनियाल, बार एसोसिएशन अध्यक्ष गिरिजेश खुल्वे, सचिव यशवंत सिंह चौहान, उपाध्यक्ष विधु शेखर शर्मा, उप सचिव अंकित चौधरी, कोषाध्यक्ष बीसी नौटियाल, शुभम उपाध्याय, विवेक कुमार मिश्रा, मेहराज खान, सुखवीर सिंह, रोहित अरोरा, भूपेन्द्र चौहान, विवेक शर्मा, मेहर आलम, शैलेंद्र कुमार मिश्रा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में विजेता टीम को ट्रॉफी सौंपते अतिथि। ● अमृत विचार

## हिस्ट्रीशीटरों की कराई परेड

**काशीपुरः** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए निर्देश के तहत मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने कोतवाली काशीपुर क्षेत्र के पुराने हिस्ट्रीशीटरों को कोतवाली में बुलाकर उनकी परेड करायी।

कोतवाली प्रभारी हरेन्द्र चौधरी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम व सुरक्षा को देखते हुए आज काशीपुर कोतवाली क्षेत्र के करीब दर्जन भर पुराने हिस्ट्रीशीटरों को कोतवाली बुलाया गया। उनसे उनके वर्तमान कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली गई। कोतवाल चौधरी ने बताया कि जिन पुराने हिस्ट्रीशीटरों का कुछ समय से चाल-चलन ठीक-ठाक चल रहा है उनके चौकी क्षेत्र के इंचार्ज से रिपोर्ट लेकर उनकी निगरानी बंद कर दी जाएगी।

# नवोन्मेष छात्रसंघ वार्षिकोत्सव शुरू

- छात्र-छात्राओं ने रंगारंग व मनमोहक प्रस्तुति दी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का दो दिवसीय नवोन्मेष छात्रसंघ वार्षिकोत्सव मंगलवार को शुरू हो गया। काशीपुर विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, जसपुर विधायक आदेश चौहान, अधिवक्ता संदीप सहगल ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया।

मंगलवार को आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग व मनमोहक प्रस्तुति दी। युगल गीत, लघु नाटिका, एकल गायन, एकल नृत्य, देशभक्ति आधारित समूह गान ने दर्शकों को मोहित कर किया। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विभिन्न संकाय में शीर्ष तीन स्थानों पर रहे विद्यार्थियों के साथ 134 प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना पुरस्कार वितरण किया गया। प्राचार्य प्रो. डॉ. सुमिता श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहा। यहां डॉ. पदमा वशिष्ठ, डॉ. नीरज शुक्ला, छात्र संघ अध्यक्ष जतिन शर्मा, जिला पंचायत सदस्य रवि ढींगरा, समाजसेवी अर्पित मेहरोत्रा, शोभित त्रिपाठी, मुकेश चावला आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में अतिथियों का स्वागत करतीं कॉलेज की प्राचार्या। ● अमृत विचार

## तहसील दिवस में उठीं समस्याएं

**बाजपुरः** तहसील सभागार में मंगलवार को एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान प्राप्त तीन प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर फरियादियों को राहत दी गई।

समाधान के दौरान जल संस्थान और जल जीवन मिशन के बिलों में विसंगति का मामला सामने आया, जिस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल जांच के निर्देश दिए। इसके अलावा आरटीआई से जुड़ी एक शिकायत पर भी समयबद्ध कार्रवाई के आदेश दिए गए। एसडीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करने की हिदायत दी।



काशीपुर की मंडी में क्रय केंद्र पर गेहूं तुलवाते किसान। ● अमृत विचार

### खाद्य विभाग क्रय केंद्र पर गेहूं तौल शुरू

**काशीपुर :** मंडी समिति काशीपुर में खाद्य विभाग क्रय केंद्र पर गेहूं खरीद शुरू हो गई है। किसान विकास क्लब (उत्तराखंड) के प्रदेश अध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा के गेहूं की तौल से क्रय केंद्र की शुरुआत हुई। एसएमओ अतुल चतुर्वेदी ने बताया कि मंडी के तहत 07 क्रय केंद्र स्थापित हैं। मंडी सचिव योगेश तिवारी ने बताया कि सभी क्रय केंद्रों पर समस्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। किसान विकास क्लब के प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने क्रय केंद्रों के अधिकारियों से किसानों को सहयोग करने की अपील की और साथ ही किसान भाइयों से भी उचित मानक वाला गेहूं लाने का आग्रह किया। वहां पर एमआई नीतू कुमारी, दीवान सिंह बोहरा, भीम सिंह, प्रकाश आर्य, नवनीत तिवारी, मुख्तयार सिंह, सत्यम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सफाई निरीक्षकों ने किया भ्रमण



काशीपुर में नवनियुक्त सफाई निरीक्षकों के साथ नगर निगम के अधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** डॉ. रघुनंदन सिंह टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल द्वारा शहरी विकास निदेशालय के नवनियुक्त सफाई निरीक्षकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को नगर निगम काशीपुर में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। मंगलवार को भ्रमण का शुभारंभ सुबह 10 बजे नगर निगम परिसर में हुआ, जहां प्रशिक्षुओं ने निगम की कार्यप्रणाली को समझा।

इस दौरान प्रशासनिक एवं स्वच्छता प्रबंधन प्रशिक्षुओं ने नगर निगम के प्रशासनिक ढांचे, स्वच्छता प्रबंधन और अपशिष्ट निस्तारण की नवीनतम तकनीकों का बारीकी से अवलोकन किया। नगर आयुक्त रविन्द्र सिंह बिष्ट ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में व्यावहारिक अनुभव ही भविष्य की चुनौतियों से निपटने में सहायक होगा। कार्यक्रम में नवनियुक्त 60 सफाई निरीक्षक, पीएमयू टीम, स्वच्छ भारत मिशन टीम और भाषा सूत्र टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## नई समय-सारिणी के विरोध में शिक्षक

**बाजपुरः** शासन द्वारा स्कूलों के लिए जारी नई समय-सारिणी को लेकर राजकीय माध्यमिक शिक्षक संघ ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। जिला मंत्री विवेक कुमार एवं कार्यकारिणी ने प्रांतीय नेतृत्व को पत्र भेजकर इस आदेश को अव्यावहारिक बताया है।

शिक्षकों का तर्क है कि 6 अप्रैल को जारी इस नई व्यवस्था में जनपद की भौगोलिक और मौसमी परिस्थितियों को नजरअंदाज किया गया है, जिससे शिक्षकों पर अतिरिक्त कार्यभार बढ़ेगा और छात्रों की पढ़ाई पर भी नकारात्मक असर पड़ेगा। संघ ने आरोप लगाया कि बिना जमीनी हकीकत समझे लिए गए इस निर्णय से शिक्षक वर्ग का मनोबल गिरा है। पदाधिकारियों ने शासन स्तर पर वार्ता कर आदेश में तत्काल संशोधन की मांग उठाई है।

# यूरिया वितरण की सीमा तय करने से रोष

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** कृषि विभाग द्वारा यूरिया खाद वितरण की सीमा निर्धारित किए जाने से क्षेत्र के किसानों में भारी रोष है। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर इस आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग का ज्ञापन सौंपा।

किसानों का कहना है कि कृषि अधिकारी रुद्रपुर के निर्देशानुसार एक आधार कार्ड पर अधिकतम पांच कट्टे यूरिया ही दी जा रही है, जो बड़े रकबे वाले किसानों के लिए बेहद कम है। भाकियू कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा ने कहा कि 10 एकड़ या उससे अधिक भूमि वाले किसानों के लिए पांच कट्टे खाद पर्याप्त नहीं है, जिससे फसलों के उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि भूमि के रकबे के आधार पर खाद वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, जिला उपाध्यक्ष हरप्रीत सिंह निज्जर, गगन सरना, संदीप विर्क, प्रभशरण सिंह, शीशा सिंह, अशोक सिंह आदि मौजूद रहे।



बाजपुर के एसडीएम कार्यालय में बाबू संजीव चौहान को ज्ञापन सौंपते किसान।

## ब्रीफ न्यूज

### विक्रम का जीनियस वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज



टनकपुर : पूर्णागिरि बिहार टनकपुर निवासी युवा मैजिशियन विक्रम सिंह ने अपनी अद्भुत कला और प्रतिभा के दम पर एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने देशभर के करीब 200 मैजिशियन के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए जीनियस वर्ल्ड रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। इस उपलब्धि के साथ वह भारत के चर्चित मैजिशियन और मेडलिस्टों की सूची में शामिल हो गए हैं। विक्रम सिंह इससे पहले भी कई राष्ट्रीय स्तर के मैजिक और मेंटलिज्म प्रतियोगिताओं में विभिन्न खिताब अपने नाम कर चुके हैं। उनकी खास पहचान लोगों के मनोभावों को समझने और दिमाग पढ़ने जैसी विशेष कला के कारण बनी है, जिसे देखने के लिए दर्शक बड़ी संख्या में उनके कार्यक्रमों में पहुंचते हैं।

### एनसीईआरटी के साथ जरूरी की निजी प्रकाशन की किताबें, एनसीईआरटी की दर 60 तो, निजी प्रकाशन की 300 रुपये के पार

# अल्मोड़ा में तीन गुना महंगी किताबें खरीदवा रहे हैं निजी स्कूल

- अभिभावकों को भारी पड़ रहा अप्रैल का महीना, जेब पर बोझ
- स्टेशनरी की दुकानों पर जुट रही है अभिभावकों की भीड़

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** एक ओर सरकार पब्लिक स्कूलों की मनमानी को रोकने के लिए नए-नए नियम लागू कर रही है। वहीं पब्लिक स्कूल नए-नए तरीकों से अभिभावकों की जेब खाली करवा रहे हैं। हालात ये हैं, कि जिले के कई निजी स्कूलों में एनसीईआरटी के अलावा निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें खरीदवाई जा रही हैं।



अल्मोड़ा में कॉपी-किताबें खरीदने के लिए स्टेशनरी की एक दुकान पर लगी भीड़। ● अमृत विचार

इससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है।

नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो गया है। अभिभावक अपने पाल्यों को स्कूलों में दाखिला दिला रहे हैं, लेकिन दाखिले के साथ ही अभिभावकों की जेब पर भी इसका असर पड़ रहा है। अधिकांश पब्लिक स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबों के साथ निजी प्रकाशन की भी किताबें अभिभावकों से खरीदवाई जा रही हैं। निजी प्रकाशन की किताबों को खरीदने की बाध्यता के कारण अभिभावकों पर खर्च का अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। नगर के स्टेशनरी विक्रेताओं की दुकान में इन दिनों किताबें खरीदने वालों की भीड़ दिखाई दे रही है।

#### अभिभावकों पर पड़ रहा अतिरिक्त बोझ

एक ओर जहां एनसीईआरटी की किताबों की प्रति दर 50 से 60 रुपए है, वहीं निजी प्रकाशन की किताबों की प्रति दर 300 रुपए से पार है। कक्षा एक के विद्यार्थियों की सरकारी या केंद्र संचालित स्कूलों में जहां 700 रुपए में एनसीआरटी की किताबें आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। वहीं, पब्लिक स्कूलों में एनसीआरटी की किताबों के अलावा निजी प्रकाशन की किताबों का कुल हिसाब तीन से चार हजार तक अभिभावकों को चुकाने पड़ रहे हैं।

> सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में एनसीईआरटी की किताबों से पढ़ाई हो रही है। नियमों और मानकों के अनुसार कार्य नहीं करने वालो पर कार्यवाही की जाएगी। -**एचआर कोहली**, सीईओ अल्मोड़ा।

### बोल्डर की चपेट में आने से ई-रिक्शा चालक घायल

**टनकपुर:** सोमवार शाम को शक्तिमान वाहन से गिरे बोल्डर से बचने के प्रयास मे से ई-रिक्शा चालक दीवार से टकराकर घायल हो गया। गनीमत रही कि बोल्डर ई-रिक्शा चालक को नहीं लगा अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी।

देर शाम शारदा खनन क्षेत्र से आरबीएम ला रहा शक्तिमान वाहन जैसे ही टनकपुर डिग्री कालेज मार्ग पर पहुंचा अचानक भारी बोल्डर वाहन के बाईं ओर गिर गया। शक्तिमान वाहन को साइड दे रहे ई-रिक्शा चालक राजपाल ने बोल्डर से बचने का प्रयास किया तो वह रिक्शा सहित दीवार से टकराकर घायल हो गया। लोगों ने उसे उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। उसके सिर पर मामूली चोट आ गई थी। उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

# चैनलाइजेशन का कार्य शीघ्र शुरू करें: डीएम

### डीएम मनीष कुमार की अध्यक्षता में आपदा प्रबंधन की हुई बैठक, मानसून से पहले सुरक्षा कार्य करने पर जोर

- टनकपुर और अमोड़ी क्षेत्र में नदी कटाव तथा जलभराव पर चर्चा
- नदियों की बाढ़ से लोगों के बचाव को लेकर प्रशासन गंभीर

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सिंचाई विभाग द्वारा प्रस्तुत आख्या के आधार पर टनकपुर और अमोड़ी क्षेत्र में नदी कटाव तथा जलभराव की समस्या पर चर्चा की गई।

जिलाधिकारी ने शारदा नदी के गैण्डाखाली नंबर-03, किरोड़ा नाला (राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पुल के अपस्ट्रीम एवं डाउनस्ट्रीम क्षेत्र), अमोड़ी और नौलापानी क्षेत्रों में मानसून से पहले संभावित खतरे को देखते हुए नदी में खुदाई (ट्रेंचिंग) और चैनलाइजेशन कार्य तत्काल शुरू करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि गैण्डाखाली नंबर-03 और खेतखेड़ा क्षेत्र में शारदा नदी का रिवर बेड स्तर उपखनिजों के चुगान के अभाव में ऊंचा हो गया है, जिससे करीब 25-25 परिवारों की कृषि भूमि और आवासीय क्षेत्र कटाव की जद में हैं। वहीं बिलौना-बेलखेत क्षेत्र में लधिया नदी का तल ऊंचा होने से बिलौना, देवखोला और उतरैना गांवों के लगभग 50 परिवार जोखिम में हैं।

अमोड़ी क्षेत्र में क्वैराला नदी के कारण 19 परिवारों और एक राजकीय महाविद्यालय पर खतरा मंडरा रहा है। इसके अलावा किरोड़ा नाला में मलबा जमा होने से टनकपुर के आगबाग, नायकगोठ और बोरागोठ सहित कई गांव जलभराव से प्रभावित हो रहे हैं।

हेलागोठ क्षेत्र में भी जल निकासी और कटाव की समस्या के समाधान के लिए चैनलाइजेशन कार्य कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में शारदा रिवर फ्रंट परियोजना के अंतर्गत नायकगोठ क्षेत्र में गैबियन वॉल और रिटेनिंग वॉल निर्माण में संभावित दोहराव के मामले की जांच के लिए गठित समिति द्वारा 6 अप्रैल को स्थलीय निरीक्षण किए जाने की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को मानसून से पहले कार्य पूरा करने, गुणवत्ता बनाए रखने और संवेदनशील क्षेत्रों में जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या, पुलिस उपाधीक्षक वंदना वर्मा, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल, अधिशासी अभियंता सिंचाई मनोज तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




आपदा प्रबंधन की बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देते डीएम मनीष कुमार। ● अमृत विचार

#### श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ ही स्वच्छता और चिकित्सा का रखें ध्यानः डीएम

**टनकपुर :** जिलाधिकारी मनीष कुमार ने प्रसिद्ध पूर्णागिरि मेले का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सेवाएं एवं यातायात प्रबंधन सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने, पर्याप्त शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा नियमित कूड़ा निस्तारण के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए डीएम ने कहा कि मेला क्षेत्र में चिकित्सा टीमों की सतत तैनाती सुनिश्चित की जाए तथा आपात स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंस सेवाएं हर समय उपलब्ध रहें। साथ ही पेयजल आपूर्ति की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे तथा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु आवश्यक डायवर्जन एवं पार्किंग व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्णागिरि मेला जनपद की आस्था और पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण आयोजन है। अत : सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षित, स्वच्छ और व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या, मेला मजिस्ट्रेट ललित मोहन, पुलिस उपाधीक्षक वंदना वर्मा, मां पूर्णागिरि मंदिर समिति के अध्यक्ष किशन तिवारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी रहे।

### दो मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देश पर औषधि निरीक्षक पूजा रानी ने बैजनाथ, गागरीगोल और मन्यूडा क्षेत्र में स्थित औषधि विक्रय प्रतिष्ठानों का सघन औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन अधिनियम 1940 तथा नियमावली 1945 के तहत लाइसेंस शर्तों, दवाओं के वैज्ञानिक भंडारण, आपूर्ति प्रणाली और अभिलेख प्रबंधन की जांच की गई। इस दौरान दो प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी प्रणाली बंद पाई गई तथा पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति में दवाओं का क्रय-विक्रय किया जा रहा था। इसके अलावा एक्सपायर्ड दवाओं का अनुचित भंडारण, अभिलेखों का सत्यापन न होना, निर्धारित तापमान पर दवाओं का भंडारण न करना और साफ-सफाई का अभाव भी पाया गया।

इन गंभीर अनियमितताओं के चलते दो प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निरस्तीकरण की संस्तुति की गई है, जबकि एक अन्य प्रतिष्ठान के विरुद्ध लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की संस्तुति की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि संतोषजनक स्पष्टीकरण मिलने तक कार्रवाई प्रभावी रहेगी।

# हर घर तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित होः डीएम



मंगलवार को बल्टा गांव का निरीक्षण करते डीएम अंशुल सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** डीएम अंशुल सिंह ने मंगलवार को विकासखंड हवालबाग के अंतर्गत बल्टा गांव का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गांव में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने गांव में पेयजल आपूर्ति की स्थिति की समीक्षा की तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक घर तक स्वच्छ एवं नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर डीएम ने मार्गीय सुविधाओं का भी निरीक्षण किया और सड़क सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क मार्गों को सुरक्षित एवं सुगम बनाने के लिए आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। इसके अलावा उन्होंने गांव में खेल मैदान के निर्माण को लेकर भी अधिकारियों से जानकारियां प्राप्त कर इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर पहुंचकर खेल मैदान स्थल का निरीक्षण किया साथ ही इसके विकास के लिए पीडब्लूडी को जल्द ही आगणन बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। यहां तहसीलदार सदर ज्योति धपवाल, अधिशाषी अभियंता पेयजल निगम संजीव वर्मा, जिला युवा कल्याण अधिकारी डीएन कांडपाल रहे।

# नई छात्राओं का पुष्पवर्षा से स्वागत



जीजीआईसी में प्रवेश उत्सव के अवसर पर छात्राओं का स्वागत करतीं शिक्षकाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** राजकीय आदर्श बालिका इंटर कॉलेज रानीखेत में हर्षोल्लास के साथ प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवीन प्रवेश लेने वाली छात्राओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप रजिस्टर और पेन भी भेंट किए गए।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं और उनके अभिभावकों के लिए मिष्ठान और खीर का भी आयोजन किया गया। संगीत शिक्षिका मीनाक्षी उप्रेती जोशी द्वारा रचित विद्यालय स्वागत गीत के माध्यम से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। वहीं कला शिक्षिका सुनीता बोरा ने बच्चों के मनोरंजन के लिए सेल्फी प्वाइंट तैयार कराया, जहां छात्राओं ने अपने अभिभावकों के साथ उत्साहपूर्वक सेल्फी ली।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्या विमला बिष्ट ने अभिभावकों को सरकारी विद्यालयों में छात्राओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने और सरकार द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी उप्रेती जोशी ने किया। इस दौरान नीरू पांडे, गीता शर्मा, वंदना चौधरी, बबीता, कंचन लता रावत, सुनीता बोरा और पुष्पा देवी रहे।

# चोरों ने रिटायर्ड प्रशासनिक अधिकारी का घर खंगाला

- लाखों के जेवर और नगदी उड़ा ले गए बंद घर से चोर, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा में चोरों को हौसले बुलंद है। अब बखौफ चोरों ने ढूंगाधारा स्थित शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी के धर धावा बोल दिया। ज्वेलरी समेत नगदी में हाथ साफ कर लिया। पीड़ित मामले को लेकर पुलिस में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

जिला मुख्यालय में चोरों के हौसले बुलंद है। चोर घरों के ताले चटकाकर और नगदी में हाथ साफ कर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं, लेकिन हर समय तत्पर रहने का दावा करने वाली पुलिस अपराधियों तक नहीं पहुंच पा रही है।

इधर, अब चोरों ने ढूंगाधारा स्थित एक बंद घर में धावा बोल दिया। पीड़ित रमेश चंद्र तिवारी अपने परिवार के साथ पोती के नामकरण में शामिल होने के लिए फरीदाबाद गए थे। बीते सोमवार रात किसी परिजन ने आवास का ताला टूटा देखा तो हैरान रह गए। इसके बाद परिजनों ने पीड़ित परिवार को घर चोरी की सूचना दी।

वहीं, पुलिस की मौजूदगी में देखा गया तो अल्मारी तोड़कर उसका सामान बिखेरा हुआ था। इधर, पीड़ित शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरो सहित संदिग्धों से पूछताछ कर जांच कर रही है।

# लंबित विवेचनाओं के निस्तारण और बेहतर पुलिसिंग के निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के ने मंगलवार को देघाट, द्वाराहाट, मासी, चौखुटिया और सल्ट थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित विवेचनाओं और शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया।

निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने थाना परिसर, महिला हेल्प डेस्क, कर्मचारी बैरक, भोजनालय, सीसीटीएनएस कार्यालय और मालखाना आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय में तैनात कर्मचारियों को सूचनाओं और अभिलेखों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा थाना परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच कर उन्हें सुचारू रखने के निर्देश भी दिए गए। कर्मचारी सम्मेलन में एसएसपी ने पुलिस कर्मियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने और बेहतर पुलिसिंग के लिए कर्मियों को प्रेरित किया। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अजेन्द्र प्रसाद, उप निरीक्षक गंगाराम गोला, थानाध्यक्ष सल्ट कश्मीर सिंह समेत कई पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।



सल्ट थाने का निरीक्षण करने पहुंचे एसएसपी चंद्रशेखर घोड़के। ● अमृत विचार

# बाजार में दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर लगाएं रोक

- पूर्व सैनिक परिषद की बैठक में तमाम समस्याओं पर चर्चा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की मंगलवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व सैनिकों समेत नगर की तमाम समस्याओं पर चर्चा की गई। वहीं, पूर्व सैनिकों ने अल्मोड़ा की मुख्य पटाल बाजार में दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग उठाई।

नगर के नंदादेवी मंदिर परिसर में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने नगर समेत ग्रामीण इलाकों में बंदरो और जंगली जानवरों के आतंक पर चिंता जताई। कहा कि आए दिन रिहायशी इलाकों में गुलदार दिखाई देने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होंने वन विभाग से प्रभावित इलाकों में पिंजरा लगाने और नियमित गश्त की मांग की। इसके अलावा पूर्व सैनिकों ने पल्टन बाजार से मिलन चौक तक दो पहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने, धारानौला से शिखर तक सिटी बस के संचालन की मांग उठाई। यहां बैठक में अध्यक्ष केशव दत्त पांडे, घनानंद जोशी, आनंद सिंह सिजवाली, पीजी गोस्वामी, मोहन चंद्र जोशी, विनोद गिरी, महेंद्र सिंह मनराल, आनंद सिंह गैड़ा, त्रिलोक सिंह, दिवान सिंह बिष्ट, रवि कमल जोशी, नरेंद्र वर्मा, सुरेश सिंह असवाल, प्रकाश सिंह बोरा, हरीश सिंह बिष्ट आदि रहे।

## आस्था

### बमनपुरी के भूमिया मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन सुनाई उगना-महादेव की कथा

# स्वच्छ मन से ईश्वर की भक्ति करने पर मिलता है फल : डॉ. भट्ट

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार:** व्यक्ति का मन स्वच्छ हो तो वह भगवान के समीप रहता है और सच्ची भक्ति को प्राप्त करता है। यह बात बमनपुरी ग्राम सभा के भूमिया मंदिर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा के तृतीय दिवस पर व्यास गद्दी से कथा वाचन करते हुए कथा वाचक डॉ. कैलाश चंद्र भट्ट ने कही।

उन्होंने कथा के दौरान महान मैथिली कवि विद्यापति और भगवान शिव के सेवक 'उगना' की अद्भुत भक्ति कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि कवि विद्यापति भगवान शिव के अनन्य भक्त थे। उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने 'उगना' नाम धारण कर उनके घर साधारण सेवक के रूप में कार्य करना शुरू किया। उगना के रूप में शिव ने विद्यापति की सेवा की और उनकी पत्नी सुशीला से डांट भी खाई, लेकिन अपनी असली पहचान छुपाए रखी। कथा के दौरान उन्होंने बताया कि एक बार विद्यापति को प्यास लगी, लेकिन आसपास पानी नहीं था। तब उगना ने अपनी जटा से गंगाजल निकालकर उनकी प्यास बुझाई। इससे विद्यापति समझ गए कि उगना कोई साधारण व्यक्ति नहीं, बल्कि स्वयं भगवान शिव हैं। पहचान होने पर शिव ने अपने वास्तविक रूप में दर्शन दिए और यह बात किसी से न बताने की शर्त रखी। बाद में शिव ने कहा कि वे अब साथ नहीं रह सकते, लेकिन शिवलिंग के रूप में सदैव वहीं विराजमान रहेंगे।

यह कथा बिहार के मधुबनी जिले के भवानीपुर स्थित उगना महादेव मंदिर से जुड़ी बताई जाती है, जहां आज भी भगवान शिव की पूजा उगना के रूप में की जाती है। इस दौरान मंदिर समिति के अध्यक्ष जीवन सिंह नेगी, पंडित दया किशन पंत, विमला सजवान, नवीन जोशी, त्रिलोचन जोशी, दीपू रौतेला, अशोक जोशी, केतन भट्ट, दिनेश भट्ट, अनिल उप्रेती, हरीश रावत सहित कई श्रद्धालु सहयोग कर रहे हैं।



बमनपुरी के भूमिया मंदिर में श्रीमद्भागवत पुराण कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### सरकार समस्याओं की अनदेखा कर रही

**अल्मोड़ा :** डीडीए के विरोध में मंगलवार को सर्वदलीय संघर्ष समिति ने साप्ताहिक प्रदर्शन किया। सरकार पर लोगों की समस्याओं पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की।

मंगलवार को चौघानपाटा स्थित गांधी पार्क में साप्ताहिक प्रदर्शन कर सदस्यों ने कहा कि डीडीए लगने के कारण एक ओर नगर निगम की आय कम हो गई है। वहीं, दूसरी ओर लोग भी तमाम समस्याओं से जूझ रहे हैं। जिला विकास प्राधिकरण लगने से लोगों का घर बनाना भी मुश्किल हो गया है। इसके प्रावधान पहाड़ की भौगोलिक स्थिति के भी अनुकूल नहीं है। यहां पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री पूरन सिंह रौतेला, प्रताप सिंह सत्याल, रोबिन मनोज भंडारी, शहाबुद्दीन, भारत रत्न पांडेय, अख्तर हुसैन आदि रहे।

# अमृत विचार

बुधवार, 8 अप्रैल 2026




दुनिया में कुछ भी पूरी तरह से गलत नहीं होता। रुकी हुई घड़ी भी दिन में दो बार सही समय दिखाती है।

**पाउलो कोएल्हो**, ब्राजीलियन लेखक

## धमकियों का युद्ध

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब कूटनीतिक संतुलन, अंतर्राष्ट्रीय कानून और वैश्विक नैतिकता की भी कठोर परीक्षा बन चुका है। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान को 'एक रात में खत्म कर देने' की धमकी संघर्ष को एक खतरनाक मोड़ पर ले आया है। यह बयान केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं, बल्कि मनोवैज्ञानिक दबाव की रणनीति भी है, जिसका उद्देश्य विरोधी को भयभीत कर वार्ता की मेज पर लाना है। पिछले छह हफ्तों में हजारों हमलों के बावजूद यदि निर्णायक सफलता नहीं मिली, तो 'एक रात' में लक्ष्य प्राप्त कर लेने का ट्रंप का दावा राजनीतिक बयानबाजी है। यह संकेत है कि युद्ध अपेक्षा से अधिक लंबा और जटिल होने की दशा में, अमेरिकी नेतृत्व पर त्वरित परिणाम दिखाने का दबाव है। सबसे चिंताजनक नागरिक अवसंरचना को निशाना बनाने की खुली धमकी है।

अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून- विशेषतः जेनेवा कन्वेंशन स्पष्ट रूप से नागरिकों और उनके बुनियादी ढांचे को युद्ध से अलग रखने की अपेक्षा करता है। पॉवर प्लांट, जल आपूर्ति और परिवहन नेटवर्क पर हमले न केवल मानवीय संकट को जन्म देते हैं, बल्कि उन्हें युद्ध अपराध की श्रेणी में भी रखा जा सकता है। यदि किसी देश की रणनीति नागरिकों पर दबाव बनाकर सरकार को झुकाने की हो, तो यह आधुनिक युद्ध के स्वीकृत सिद्धांतों के विरुद्ध है। ऐसे में ट्रंप का यह कहना कि वे 'युद्ध अपराध' के सवाल को लेकर चिंतित नहीं हैं, वैश्विक व्यवस्था के लिए गंभीर संकेत और अंतर्राष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को चुनौती है। सवाल उठता है कि क्या वैश्विक संस्थाएं, जैसे संयुक्त राष्ट्र ऐसी स्थिति में प्रभावी हस्तक्षेप कर सकती है? यथार्थ यह है कि महाशक्तियों के खिलाफ इन संस्थाओं की क्षमता सीमित होती है। राजनीतिक हित, वीटो शक्ति और भू-राजनीतिक समीकरण अक्सर न्यायिक कार्रवाई को बाधित कर देते हैं। संघर्ष के लगातार बढ़ते दायरे के दौरान पाकिस्तान, तुर्की और मिस्र जैसे देश मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं, किंतु ईरान का तीव्र प्रतिकार और अमेरिका की आक्रामक रणनीति इसकी त्वरित सफलता की संभावना सीमित करती है। यह संघर्ष अब प्रतिष्ठा और शक्ति संतुलन का प्रश्न बन चुका है, समझौता करना दोनों पक्षों के लिए राजनीतिक रूप से कठिन है। ऐसे समय में भारत की भूमिका पर भी प्रश्न उठते हैं। भारत के ईरान, अमेरिका और खाड़ी देशों सभी से महत्वपूर्ण संबंध हैं। फिर भी, इस संकट में भारत अपेक्षाकृत शांत दिखाई देता है। यह रणनीतिक संयम का हिस्सा हो सकता है, लेकिन अब जब स्थिति अत्यंत गंभीर हो चुकी है, भारत को सक्रिय कूटनीतिक पहल पर विचार करना चाहिए। भारत के लिए प्राथमिकताएं स्पष्ट होनी चाहिए। ऊर्जा सुरक्षा, प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता। इसके साथ ही, भारत एक जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत कर सकता है।

यह संघर्ष मात्र सैन्य शक्ति से सुलझता नहीं दीख रहा। धमकियों और विनाश की भाषा अल्पकालिक लाभ भले दे, पर दीर्घकाल में यह वैश्विक अस्थिरता बढ़ाएगी। आज आवश्यकता है, संतुलित नेतृत्व, अंतर्राष्ट्रीय कानून के सम्मान और वास्तविक कूटनीति की, अन्यथा यह युद्ध एक ऐसे दुष्चक्र में फंस सकता है, जिससे निकलना कठिन हो जाएगा।

### प्रसंगवश

## सेहत और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे स्ट्रा

हम-सब अपने पसंदीदा पेय ठंडी कॉफी, ताज़ा नींबू पानी या कोक को पीने के लिए स्ट्रॉ का इस्तेमाल बिना एक पल सोचे कर लेते हैं। ये हमें सुविधाजनक, साफ़-सुथरा और सुरक्षित लगता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह छोटा-सा प्लास्टिक या पेपर स्ट्रॉ हमारी सेहत और पर्यावरण दोनों को चुपचाप नुकसान पहुंचा रहा है? इन छोटे से स्ट्रॉ का केवल कुछ मिनटों के लिए इस्तेमाल होता है, इसलिए इनसे होने वाले नुकसान की कोई चर्चा ही नहीं हो पाती, लेकिन दुनिया भर में हर दिन इस्तेमाल किए जाने वाले स्ट्रा समुद्र तट और महासागर की सफाई के दौरान सबसे आम कचरे में से एक होते हैं।

अपने छोटे और हल्के आकार के कारण स्ट्रॉ की शायद ही कभी रीसायक्लिंग होती हो। ये नदियों, समुद्रों और कचरा स्थलों (लैंडफिल) में पहुंच जाते हैं, जहां ये सैकड़ों साल तक बने रह सकते हैं। राजधानी के पर्यावरणविद् और उद्यमी गुरसेव चावला कहते हैं, 'भारत में हमारी बड़ी आबादी और बढ़ते कैफ़े कल्चर के कारण स्ट्रॉ का उपयोग तेज़ी से बढ़ रहा है, जिससे समस्या और गंभीर हो रही है।'




विवेक शुक्ला

पूर्व सूचना अधिकारी यूएई एंबेसी


कुछ साल पहले, दुनिया के कई हिस्सों में प्लास्टिक स्ट्रॉ पर प्रतिबंध लगना शुरू हुआ, जिसका लोगों ने स्वागत किया। इसके बाद पेपर और मकई से बने प्लास्टिक के स्ट्रॉ बाज़ार में आए और उन्हें 'पर्यावरण के अनुकूल' विकल्प के रूप में देखा गया, लेकिन लोगों की धारणा और वास्तविकता के बीच अंतर है।

चावला ने इस विषय पर गहराई से रिसर्च की। कई देशों का दौरा किया। उन्होंने जो पाया, वह चौंकाने वाला और चिंताजनक था। अपनी शोध की यात्रा ने उन्हें 'कार्मापैक्स' नामक कंपनी शुरू करने के लिए प्रेरित किया, जो गन्ने के अपशिष्ट से बने स्ट्रॉ बनाती है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने आमतौर पर इस्तेमाल होने वाले स्ट्रॉ के पीछे छिपी सच्चाइयों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का काम किया।

प्रख्यात चिकित्सक और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं, 'कई पेपर स्ट्रॉ में रसायन होते हैं, जिन्हें 'फॉरएवर केमिकल्स' भी कहा जाता है। ये आसानी से नष्ट नहीं होते और लंबे समय तक पर्यावरण और हमारे शरीर में बने रह सकते हैं। इन्हें नष्ट करने के लिए विशेष औद्योगिक परिस्थितियों की जरूरत होती है, जो भारत के अधिकांश शहरों में उपलब्ध नहीं हैं।' प्लास्टिक स्ट्रॉ सबसे अधिक इस्तेमाल होने वाली एकल-उपयोग (सिंगल-यूज़) वस्तुओं में से एक हैं। जब ये गर्मी, धूप या नींबू पानी जैसे अम्लीय पेय के संपर्क में आते हैं, तो ये माइक्रोप्लास्टिक नामक छोटे कण छोड़ जाते हैं। माइक्रोप्लास्टिक बहुत छोटे प्लास्टिक कण होते हैं, जो हमारे भोजन और पेय के माध्यम से हमारे शरीर में प्रवेश कर सकते हैं। प्लास्टिक में ऐसे रसायन भी होते हैं, जो हमारे हार्मोन को प्रभावित कर सकते हैं और समय के साथ हमारी सेहत को तबाह करने लगते हैं। एक स्ट्रॉ भले ही नुकसानदेह न लगे, लेकिन इसके नियमित इस्तेमाल से इसका प्रभाव बढ़ता जाता है और यह एक गंभीर चिंता का कारण बन सकता है।

यह दिखाता है कि केवल प्लास्टिक को किसी अन्य सामग्री से बदलना पर्याप्त नहीं है। विकल्प वास्तव में सुरक्षित और टिकाऊ होना चाहिए। यहीं पर गन्ने के बगैस खोई) से बने स्ट्रॉ एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## अजरबैजान से भारत के सुधरते रिश्ते और भविष्य






दिग्विजय सिंह

कानपुर


ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत और अजरबैजान के द्विपक्षीय संबंधों में आया तनाव अब कम होने लगा है। ईरान युद्ध से उपजे संकट से उबरने में भारत की मदद अजरबैजान भी कर रहा है। उसने न सिर्फ कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाई है, बल्कि ईरान से दो सौ से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में भी मदद की है। अजरबैजान, पाकिस्तान का स्वाभाविक मित्र है और हर मोर्चे पर पाकिस्तान की हां में हां मिलाता है। बीते वर्ष ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अजरबैजान ने पाकिस्तान को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति की थी। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की उसने निंदा कर भारत की नाराजगी मोल ली थी, हालांकि अब वह रिश्तों को सुधारना चाहता है, इसीलिए दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल की बैठकें भी हो रही हैं।

आर्मेनिया और अजरबैजान के बीच दुश्मनी जगजाहिर है। दोनों देशों के बीच कई बार युद्ध भी हो चुका है। भारत सरकार आर्मेनिया को हथियार उपलब्ध कराता है। यूरोप का यह छोटा सा देश भारत का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है। इस देश ने 'पिनाका मल्टीपल-लॉन्च रॉकेट सिस्टम और आकाश एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टम का सौदा भी किया। आर्मेनिया द्वारा भारत से हथियारों की कुल खरीद 600 मिलियन डॉलर के पार तक जा चुकी है, जबकि आर्मेनिया लंबे समय तक रूसी हथियारों पर निर्भर रहा है। उसने रूस से इस्कंदर मिसाइल सिस्टम, सु-30एसएम लड़ाकू विमान, वायु रक्षा प्रणाली और मल्टीपल रॉकेट लॉन्चर जैसे उन्नत सिस्टम खरीदे थे। 2020 में अजरबैजान के साथ नागोर्नो-काराबाख युद्ध के बाद आर्मेनिया ने रूस से किनारा किया और वह भारत से सामरिक रिश्ते बनाने में जुट गया। अब यह रिश्ता अपने शिखर पर है।

यही वजह है कि अजरबैजान सरकार भारत से नाराज रहती है और पाकिस्तान का साथ देती है। वह संयुक्त राष्ट्र संघ समेत तमाम मंचों पर तुर्किए के साथ मिलकर पाकिस्तान का समर्थन करती है और भारत की नीतियों पर सवाल उठाती है, हालांकि भारत विरोध के उसके इस कदम से उसे न सिर्फ आर्थिक नुकसान हुए, बल्कि भारत समर्थक कई देशों से उसके रिश्ते सामान्य नहीं रहे। भारतीय पर्यटक बड़े पैमाने पर अजरबैजान के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने के लिए जाते रहे हैं, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को रक्षा उपकरणों की आपूर्ति से उनकी संख्या में कमी आई।

अजरबैजान पर्यटन बोर्ड ने हाल ही में जो आंकड़े जारी किए, उसके अनुसार पिछले साल भारत से अजरबैजान जाने वाले पर्यटकों की संख्या में 56 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इससे न सिर्फ अजरबैजान की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है, बल्कि उसकी साख पर भी बट्टा लगा है। ऐसे में अब धीरे-धीरे वहां की सत्ता में बैठे लोगों को अपनी गलती का अहसास होने लगा है. इसलिए वे भारत से संबंध सुधारना चाहते हैं और इसी के तहत अब वह मदद को आगे आए हैं। भारत और अजरबैजान के संबंध ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण रहे हैं, पर पाकिस्तान के कारण इसमें कई बार उतार-चढ़ाव देखने को मिलता रहा है।


अजरबैजान सरकार से भारत ने फिर से ऊर्जा निर्यात शुरू कर दिया है। भारत सरकार भी अजरबैजान से रिश्ते सामान्य करना चाहती है, क्योंकि अजरबैजान, भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा, दक्षिण काकेशस में भू राजनीतिक संतुलन के दृष्टिकोण से महत्वपूर्व है। यूरोप का यह छोटा सा देश जरूर है, लेकिन भारत की यूरेशिया तक कनेक्टिविटी बढ़ाने और 'इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर' के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। कहा जाता है कि अजरबैजान, यूरोप और एशिया के चौराहे पर स्थित है, इसलिए भारत भी नहीं चाहता कि इस महत्वपूर्ण देश से उसके रिश्ते में ज्यादा कड़वाहट आए, हालांकि भारत किसी भी सूरत में आर्मेनिया को भी नाराज नहीं करेगा, क्योंकि वह भारत का स्वाभाविक मित्र राष्ट्र है। भारत का प्रत्येक मंच पर समर्थन करता है। साथ ही सबसे बड़ा हथियार आयातक देश भी है।

आर्मेनिया ने भी ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकालने में भारत की बड़ी मदद की है, हालांकि हाल के कुछ महीने में पाकिस्तान के साथ उसके रिश्ते में सुधार आया है। अब भारत सरकार को अपनी कूटनीति के आधार पर न सिर्फ अजरबैजान और आर्मेनिया को साधे रखना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि उसका स्वाभाविक मित्र राष्ट्र आर्मेनिया, पाकिस्तान के पाले में न जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईरान-अमेरिका युद्ध में जिस तरह मित्र राष्ट्र इजरायल, अमेरिका और ईरान को साध रहे हैं, वैसे ही वे इन दोनों देशों को भी अपने साथ रखने में कामयाब होंगे।

अजरबैजान का पाकिस्तान से अलग होना बहुत जरूरी है। जिस तरह पर्यटकों की संख्या वहां घटी है और आर्थिक रूप से झटका लगा है, उससे तो यही लगता है कि अब अजरबैजान पुनः सार्वजनिक मंच पर पाकिस्तान के समर्थन में आवाज उठाने की हिमाकत नहीं करेगा। साथ ही वह भारत के समर्थन में खड़ा नजर आएगा। 200 से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में मदद करके उसने इस बात के संकेत दे दिए हैं और पाकिस्तान को भी बता दिया है कि वह इस्लामाबाद का साथ तभी तक दे पाएगा जब तक कि उसके अपने हित प्रभावित नहीं होंगे। वैसे भी अजरबैजान और इजरायल की दोस्ती अच्छी है। ऐसे में अजरबैजान पर भारत से रिश्ते सुधारने का दबाव इजरायल की तरफ से भी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि यह रिश्ते आने वाले दिनों में मजबूत होंगे।

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत और अजरबैजान के द्विपक्षीय संबंधों में आया तनाव अब कम होने लगा है। अजरबैजान ने न सिर्फ कच्चे तेल की आपूर्ति बढ़ाई है, बल्कि ईरान से दो सौ से अधिक भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी में भी मदद की है।

### आमने सामने




अगर भारत एक और झूठा फ्लैग ऑपरेशन करने की कोशिश करता है, तो हम इसे कोलकाता तक ले जाएंगे। भारत, पाकिस्तान को दोषी ठहराने के लिए झूठे फ्लैग ऑपरेशन की योजना बना रहा है।

**-ख्वाजा आसिफ**
रक्षा मंत्री
पाकिस्तान

पाकिस्तान के रक्षामंत्री को ऐसा भड़काऊ बयान नहीं देना चाहिए था। 55 साल पहले उन्हें इसके परिणाम भुगतने पड़े थे, जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंट गया था। अगर वे बंगाल पर नजर डालने की कोशिश करेंगे, तो पता नहीं इस बार पाकिस्तान कितने हिस्सों में बंटेगा।

**-राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री, भारत



## स्त्रियों पर बंदिश फिर इसे अक्षमता बताता है समाज




सत्य प्रकाश नायक

एक्टिविस्ट


रात के ग्यारह बजे एक व्यक्ति बिजली के खंभे पर चढ़ा है। नीचे अंधेरा है और ऊपर करंट का खतरा। तस्वीर के साथ लिखा है कि जिस दिन महिलाएं भी ऐसे काम करेंगी, उस दिन सच्ची बराबरी होगी। पहली नज़र में यह तर्क सीधा लगता है, लेकिन क्या वास्तव में बराबरी का अर्थ केवल वही काम करना है, जो दिखाई देता है। क्या जोखिम ही समानता की अंतिम कसौटी है, या यह सवाल ही अधूरा है। कभी-कभी हम तस्वीरों से निष्कर्ष निकाल लेते हैं, पर तस्वीरें अक्सर कहानी का आधा हिस्सा ही दिखाती हैं। जो दिखाई देता है, वह श्रम है; जो नहीं दिखाई देता, वह त्याग है और बराबरी की चर्चा में त्याग का अदृश्य होना ही, सबसे बड़ी विडंबना है।

इतिहास बताता है कि स्त्रियों को लंबे समय तक शिक्षा, संपत्ति और पेशेवर अवसरों से दूर रखा गया। जब संस्थानों के दरवाज़े बंद थे, तब उनकी अनुपस्थिति को उनकी अक्षमता माना गया। उन्नीसवीं सदी में एक महिला को चिकित्सा शिक्षा पाने के लिए पुरुष की पहचान अपनानी पड़ी, क्योंकि महिलाओं के लिए मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश वर्जित था। पहले रास्ते बंद किए गए, फिर पूछा गया कि महिलाएं दिखती क्यों नहीं। यह बराबरी नहीं थी, यह संरचनात्मक असमानता थी।

भेदभाव अचानक वयस्कता में शुरू नहीं होता। वह बचपन से शुरू होता है। लड़कों को खिलौनों में गाड़ियां, औज़ार और बाहर की दुनिया दी जाती है। लड़कियों को रसोई सेट और गुड़िया। लड़कों को चढ़ना, गिरना, जोखिम लेना सिखाया जाता है। लड़कियों को संभलकर चलना और सीमाओं में रहना। धीरे-धीरे यह सामाजिक प्रशिक्षण उनके आत्मविश्वास, आकांक्षाओं और निर्णय लेने की क्षमता को आकार देता है। जब बचपन से ही यह संदेश दिया जाए कि कुछ काम 'तुम्हारे लिए नहीं हैं', तो बड़े होकर अवसरों की असमानता केवल परिणाम होती है, कारण नहीं।

कार्य विभाजन भी तटस्थ नहीं है। समाज ने कामों को 'पुरुष' और 'महिला' श्रेणियों में बांट दिया। भारी मशीन, निर्माण, तकनीकी मरम्मत पुरुषों के हिस्से में गई। देखभाल, सफाई, खाना बनाना, बच्चों और बुजुर्गों की जिम्मेदारी महिलाओं के हिस्से में। यह बटवारा जैविक कम और सामाजिक अधिक था। पर समय के साथ इसे प्राकृतिक मान लिया गया।

भारतीय समाज में यह असमानता और जटिल हो जाती है। संयुक्त राष्ट्र और यूनिसेफ से जुड़े आकलनों के अनुसार ग्रामीण भारत में पानी लाने की जिम्मेदारी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं पर है। वे रोज़ कई किलोमीटर पैदल चलती हैं और घंटों कतार में खड़ी रहती हैं। यह श्रम शारीरिक रूप से कठिन है, लेकिन इसे जोखिमपूर्ण कार्यों की श्रेणी में नहीं रखा जाता, क्योंकि यह घर के दायरे से जुड़ा है और इसके बदले वेतन नहीं मिलता।

भारत के टाइम यूज़ सर्वे 2019 के अनुसार महिलाएं, पुरुषों की तुलना में कई गुना अधिक समय अवैतनिक घरेलू और देखभाल कार्यों में लगाती हैं। ऑब्ज़र्वर रिसर्च फाउंडेशन के विश्लेषण के अनुसार भारतीय महिलाएं, पुरुषों से लगभग आठ गुना अधिक समय देखभाल कार्यों में देती हैं। यदि एक पुरुष प्रतिदिन एक घंटा देता है, तो एक महिला औसतन आठ घंटे देती है। यह केवल समय का अंतर नहीं यह अवसर का अंतर है। जब किसी व्यक्ति का अधिकांश समय अवैतनिक जिम्मेदारियों में व्यतीत होता है, तो वह प्रशिक्षण, कौशल विकास, नेटवर्किंग या जोखिमपूर्ण पेशों में प्रवेश के लिए आवश्यक तैयारी कैसे करेगा।

नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च के अध्ययन से संकेत मिलता है कि यदि घरेलू जिम्मेदारियां संतुलित रूप से बांटी जाएं, तो महिला श्रम भागीदारी लगभग छह प्रतिशत तक बढ़ सकती है। यह वृद्धि केवल सांख्यिकीय परिवर्तन नहीं होगी; यह लाखों महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता का मार्ग खोलेगी। मैकिंज़ी ग्लोबल इंस्टीट्यूट का अनुमान है कि महिलाओं की पूर्ण आर्थिक भागीदारी से वैश्विक अर्थव्यवस्था में खरबों डॉलर की वृद्धि संभव है। अवसर केवल समय से नहीं रुकते। वे मानसिकता से भी रुकते हैं। अनेक घरों में आज भी लड़कियों की गतिशीलता सीमित की जाती है। देर शाम बाहर रहना, दूर शहर में प्रशिक्षण लेना, फील्ड जॉब करना, जोखिमपूर्ण काम सीखना, इन सब पर प्रश्नचिह्न लगाया जाता है। परिवार की प्रतिष्ठा, सुरक्षा और परंपरा का तर्क दिया जाता है।

परिणामस्वरूप लड़कियां धीरे-धीरे अपने सपनों को छोटा करना सीख जाती हैं। लगातार यह सुनना कि तुम नाजुक हो, तुम कमजोर हो, तुम्हें सुरक्षा की ज़रूरत है, केवल बाहरी रोक नहीं है; यह भीतर भी घर कर लेता है। मनोवैज्ञानिक स्तर पर आत्मविश्वास क्षीण होता है। कई महिलाएं अवसर मिलने पर भी स्वयं को उस भूमिका के योग्य नहीं मानतीं। जब समाज बार-बार सीमाएं खींचता है, तो व्यक्ति उन सीमाओं को अपनी पहचान का हिस्सा समझने लगता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्त्रियों को लंबे समय तक शिक्षा, संपत्ति और पेशेवर अवसरों से दूर रखा गया। जब संस्थानों के दरवाजे बंद थे, तब उनकी अनुपस्थिति को उनकी अक्षमता माना गया।

### सोशल फोरम

## कमलपुर की महानता

एक बार मैं कमलपुर राज्य में गया। जब वहां के राजा के साथ भ्रमण पर निकला, तो कुछ देर बाद ही मुझे अपनी नाक पर रुमाल रखना पड़ा। 'आपके यहां गंदगी कुछ जियादे ही है श्रीमान!'

'क्या कह रहे हैं। हमारे यहां रोज सफाई होती है। यहां का सूबेदार खुद यह काम करता है। वह भी रोज। बिना नागा किए हुए! इस वक्त भी वह सफाई कार्य में लगा होगा! आप चलकर खुद ही देख लें महोदय!'




अनूप मणि त्रिपाठी

लेखक


इसी के साथ राजा ने सारथी को दिशा परिवर्तन का आदेश दिया। आदेश मिलते ही रथ दूसरी दिशा की ओर चल पड़ा। हम जैसे-जैसे आगे बढ़ रहे थे, दुर्गंध से मेरा दम घुटा जाता था। कुछ दूर जाने के बाद मैंने देखा कि उनका सूबेदार अपनी भाषा में जोर-जोर से कुछ बक रहा है, पर सामने मुझे कोई नजर न आता था। मैंने उधर-उधर देखने की कोशिश की पर मुझे कोई नहीं दिखा।

अंत में हारकर मैंने राजा से पूछा, 'आपका सूबेदार ये किससे बात कर रहा है? मुझे तो कोई नजर नहीं आ रहा श्रीमान!'

राजा बोला,' यह जो पहाड़ देख रहे हैं, मेरा काबिल सूबेदार उसी से बात कर रहा है।' मुझे बहुत हैरत हुई। मुझे तो वहां कोई पहाड़ नजर नहीं आया। पर मैं नहीं जानता था कि आगे महाहैरत मेरा इंतजार कर रही है। 'क्षमा करें मान्यवर! पर मुझे तो कोई पहाड़ नजर नहीं आ रहा!' मैंने राजा को अपनी दुविधा बताई।

राजा ने मेरी मुंडी पकड़ी और अपनी उंगली से सामने की ओर इशारा करते हुए बोला, 'वो रहा पहाड़। इतना ऊंचा तो है!'

'श्रीमान यह तो कूड़े का ढेर है!' मैं लगभग चीखते हुए बोला।

'पहाड़ जितना तो ऊंचा है!'

'मगर कूड़े के पहाड़ से कह क्या रहा है आपका सूबेदार!'

'वह कह रहा है कि अकड़ मत भइये! एक दिन तो तुझे यहां से भागना होगा! एक दिन तुझे यहां से जाना होगा!'

'और ये कब से कह रहा!' मैंने खुद को संभालते हुए पूछा।

'तकरीबन आठ-दस साल तो हो ही गए होंगे!'

'लोगों को दिक्कत नहीं होती क्या!' मैंने राजा से हैरत से पूछा।

'महोदय! किसी भी चीज को लंबा चलाना-खींचना होता है बस, एक दिन वह आदत में बदल जाती है। फिर चाहे गंदगी हो या युद्ध!' अपनी नाक से खुशबूदार रुई के फाहे निकालते हुए आगे बोला, 'देख लीजिए! यहां सिर्फ आपकी नाक पर रुमाल है।'

वाकई वहां मेरी नाक पर ही रुमाल था।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## जलवायु परिवर्तनः पान की पारंपरिक खेती पर खतरा

राजस्थान के भरतपुर जिले की बयाना तहसील के कुछ गांव आजकल किसी रिपोर्ट के आंकड़े नहीं, बल्कि एक धीमी त्रासदी की तरह सामने आते हैं। कभी यहां पान की बेलें सिर्फ खेतों में नहीं, लोगों की जिंदगी में भी लहलहाती थीं। आज वही बेलें सिकुड़ गई हैं और उनके साथ सिकुड़ गई है, एक पूरे समुदाय की आर्थिक और सामाजिक दुनिया। एक आज ये गांव खाली हो रहे हैं। वहां के ग्रामीण कामकाज के लिए बड़े शहरों में पलायन कर गए हैं।

पिछले दिनों मैंने जब इस इलाके के बारे में सुना था, तो एक बात बार-बार मन में आ रही थी कि क्या सचमुच यह सिर्फ मौसम की मार है? या फिर हम अपनी जिम्मेदारियों को 'जलवायु परिवर्तन' जैसे बड़े शब्दों के पीछे छिपा रहे हैं? यह सच है कि मौसम बदल गया है। सर्दियां पहले जैसी नहीं रही हैं, गर्मियां झुलसा देती हैं और बारिश अपने समय पर नहीं आती। पान जैसी नाजुक फसल के लिए यह बदलाव जानलेवा साबित हुआ है। मैं जब इस इलाके में गया, तो गांवों की समृद्ध अर्थ व्यवस्था को उजड़े हुए पाया। खरैरी, बागरैन और खानखेड़ा गांवों के किसान बताते हैं कि पहले पान की एक बेल पंद्रह फीट तक जाती थी, अब सात-आठ फीट पर ही दम तोड़ देती है। पत्ते कम हो गए हैं और जो हैं, वे भी अक्सर दागदार या जले हुए मिलते हैं।




अमरपाल सिंह वर्मा

वरिष्ठ पत्रकार


कहानी यहीं खत्म नहीं होती है। असल कहानी वहां से शुरू होती है, जहां किसान मौसम से लड़ते-लड़ते थक जाता है और फिर उसे अहसास होता है कि इस लड़ाई में वह अकेला है। कोई उसके साथ नहीं है। पान की खेती आज भी फसल बीमा के दायरे से बाहर है। यह एक ऐसी हकीकत है, जिसे सुनकर हैरानी नहीं, बल्कि चिंता होनी चाहिए। बड़ा सवाल यह है कि जब जोखिम बढ़ रहा है, तब सुरक्षा का दायरा क्यों नहीं बढ़ता? क्या हमारी नीतियां केवल गेहूं-चावल जैसी मुख्यधारा की फसलों तक सीमित रह गई हैं? या फिर हम उन फसलों को नजरअंदाज कर रहे हैं, जो भले ही राष्ट्रीय आंकड़ों में बड़ी न दिखें, लेकिन स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं?

बयाना का खरैरी गांव इसका जीता-जागता उदाहरण है। कभी यहां पान की वजह से इतनी रौनक थी कि बैंक की मुख्य शाखा तक खुल गई थी। आज हालात ऐसे हैं कि यह बैंक भी अपना बोरिया-बिस्तर समेट चुका है। यह सिर्फ एक आर्थिक गिरावट नहीं, बल्कि एक पूरे दौर के खत्म होने की निशानी है। इसके बाद आता है पलायन। गांव के युवा अब खेतों में नहीं, शहरों की भीड़ में मिलते हैं। बड़े शहरों में कोई सिक्योरिटी गार्ड है, कोई हलवाई के यहां काम कर रहा है, कोई ऑटो चला रहा है। यह बदलाव सिर्फ पेशे का नहीं, बल्कि पहचान का भी है। जो लोग कभी अपने खेतों के दम पर समृद्ध थे, वे अब शहरों में मजदूरों की कतार का हिस्सा बन गए हैं।

सवाल यह भी है कि क्या हम गांवों को धीरे-धीरे खाली होते देखने के आदी हो चुके हैं? सरकार की भूमिका पर बात करना यहां जरूरी है, लेकिन इसे केवल आलोचना के रूप में नहीं, बल्कि जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए। अगर किसी क्षेत्र में सदियों पुरानी खेती खत्म होने के कगार पर है, तो क्या यह सिर्फ किसानों की समस्या है? या यह नीति-निर्माताओं के लिए भी एक चेतावनी है? पान की खेती को अगर बीमा, अनुदान, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ा जाता, तो शायद हालात यह न होते। आसपास मंडी नहीं है, परिवहन की सुविधा कमजोर है। ऐसे में किसान अपनी उपज बेचने के लिए दूर-दराज के शहरों पर निर्भर हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# इंसानियत सिखाती कठपुतलियां



आदिम काल से लेकर आज तक मनुष्य अपने फुर्सत के समय में किसी न किसी तरह के मनोरंजन के साधनों को अपनाता रहा है। कठपुतली नाट्य कला मनुष्य द्वारा अपनाए जाने वाले साधनों में एक स्वस्थ, संदेशप्रद, शालीन, सभ्य, नैतिकता से ओतप्रोत और मानवीय मूल्यों का बोध कराने वाले मनोरंजन के साधनों के रूप में सदियों से जानी जाती रही हैं। परंतु आधुनिक दौर में तकनीकी, प्रौद्योगिकी, मशीनीकरण ने हस्तकला आधारित मनोरंजन के साधनों और औजारों को बुरी तरह ध्वस्त कर दिया। तेजी से पांव पसारती उपभोक्तावादी संस्कृति टीवी, फिल्म, वेबसीरिज, तरह-तरह के धारावाहिकों, कानफोड़ू डीजे कल्चर के चक्कर और घनचक्कर में लोगों ने कठपुतली नाट्य कला को भूला दिया। मोबाइल और लैपटॉप पर होने वाली चैटिंग और विविध प्रकार के गेमो ने तो कठपुतली नाट्य कला को लगभग हाशिए पर धकेल दिया।




मनोज कुमार सिंह
साहित्यकार

## कहानी कहने का सहज और आकर्षक माध्यम

कठपुतली नाट्य कला के सिद्धहस्त कलाकार परदे के पीछे से सुतली, धागे या रस्सी के सहारे मंच पर प्लास्टर ऑफ पेरिस की बनी कठपुतलियों पर जब अपनी जादुई उंगलियों को फेरते हैं, तो कठपुतलियां जीते-जागते इंसानों की तरह बोल उठती हैं। मंच पर कठपुतलियों का मनमोहक नृत्य और अभिनय दर्शकों का मन बरबस मोह लेता है। किसी कथा, कथानक और कहानी कहने का सहज सरल और आकर्षक माध्यम है कठपुतली नाट्य कला। नाट्यकला और रंगमंच के इतिहास का अवलोकन करने पर ज्ञात होता है कि कठपुतली नाट्य कला स्वस्थ मनोरंजन के सरल, सहज, सशक्त और आकर्षक माध्यम के रूप में अत्यंत प्राचीन काल से विश्व के अधिकांश हिस्सों मे व्याप्त रही है। कालक्रमेण कठपुतली नाट्य कला स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञान-विज्ञान का समुचित बोध कराने, शिक्षा, सूचना और विचारों के संप्रेषण का माध्यम तथा इससे जुड़े कलाकारों के आजीविका का साधन बन गई। हमारे जनजीवन और लोक मनोरंजन से लगभग मृतप्राय : हो रही है। कठपुतली नाट्य कला के माध्यम से शिक्षण कार्य को रोचक बनाया जा सकता है। कुप्रथाओं, कुरीतियों और अन्य सामाजिक समस्याओं को मिटाने के लिए कठपुतली विधा बेहतरीन माध्यम हो सकती है।







## फ्रांस से शुरू हुई दिवस मनाने की परंपरा

कठपुतली नाट्य कला के विकास, संबर्द्धन और सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर कठपुतली दिवस मनाने का विचार सर्वप्रथम ईरान के कठपुतली नाट्य मर्मज्ञ और प्रस्तोता जावेद जोलपाघरी ने प्रस्तुत किया। वर्ष 2000 में मांडेबुर्ग में 18 वीं Union Internationale de la Marionnetee (UNIMA) सम्मेलन के दौरान यह प्रस्ताव विचार हेतु रखा गया। दो वर्ष बाद इस प्रस्ताव को जून 2002 के जून महीने में अटलांटा में काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। सर्वप्रथम फ्रांस में वर्ष 2003 में विश्व कठपुतली दिवस मनाया गया, तब से कठपुतली दिवस मनाने का चलन-चलन संपूर्ण विश्व में फैलने लगा।

## शिक्षण में निभा सकती है महती भूमिका

अपनी अद्वितीय संप्रेषण दक्षता और ग्रहणशीलता के कारण कठपुतली नाट्य कला प्राथमिक स्तर तथा उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए शिक्षण-प्रशिक्षण का सशक्त और लोकप्रिय माध्यम हो सकती हैं। पौराणिक और ऐतिहासिक विभूतियों के जीवन चरित्र पर आधारित कठपुतली नाट्य कला के प्रदर्शन से चरित्र निर्माण में सहायता मिल सकती हैं। मनोरंजन के नित नवीन विकसित होते माध्यमों के कारण कठपुतली नाट्य कला लगभग विलुप्ति के कगार पर है। इसके साथ ही साथ इसके माध्यम से आजीविका चलाने वाले लोगों के समक्ष भरण-पोषण का संकट खड़ा हो गया है। नृत्य कला, चित्रकला , मूर्तिकला और संगीत कला को समिश्रित किए कठपुतली नाट्यकला भारतीय समाज में अत्यंत प्राचीन काल से चलन-कलन में रही है।

## वर्द्धन वंश ने दिया संरक्षण

सामान्यतः पुतलों का प्रयोग हमारे देश के किसान अपने खून-पसीने की कमाई फसल की रक्षा के लिए करते हैं। अपनी चुनी हुई सरकार, चुने हुए जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अपने आक्रोश को अभिव्यक्त करने के लिए जनता द्वारा पुतला दहन का कार्यक्रम आमतौर पर देखा जा सकता है। हर वर्ष दशहरा के अवसर पर रावण का पुतला दहन करने का रिवाज सदियों पुराना है। परंतु पुतला के माध्यम नाट्यकला कौशल का उल्लेख ईसापूर्व चौथी शताब्दी में पाणिनी कृत अष्टाध्यायी के नटसूत्र में मिलता है। एक पौराणिक मान्यता के अनुसार भगवान शिव ने काठ की मूर्ति में प्रवेश कर पार्वती जी का मन बहलाकर इस नाट्यकला को शुरुआत किया था। सिंहासन बत्तीसी में भी विक्रमादित्य के सिंहासन की बत्तीस पुतलियों का उल्लेख मिलता है। यह सर्वविदित तथ्य है कि राजतंत्रीय परंपराओं में हर कला का विकास राजमहलों की अनुकंपा पर निर्भर था। भारत वर्द्धन वंश के शासकों ने कठपुतली नाट्यकला को संरक्षण और प्रश्रय दिया। वर्द्धन वंश के शासकों के शासन काल में इस कला का फैलाव भारत से पूर्वी एशिया के देशों इंडोनेशिया, थाईलैंड, म्यान्मार, जावा श्रीलंका इत्यादि में हुआ।



## संरक्षण के लिए समाज की जागरूकता जरूरी

पारंपरिक भारतीय कठपुतली नाट्यकला में पौराणिक कथाओं, मिथकों और कहानियों जैसे अमर सिंह राठौड़, पृथ्वीराज, लैला मजनूं, शीरी फरहाद तथा भारतीय इतिहास के विभिन्न कालखंडों के महापुरुषों राजा हरिश्चंद्र, भक्त पूरन मल, श्रवण कुमार, भर्तृहरि, सती-सावित्री इत्यादि के चरित्र को आधार बनाकर मंचन किया जाता था। आज इसका समसामयिक प्रयोग प्रौढ़ शिक्षा, परिवार नियोजन, विज्ञापन इत्यादि में किया जाता है। उत्तर भारत में राजस्थान में कठपुतली नाट्यकला आज भी लोकप्रिय है। लोक जागरण के सशक्त माध्यम कठपुतली नाट्यकला को फिर से व्यापक, विस्तारित और लोकप्रिय बनाने की आवश्यकता है।

साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की माटी के सपूत राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित उत्कृष्ट रंगकर्मी श्री मिथिलेश दुबे अपनी संस्था क्रिएटिव पपेट थिएटर के माध्यम से 'मोहन से महात्मा' कठपुतली नाट्य कला का देश के विभिन्न हिस्सों में मंचन करते आ रहे हैं। मिथिलेश दूबे जी विगत आठ वर्षों से कठपुतली नाट्य कला पर गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। मिथिलेश दूबे जी स्वाधीनता आंदोलन के नायकों के व्यक्तित्व पर आधारित कथानक तैयार कर कठपुतली नाट्य कला का मंचन देश के विभिन्न शहरों में करते आ रहे हैं। इसके अतिरिक्त प्रौढ़ शिक्षा, परिवार नियोजन, नारी सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विषयों पर कथानक तैयार कर मंचन का कार्य करते हैं। जिन सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय समस्याओं को लेकर देश के अधिकांश बुद्धिजीवी बहस करते हैं। इन समस्याओं को कठपुतली नाट्य कला के माध्यम से हम जनमानस को सहजता से समझा सकते हैं। इस तरह कठपुतली नाट्य कला के माध्यम से देश की विविध समस्याओं के प्रति जनमानस को जागरूक कर सकते हैं। इसके साथ कठपुतली नाट्य कला के माध्यम से स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ अपने समाज के नैतिक मूल्यों, आदर्शों और मर्यादाओं को समाज स्थापित, विस्तारित, व्यापक और मजबूत कर सकते हैं। इस नाट्यकला के माध्यम से भारतीय समाज में व्याप्त कुरीतियों, कुप्रथाओं और असंगत रूढ़ियों को दूर किया जा सकता है। वैसे तो कठपुतली नाट्य कला का फैलाव प्रशांत महासागर के पूर्वी छोर से पश्चिमी छोर तक पाया जाता हैं, परंतु आधुनिक दौर में भारत में यह कला बेहद संकट के दौर से गुजर रही हैं।

कठपुतली नाट्य कला को विगत वर्षों में स्कील इंडिया कार्यक्रम से जोड़ा गया है, जिसके माध्यम से कलाप्रेमी युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जा सके। कठपुतली नाट्य कला को संरक्षित करने के लिए जन जन में जागरूकता लाई जाए तथा स्वस्थ सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिवेश निर्मित किया जा सके।

---

अनोखी परंपरा



## पीढ़ियों का विश्वासः राम जन्म कुंडली वाचन

राजस्थान के बीकानेर शहर में एक ऐसी अनूठी धार्मिक परंपरा जीवित है, जो समय के साथ न केवल संरक्षित रही है, बल्कि आज भी लोगों की गहरी आस्था का केंद्र बनी हुई है। तेलीवाड़ा चौक स्थित रघुनाथ मंदिर में पिछले लगभग 125 वर्षों से भगवान श्रीराम की जन्म कुंडली के वाचन की परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। यह परंपरा केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि स्थानीय सांस्कृतिक विरासत का सशक्त प्रतीक भी है। इस परंपरा की सबसे विशेष बात यह है कि कुंडली वाचन का दायित्व पीढ़ी दर पीढ़ी एक ही परिवार द्वारा निभाया जाता रहा है। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में न केवल धार्मिक अनुशासन दिखाई देता है, बल्कि परिवार की उस निष्ठा का भी परिचय मिलता है, जिसने इसे समय की धारा में बहने नहीं दिया। मंदिर परिसर में स्थापित वीर हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष यह अनुष्ठान विधिवत संपन्न होता है, जहां श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इसे श्रद्धा के साथ देखते और सुनते हैं।

कुंडली वाचन से पूर्व पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। इसके बाद भगवान को अर्पित प्रसाद को भक्तों में वितरित किया जाता है। प्रसाद के रूप में पंचामृत और पंजीरी का विशेष महत्व है। पंचामृत को दूध, दही, केसर और पंचमेवा से तैयार किया जाता है, जिसकी मात्रा भी इस आयोजन की भव्यता को दर्शाती है। करीब 9 क्विंटल पंचामृत श्रद्धालुओं के बीच बांटा जाता है। यह केवल प्रसाद वितरण नहीं, बल्कि सामूहिक सहभागिता और श्रद्धा का उत्सव बन जाता है। इस परंपरा का महत्व केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है। यह बीकानेर की उस सांस्कृतिक पहचान को भी उजागर करती है, जिसमें परंपराओं को सहेजकर अगली पीढ़ियों तक पहुंचाने का भाव निहित है। बदलते समय और आधुनिक जीवनशैली के बीच भी इस तरह की परंपराओं का जीवित रहना इस बात का प्रमाण है कि समाज अपनी जड़ों से कितना गहराई से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार, बीकानेर का यह रघुनाथ मंदिर न केवल एक आस्था का केंद्र है, बल्कि वह स्थान भी है, जहां इतिहास, परंपरा और विश्वास एक साथ जीवंत रूप में दिखाई देते हैं।

## रंग, रिश्ते और रिवाजों का जनजातीय उत्सव

लोकायन

गुजरात के उत्तर-पूर्वी अंचल में जब रंग, संगीत और उत्साह एक साथ सजीव हो उठते हैं, तब कवंत का जनजातीय उत्सव अपने पूरे वैभव के साथ सामने आता है। यह केवल एक पर्व नहीं, बल्कि रथवा जनजाति के जीवन, संस्कृति और सामूहिक आनंद का जीवंत उत्सव है, जिसमें परंपरा और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिलता है। कवंत का यह आयोजन दरअसल एक बड़े सामाजिक मिलन का रूप ले लेता है। दूर-दराज के गांवों से लोग सजे-धजे परिधानों में यहां पहुंचते हैं और अपने रिश्तों को नया आयाम देते हैं। इस दौरान विवाह संबंधों पर चर्चा करना एक अहम पहलू होता है, जहां परिवार आपसी सहमति और परंपराओं के अनुसार रिश्तों की नींव रखते हैं। साथ ही, वस्तुओं का आदान-प्रदान भी इस उत्सव का हिस्सा होता है, जो सामुदायिक जीवन की आत्मनिर्भरता और सहयोग की भावना को दर्शाता है। इस उत्सव की सबसे आकर्षक झलक इसके पारंपरिक लोक नृत्यों में देखने को मिलती है। ढोल-नगाड़ों और लोक वाद्यों की थाप पर युवक-युवतियां जब समूह में थिरकते हैं, तो पूरा वातावरण ऊर्जा और उल्लास से भर उठता है। उनके रंग-बिरंगे परिधान, पारंपरिक आभूषण और लयबद्ध नृत्य इस उत्सव को और भी मनमोहक बना देते हैं। संगीत यहां केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का माध्यम बन जाता है। कवंत की खासियत यह भी है कि यह अब केवल स्थानीय उत्सव नहीं रह गया है। इसकी ख्याति देश-विदेश तक पहुंच चुकी है।

हर वर्ष बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक और अनिवासी भारतीय इस अनूठे जनजातीय उत्सव को देखने के लिए यहां आते हैं। उनके लिए यह अनुभव किसी जीवंत सांस्कृतिक संग्रहालय से कम नहीं होता, जहां वे भारत की आदिवासी परंपराओं को करीब से महसूस कर पाते हैं। बदलते समय के बावजूद कवंत अपनी मूल पहचान को सहेजे हुए है। यह उत्सव आज भी उस सरल, सामूहिक और आनंदमय जीवनशैली की झलक प्रस्तुत करता है, जो आधुनिकता की दौड़ में कहीं खोती जा रही है। यही कारण है कि कवंत न केवल एक त्योहार है, बल्कि वह परंपरा, पहचान और समुदाय की एक ऐसी जीवित कहानी है, जो हर साल नए उत्साह के साथ दोहराई जाती है।



आर्ट गैलरी

## यशोदा और कृष्ण : भारतीय कला की पुनर्पहचान

कला जगत की ताजा खबर यह है कि वैक्सीन उद्योग के अरबपति सायरस पूनावाला ने राजा रवि वर्मा की प्रसिद्ध कृति "यशोदा और कृष्ण" को 17 .9 मिलियन डॉलर (लगभग 1672 करोड़ रुपये) में खरीदकर भारतीय चित्रकला की नीलामी का नया रिकॉर्ड स्थापित किया। यह नीलामी 1 अप्रैल को मुंबई स्थित सैफ्रौनआर्ट में हुई, जहां इस कृति ने अनुमानित मूल्य से कहीं अधिक बोली प्राप्त की और एम. एफ. हुसैन की कृति "ग्राम यात्रा" को मिली उच्चतम बोली का पिछला रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस तरह यह चित्र दक्षिण एशियाई कला के लिए दूसरी सबसे महंगी कृति बन गयी है। हालांकि पहला स्थान 2017 में बिकी एक बौद्ध मूर्ति के पास है। पूनावाला ने इसे "राष्ट्रीय धरोहर" बताते हुए कहा कि वे इसे समय-समय पर सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए उपलब्ध कराते रहेंगे।





यह कृति रवि वर्मा के करियर के उस शिखर काल की है, जिसमें पाश्चात्य यथार्थवादी शैली और भारतीय पौराणिक विषयों का अद्भुत समन्वय दिखाई देता है। उल्लेखनीय है कि रवि वर्मा उन कलाकारों में शामिल हैं, जिन्हें 1972 के भारतीय कानून के तहत 'राष्ट्रीय धरोहर' घोषित किया गया है, जिसके कारण उनकी कृतियां देश से बाहर नहीं जा सकतीं हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह बिक्री भारतीय कला बाजार के परिपक्व होने और देश के भीतर सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने की बढ़ती प्रवृत्ति का सुखद संकेत है।



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक

"यशोदा और कृष्ण" शीर्षक वाली यह कृति केवल एक ग्रामीण दृश्य नहीं है, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक स्मृति, भक्ति-परंपरा और मातृत्व के गहन प्रतीकवाद से समृद्ध एक दृश्य-आख्यान बन जाती है। राजा रवि वर्मा ने इस चित्र में पौराणिक कथा को लोकजीवन के सहज परिवेश में रूपायित कर उसे एक नई यथार्थवादी संवेदना प्रदान की है। चित्र में माता यशोदा को एक साधारण ग्रामीण स्त्री के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो गाय का दूध निकाल रही हैं। उनके पीछे बालक कृष्ण का स्नेहपूर्ण आलिंगन मातृत्व और बाल-क्रीड़ा की आत्मीयता को व्यक्त करता है। यहां कृष्ण कोई अलौकिक, चमत्कारिक देवता नहीं, बल्कि एक चंचल, स्नेहमय बालक के रूप में दिखाई देते हैं-यही रवि वर्मा की सबसे बड़ी विशेषता है, अर्थात् देवत्व का मानवीकरण।

कला-इतिहास की दृष्टि से यह चित्र भारतीय भक्ति आंदोलन की उस परंपरा को दृश्य रूप देता है, जिसमें ईश्वर को एक सुलभ, प्रेमपूर्ण और मानवीय रूप में अनुभव किया जाता है। विदित है कि यशोदा-कृष्ण संबंध वैष्णव भक्ति परंपरा में 'माधुर्य' और 'वात्सल्य' भाव का प्रमुख उदाहरण है। इस चित्र में वात्सल्य रस की अभिव्यक्ति अत्यंत स्वाभाविक और प्रभावशाली है-यशोदा का शांत, ममत्वपूर्ण चेहरा और कृष्ण का स्नेहिल स्पर्श इस भाव को मूर्त रूप देते हैं।

तकनीकी दृष्टि से, चित्र में प्रकाश और छाया का सूक्ष्म उपयोग, शरीर की आयतनात्मकता और वस्त्रों की यथार्थपरक बनावट यूरोपीय अकादमिक शैली की देन है, किंतु विषय-वस्तु, भाव और प्रतीक पूरी तरह भारतीय हैं। गौ यहां केवल एक पशु नहीं, बल्कि 'गौ-माता' के रूप में भारतीय सांस्कृतिक प्रतीक है- समृद्धि, पोषण और पवित्रता का संकेत।

राजा रवि वर्मा के चित्रों में एक और महत्वपूर्ण पहलू उभरता है-पौराणिक आख्यानों का लोक-रूपांतरण। कृष्ण, जो सामान्यतः वृंदावन के दिव्य नायक या अवतार के रूप में चित्रित होते हैं, यहां एक ग्रामीण बालक के रूप में उपस्थित हैं। इससे दर्शक के साथ उनका संबंध अधिक आत्मीय और निकट हो जाता है। इस प्रकार, रवि वर्मा ने धार्मिक कथा को सामाजिक यथार्थ के साथ जोड़कर उसे जनसामान्य के अनुभव का हिस्सा बना दिया। आलोचनात्मक दृष्टि से देखें तो यह चित्र उस सांस्कृतिक परियोजना का हिस्सा है, जिसमें औपनिवेशिक काल में भारतीय पहचान को पुनर्परिभाषित करने का प्रयास किया जा रहा था। यशोदा और कृष्ण के माध्यम से 'भारतीय मातृत्व' और 'आदर्श बालक' की छवि गढ़ी गई, जो एक सांस्कृतिक आदर्श का निर्माण करती है।

अंततः "यशोदा और कृष्ण" केवल एक चित्र नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दर्शन, भक्ति-संवेदना और सांस्कृतिक प्रतीकों का समन्वित रूप है। राजा रवि वर्मा ने इस पेंटिंग के माध्यम से यह सिद्ध किया कि पौराणिक कथाएं केवल अलौकिक नहीं, बल्कि मानवीय अनुभवों के माध्यम से भी उतनी ही प्रभावशाली ढंग से व्यक्त की जा सकती हैं। यही कारण है कि यह कृति आज भी सौंदर्य, भाव और अर्थ- तीनों स्तरों पर अत्यंत प्रासंगिक बनी हुई है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,616.58 | 23,123.65 |
| बढ़त | 509.73 | 155.40 |
| प्रतिशत में | 0.69 | 0.68 |

सोना 1,53,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,40,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, बुधवार ,8 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2655, राज श्री 2050, फ़ॉर्चून कि. 2780, रविन्द्रा 2670, फॉर्चुन 13kg 2440, जय जवान 2185, सचिन 2350, सूरज 2185, अवसर 2145, उजाला 2200, गृहणी 13 kg 2190, क्लासिक (kg) 2560, मोर 2390, चक्र टिन 2625, ब्लू 2440, आशीर्वाद मस्टर्ड 2530, स्वास्तिक 2610

**किराना**–निजामाबाद हल्दी 16000–18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 14000–18000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 800–1150

**चावल–(प्रति कु0)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7000, शरबती कच्ची 6250, शर्बती स्टीम 6450, मंसूरी 4300, महबूब सेला 4850, गौरी रॉयल 9800, राजभोग 7450, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 10900, हरी पत्ति नेचुरल 9900, गौरी स्पेशल 9400, गौरी प्रीमियम 10900, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4300

**दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500–13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7450–9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10300–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 12800

**चीनी**– पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4260, रोज़ा 4260

## बरेली सर्राफा

**दाम प्रति 10 ग्राम**– सोना पक्के आभूषण 150000, सोना गिन्नी 146000, चांदी ( पक्की ) 2350 ( अनुमानित )

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**

**चावल :** शरबती– 3600 मसूरी– 1300 बासमती– 7400–8000 परमल– 1200–3800

**दाल दलहन**– काला चना– 2000–3500 साबुत चना दाल– 1200 मूंग साबुत– 5200 राजमा– 7400–12600 दाल उड़द– 5400 साबुत मसूर दाल– 2000 मसूर दाल– 1000 उड़द साबुत– 10400 काबुली चना– 5200–10200 अरहर दाल– 10400 –12000 लोबिया/करमानी– 1600–3400

# 24 हजार करोड़ के औद्योगिक निवेश प्रस्तावों को मंजूरी

## आठ औद्योगिक इकाइयों को मिलेगा एलओसी, कई जिलों में परियोजनाएं

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश में करीब 24,000 करोड़ के निवेश प्रस्तावों को मंजूरी दे दी गई। इन प्रस्तावों के तहत राज्य के विभिन्न जिलों में आठ बड़ी औद्योगिक इकाइयां स्थापित की जाएंगी, जिनसे हजारों युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है।

औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी ने बताया कि सरकार की ओर से इन कंपनियों को जल्द ही लेटर ऑफ कंफर्ट जारी किए जाएंगे, जिससे परियोजनाओं के धरातल पर उतरने की प्रक्रिया तेज होगी। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में नए भारत का नया उत्तर प्रदेश आज देश का ग्रोथ इंजन बनने की ओर अग्रसर है। बड़ी संख्या में निवेशक प्रदेश में निवेश के लिए स्वयं आगे आ रहे हैं। प्रत्येक निवेश प्रस्ताव को धरातल पर साकार करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



● हजारों को मिलेगा रोजगार, यूपी बना निवेशकों की पहली पसंद

### इन जिलों में लगेंगी उद्योग इकाइयां

इन निवेश प्रस्तावों के तहत शाहजहांपुर, गोरखपुर, ग्रेटर नोएडा, प्रयागराज, हाथरस, यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र और मुरादाबाद में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना होगी। इससे क्षेत्रीय संतुलित विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

### इन कंपनियों को मिली कैबिनेट से मंजूरी

ओएफबी टैंक प्रा. लि. – शाहजहांपुर में एग्रो केमिकल प्लांट (589.98 करोड़)
इंडिया ग्लाइकोल्स लि. – गोरखपुर में एथेनॉल प्लांट (669.93 करोड़)
सीईएसी ग्रीन पावर – सोलर सेल प्लांट (3805 करोड़)
बिसलेरी इंटरनेशनल – प्रयागराज में बेवरेज प्लांट (269.31 करोड़)
एजीआई ग्रीन पैक – हाथरस में एल्युमिनियम कैन यूनिट (1128.72 करोड़)
इंटीग्रेटेड बैटरीज इंडिया – यमुना एक्सप्रेसवे पर सोलर सेल यूनिट (1146 करोड़)
त्रिवेणी इंजीनियरिंग – मुरादाबाद में एथेनॉल यूनिट (237 करोड़)
अवाडा इलेक्ट्रो – संशोधित निवेश 13,640.79 करोड़

# शेयर बाजार में चौथे दिन भी तेजी, सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा, निफ्टी हुआ 23 हजारी

## मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 % टूटकर 109 डॉलर प्रति बैरल पर आया

**मुंबई, एजेंसी**

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। इससे बीएसई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ गया और एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के पार पहुंच गया। कच्चे तेल के दाम में नरमी और दुनिया के अन्य बाजारों में तेजी से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। इसके अलावा, आईटी शेयरों में लिवाली से भी बाजार में सुधार हुआ।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 509.73 अंक यानी 0.69 प्रतिशत बढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह ऊंचे में 74,686.32 अंक तक गया और नीचे में 73,282.41 अंक तक आया। इससे बाजार में 1,403.91 अंक का उतार-चढ़ाव आया। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 155.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत चढ़कर 23,123.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।



दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, अदाणी पोर्ट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत टूटकर 109 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,671 में बढ़त दर्ज की गई, जबकि 1,555 शेयरों में गिरावट आई और 155 शेयर के भाव अपरिवर्तित रहे। एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ बंद हुए। हांगकांग में अवकाश के कारण बाजार बंद थे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में सकारात्मक रुख था।

# संकट प्रभावित कारोबारों को 2.5 लाख करोड़ की ऋण गारंटी योजना पर विचार

## नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी देगी बैंक ऋण पर यह गारंटी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

सरकार पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित कारोबारों, विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को राहत देने के लिए 2.5 लाख करोड़ रुपये की ऋण गारंटी योजना लाने पर विचार कर रही है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। इस योजना के तहत अमेरिका-ईरान संघर्ष के कारण उधारकर्ताओं द्वारा ऋण चुकाने में चूक होने की स्थिति में उधारदाताओं को 100 करोड़ रुपये तक के ऋणों पर करीब 90 प्रतिशत की ऋण गारंटी प्रदान की जाएगी। बैंक ऋण पर यह गारंटी नेशनल क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) देगी जो सरकार की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। इस योजना के लिए सरकार को करीब 17,000 करोड़ से 18,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करना होगा।

सूत्रों ने बताया कि ऐसी ही योजना कोविड-19 वैश्विक महामारी के दौरान भी लागू की गई थी, जो काफी सफल रही और विभिन्न क्षेत्रों के कई कारोबारों को काम जारी रखने एवं बकाया चुकाने में मदद मिली। सरकार ने मई 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आपात ऋण गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) शुरू की थी। इसका उद्देश्य कोविड-19 वैश्विक महामारी से उत्पन्न व्यवधान के बीच पात्र एमएसएमई और अन्य कारोबारी इकाइयों को परिचालन देनदारियां पूरी करने और कारोबार फिर से शुरू करने में मदद देना था।

इस योजना के तहत अर्थव्यवस्था के करीब सभी क्षेत्रों को शामिल किया गया था और पात्र उधारकर्ताओं को दिए गए ऋण पर सदस्य ऋणदाता संस्थानों को 100 प्रतिशत गारंटी प्रदान की गई थी। योजना की संरचना ऐसी थी कि उधारकर्ताओं को ऋण आसानी से मिल सके। ऋणदाता संस्थान उधारकर्ता के मौजूदा ऋण के आधार पर पूर्व-स्वीकृत ऋण देते थे। अतिरिक्त ऋण के लिए नया मूल्यांकन नहीं किया जाता था। इसके अलावा ऋण पर ब्याज दर की अधिकतम सीमा तय की गई थी ।

# भारत-न्यूजीलैंड 24 अप्रैल को कर सकते हैं एफटीए पर हस्ताक्षर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 24 अप्रैल को यहां हस्ताक्षर होने की संभावना है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस समझौते से भारतीय निर्यातकों को द्वीपीय देश के बाजार में अपने उत्पादों के लिए शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी और अगले 15 वर्ष में करीब 20 अरब डॉलर का निवेश आने की उम्मीद है।

दोनों देशों ने इस व्यापार समझौते पर बातचीत पूरी होने की घोषणा पिछले वर्ष 22 दिसंबर को की थी। इस समझौते का लक्ष्य अगले पांच वर्ष में द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर पांच अरब डॉलर करना है। अधिकारी ने बताया कि इस समझौते पर भारत मंडपम में 24 अप्रैल को हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है।

## काम की बात

# EMI का बोझ ऐसे करें कम

**कारोबार डेस्क**



कर्ज लेना जितना आसान है, लेकिन उसकी अदायगी एक चैलेंज। बाकी खर्चों के साथ ईएमआई देना कई बार मुश्किल हो जाता है। दरअसल EMI केवल एक पेमेंट नहीं, बल्कि लाइफस्टाइल का हिस्सा बन चुकी है। घर, गाड़ी, मोबाइल, यहां तक कि छुट्टियों तक,हर चीज EMI पर मिल रही है। परेशानी तब शुरू होती है जब महीने की सैलरी आती है और कुछ ही दिनों में बैंक के डेबिट मैसेज से आपको तनाव होने लगता है। यदि आप भी अपनी ईएमआई से परेशान हैं, तो आपके काम की बात है।

### EMI कम करने के 5 स्मार्ट तरीके

- **सबसे पहले कौन सा लोन खत्म करें?**
  –आप हमेशा सबसे महंगा लोन खत्म करें। क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन का ब्याज सबसे ज्यादा होता है, ऐसे में इन्हें खत्म करना जरूरी है।
- **क्या ईएमआई कम कर सकते हैं?**
  –हां लाइफस्टाइल के हिसाब से इसको कम कर सकते हैं। अगर EMI ज्यादा लग रही है, तो बैंक से बात करें। लोन की अवधि बढ़वा सकते हैं, EMI कम हो जाएगी। दूसरे बैंक में भी बैलेंस ट्रांसफर कर सकते हैं।
- **खर्च कंट्रोल कैसे करें?**
  –यहां काम आता है 50–30–20 फॉर्मूला। 50% जरूरी खर्च, 30% शौक, 20% बचत। याद रखिए कि अगर EMI ज्यादा है, तो सबसे पहले शौक वाले खर्च कम करें।
- **बोनस का सही उपयोग कैसे करें?**
  –बोनस को खर्च मत करें, लोन खत्म करने में लगाएं। अगर आप हर साल थोड़ा–थोड़ा प्री–पेमेंट करते हैं, तो आपका लोन जल्दी खत्म हो सकता है। इससे ब्याज कम लगेगा और टेंशन भी घटेगी।
- **इमरजेंसी फंड क्यों जरूरी हैं?**
  –अक्सर अचानक खर्च EMI को बिगाड़ देता है। इसके अलावा मेडिकल खर्च, नौकरी जाने का खतरा या अचानक अन्य कोई आवश्यकता के लिए इमरजेंसी फंड जरूरी होता है।

### लोन कंसोलिडेशन भी कर सकते हैं

- आसान भाषा में अपनी एक से अधिक ईएमआई को मिलाकर एक EMI कर लेना लोन कंसोलिडेशन कहलाता है। अगर आपके पास कई हाई इंटरेस्ट लोन हैं (जैसे क्रेडिट कार्ड, पर्सनल लोन), तो कंसोलिडेशन फायदेमंद हो सकता है, अगर :

–**ब्याज दर कम हो जाए :** नए लोन का इंटरेस्ट पुराने से कम हो।
–**EMI मैनेज करना आसान हो :** कई की जगह एक ईएमआई रह जाए।
–**कैश फ्लो सुधरे :** हर महीने कुछ पैसा बचने लगे।
–**क्रेडिट स्कोर बेहतर हो :** समय पर एक EMI भरना आसान होता है। इससे क्रेडिट स्कोर बेहतर होता है।

- **एक बात याद रखिए**–लोन आपकी आवश्यकता पूरी करता है। EMI आपकी जिम्मेदारी है, उसे बोझ बनाना आपकी गलती। लोन चुकाने में अनुशासन पालन करें। ईएमआई कम दिखाने के चक्कर में कुल लागत की गणना करना न भूलें।

### फॉक्सवैगन के टाइगुन के नए संस्करण का उत्पादन

**नयी दिल्ली।** वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने मंगलवार को फॉक्सवैगन टाइगुन के नए संस्करण का उत्पादन पुणे स्थित अपने संयंत्र में शुरू करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नया टाइगुन मॉडल समूह की 'मेक इन इंडिया, फॉर इंडिया एंड द वर्ल्ड' रणनीति को मजबूत करेगा और भारत को वैश्विक उत्पादन एवं निर्यात केंद्र के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा।

# रसोई गैस के बाद अब पीएनजी के दाम भी बढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया संकट के कारण रसोई गैस (एलपीजी) के बाद अब पाइपलाइन के जरिये किचन तक आने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के दाम भी बढ़ गये हैं। दिल्ली-एनसीआर के साथ कानपुर, मेरठ, अजमेर जैसे कई शहरों में घरों में पीएनजी की आपूर्ति करने वाली कंपनी इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने एक अप्रैल से पीएनजी की कीमत बढ़ाकर दिल्ली में 49.59 रुपये प्रति मानक घन मीटर (एससीएम) कर दिया है। इससे पहले एक जनवरी 2026 से इसकी कीमत 47.89 रुपये प्रति एससीएम थी। इस प्रकार राष्ट्रीय राजधानी में पीएनजी 1.70 रुपये प्रति एससीएम महंगी हो गयी है।



एनसीआर के दूसरे शहरों में भी कीमत 1.70 रुपये प्रति एससीएम बढ़ाई गयी है जबकि दूसरे शहरों में पीएनजी एक रुपये महंगी की गयी है। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में एक एससीएम पीएनजी की कीमत 47.76 रुपये से बढ़ाकर 49.46 रुपये कर दी गयी है।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# असम के सीएम सबसे भ्रष्ट, कांग्रेस गठबंधन को मिलेगा बहुमत : खरगे

**गुवाहाटी, एजेंसी**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को दावा किया कि असम विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन 126 सीटों में से 72-73 सीटें जीतकर सरकार बनाएगा। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में यह भी कहा कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भारत में 'सबसे भ्रष्ट' नेता हैं तथा उनके खिलाफ लगे आरोपों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत को टिप्पणी करनी चाहिए।

खरगे ने दावा किया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला गठबंधन असम में अगली सरकार बनाने जा रहा है। हम 72-73 सीटें जीतेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष ने भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा पर निशाना साधा। खरगे ने आरोप लगाया कि भारत में कोई भी मुख्यमंत्री उनके जैसा अहंकारी नहीं है। हिमंत विश्व शर्मा केवल अपने परिवार के विकास के लिए काम कर रहे हैं। वह चाय, स्कूल, कोयला, अंडा, जमीन, सुपारी, हर चीज में सिंडिकेट चला रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि शर्मा के कैबिनेट का हर सदस्य भ्रष्ट है और उन सभी के पास हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति है।



# बंगाल में भाजपा का सत्ता में आना तय घुसपैठियों को वापस भेजेंगे : शाह

## घुसपैठियों के स्वागत को रेड कार्पेट बिछाती है कांग्रेस

**पाथरकांडी (असम), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में 'परिवर्तन' निश्चित है। इस राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आते ही सभी घुसपैठियों को उनके देशों में वापस भेज दिया जाएगा। शाह ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए यह भी दावा किया कि कांग्रेस ने असम की बराक घाटी में अवैध प्रवासियों को शरण दी, जिससे उन्होंने श्रीभूमि, सिलचर और कछार में अपना दबदबा बना लिया।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का विरोध इसलिए करती है क्योंकि उसे पता है कि यह कानून सुनिश्चित करेगा कि राज्य में कोई घुसपैठिया न रहे। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश से सताए गए हिंदू इस कानून के दायरे में आते हैं...कांग्रेस इसका विरोध करती है, लेकिन पार्टी मुस्लिम घुसपैठियों के स्वागत के लिए रेड कार्पेट बिछाती है। शाह ने कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है और देश में घुसपैठियों के लिए कोई जगह नहीं है। गृहमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में 'परिवर्तन' तय है। जैसे ही भाजपा राज्य में सत्ता में आएगी, असम, त्रिपुरा और बंगाल से सभी घुसपैठियों को उनके देशों में वापस भेज दिया जाएगा।

हैलाकांडी में एक अन्य रैली को संबोधित करते हुए शाह ने दावा किया कि कांग्रेस ने असम में मुस्लिम छात्रों के लिए 700 मदरसे बनाए, लेकिन भाजपा ने उनमें से 402 को प्राथमिक विद्यालयों में बदल दिया ताकि उन्हें भी आधुनिक शिक्षा मिल सके।



### प. बंगाल : एसआईआर के बाद वोटर लिस्ट से हटे करीब 91 लाख नाम

**कोलकाता, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के बाद वा से करीब 91 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद राज्य के अंतिम मतदाता आधार की घोषणा अभी बाकी है। हालांकि, उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, पिछले वर्ष अक्टूबर के अंत में 7.66 करोड़ मतदाताओं के आधार पर, राज्य में इस समय कुल हटाए गए मतदाताओं का प्रतिशत 11.85 प्रतिशत से अधिक है। एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत से अब तक कुल हटाए गए नामों की अंतिम संख्या 90.83 लाख से थोड़ा अधिक रही। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, न्यायिक अधिकारियों द्वारा की गई जांच में इन 60.06 लाख में से 27.16 लाख 'विवेचनाधीन' मतदाताओं के नाम हटा दिए गए।

# मतदाताओं को भयभीत कर रहीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी: भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भाजपा ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर मतदाताओं को भयभीत करने का मंगलवार को आरोप लगाया और कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में बाधा डाल रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बनर्जी के इस दावे का खंडन किया कि मतदाताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय बलों को तैनात किया जा रहा है और कहा कि ये टिप्पणियां आसन्न चुनावी हार की हताशा दर्शाती हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि उन्हें निश्चित और करारी हार का सामना करना पड़ रहा है।



ममता जी, आप अब हताशा में हैं। जब कोई नेता हताश हो जाता है, तो वह कुछ भी कहने लगता है।उन्होंने कहा कि मैं इस दावे की कड़ी निंदा करता हूं कि सीआरपीएफ (केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल) लोगों को पीटने आ रही है। ममता जी, सीआरपीएफ किसी को पीटने नहीं आ रही है।

वे यह सुनिश्चित करने आ रहे हैं कि वैसे निर्दोष मतदाता, जिन्हें आपके कार्यकर्ताओं द्वारा हिंसा के माध्यम से मतदान करने से रोका जाता है, अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर सकें।

### टीवीके प्रमुख विजय के दोनों सीटों से नामांकन पत्र स्वीकार

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु विधानसभा के लिए 23 अप्रैल को होने वाले चुनाव में तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) अध्यक्ष विजय द्वारा पेराम्बूर और तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से दाखिल नामांकन पत्रों को मंगलवार को जांच के बाद वैध पाए जाने के साथ स्वीकार कर लिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। विजय दो विधानसभा क्षेत्रों के साथ अपने चुनावी सफर की शुरुआत करने जा रहे हैं।

# स्टालिन ने पुडुचेरी के लिए मांगा पूर्ण राज्य का दर्जा

**पुडुचेरी, एजेंसी**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और द्रमुक अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने आरोप लगाया है कि केंद्र ने पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा देने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है, जबकि केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा ने इस तरह के कदम के लिए 14 बार प्रस्ताव पारित किए हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए और नौ अप्रैल को होने वाले चुनावों के लिए कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और विदुथलाई चिरुथाइगल काची (वीसीके) के उम्मीदवारों का औपचारिक परिचय कराते हुए स्टालिन ने आरोप लगाया कि सब कुछ उपराज्यपाल के पास है जबकि मुख्यमंत्री एन रंगासामी को कठपुतली मुख्यमंत्री बनाकर रखा गया है। उन्होंने सोमवार को कहा कि नौ अप्रैल को होने वाले आगामी चुनाव लोगों के लिए पुडुचेरी में मौजूदा समस्याओं को खत्म करने का एक उत्कृष्ट अवसर है।।" स्टालिन ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान वादा किया था कि पुडुचेरी "सर्वश्रेष्ठ पुडुचेरी" बनेगा। उन्होंने कहा कि असलियत तो यह है कि लोग अभी पुडुचेरी की सबसे बुरी हालत देख रहे हैं। उन्होंने सरकार की कथित नाकामियों की मिसालें दीं, जिनमें नकली दवा बनाने वाली इकाई की जांच में बाधा डालना और घटिया दवाइयों की खरीद शामिल है।

### ममता आज भवानीपुर से करेंगी नामांकन

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बुधवार को भवानीपुर सीट से बतौर तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी नामांकन दाखिल करेंगी। ममता बनर्जी की योजना इस दौरान खुद को बहुलवादी और समावेशी होने का राजनीतिक संदेश देने की है। यह इलाका संकरी गलियों और पुरानी हवेलियों वाला है, जहां दशकों से गुजराती व्यापारी, बंगाली परिवार, पंजाबी परिवार और मुस्लिम निवासी साथ–साथ रहते आए हैं। भाजपा के शुभेंदु अधिकारी ने पिछले सप्ताह इस सीट से पर्चा भरा था।

# सरकार ने समय पर नहीं दी मंजूरी, इसलिए कांग्रेस की वायनाड आवासीय परियोजना में देरी हुई : प्रियंका

**वायनाड (केरल),एजेंसी।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने मंगलवार को दावा किया कि केरल में मुंडक्कई–चूरलमाला भूस्खलन की घटना के पीड़ितों के लिए पार्टी की आवासीय परियोजना में राज्य की वाम सरकार से मंजूरी समय पर न मिलने की वजह से देरी हुई। प्रियंका ने यहां कलपेट्टा में यूडीएफ गठबंधन की एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि एलडीएफ की टाउनशिप के उद्घाटन के बाद ही कांग्रेस की परियोजना को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग में मेरे साथियों को भी ये ही दिक्कतें हुई होंगी। प्रियंका की यह दलील वायनाड आवासीय परियोजना के लिए धन इकट्ठा करने और पैसे के इस्तेमाल के संबंध में कांग्रेस पर अनियमितताओं के आरोपों के बीच आई है।



कांग्रेस महासचिव ने मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर भी हमला किया और सवाल किया कि भ्रष्टाचार के कई आरोपों का सामना करने के बावजूद उनके खिलाफ कोई मामला क्यों नहीं है, जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा का विरोध करने वालों के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियां जांच कर रही हैं। इससे साफ है कि उनके बीच एक गुप्त समझौता है और वे अपने राजनीतिक फायदे के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

# थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने पर शीर्ष कोर्ट सख्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **केंद्र ने कहा-दो सप्ताह के भीतर सुलझा लिए जाएंगे सभी मुद्दे**

केंद्र सरकार ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि देशभर के पुलिस थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने से जुड़े सभी मुद्दों को दो सप्ताह के भीतर सुलझा लिया जाएगा।

अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि वह इस मुद्दे की समीक्षा कर रहे हैं और इस दिशा में कई कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय गृह सचिव भी न्यायालय में उपस्थित हुए। उच्चतम न्यायालय ने छह अप्रैल को एक आदेश में उनसे मंगलवार को अदालत में पेश होने को कहा था ताकि थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना के क्रियान्वयन में उनसे उचित सहायता ली जा सके। देश के शीर्ष विधि अधिकारी ने पीठ से कहा कि दो सप्ताह के भीतर वह सुनिश्चित करेंगे कि सभी मुद्दे सुलझ जाएं, इसके लिए न्याय मित्र और अन्य अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें की जाएंगी। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल के लिए निर्धारित की है। शीर्ष कोर्ट थानों में कार्यशील सीसीटीवी कैमरों की कमी को लेकर स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रहा है।

# आईजीआई हवाई अड्डे पर दो करोड़ का गांजा जब्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बैंकॉक-दिल्ली उड़ान के शौचालय से दो किलोग्राम से अधिक संदिग्ध गांजा जब्त किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह बरामदगी पांच अप्रैल को हुई। इसमें कहा गया है कि निगरानी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, भारतीय सीमा शुल्क की विशेष शाखा, वायु खुफिया इकाई के अधिकारियों ने बैंकॉक से आने वाली उड़ान पर नजर रखी। बयान में कहा गया है कि निगरानी के दौरान विमान के शौचालय के कूड़ेदान से धूसर (ग्रे) रंग के टेप में लपेटे गए तीन पैकेट बरामद किए गए।




# दो मिनट में बिक जा रही आपकी आजादी

टीवी पर विज्ञापन हो, बैंक का फॉर्म या नए फोन की वारंटी, हर जगह एक छोटा सा स्टार (*) बना होता है, जिसके नीचे लिखा होता है 'शर्तें लागू'। यह छोटा सा स्टार असल में वह 'सुरंग' है जिसमें ग्राहकों के अधिकार खो जाते हैं। यही नहीं, एक होम लोन के एग्रीमेंट में औसतन 3,000 से 4,000 शब्द होते हैं। बैंक मैनेजर आपको दस्तखत करने के लिए मुश्किल से 2 मिनट देता है। यानी आपको प्रति सेकंड लगभग 30 शब्द पढ़ने होंगे जो किसी भी इंसान के लिए नामुमकिन है। यही वह समय है जब आपकी मेहनत की कमाई पर शर्तों का ताला लग जाता है। आइए, अलग-अलग क्षेत्रों में छिपे इन 'नियमों' का सच डिकोड करते हैं।

**ऐसे होता है खेल**

● शून्य ब्याज का सच : अक्सर विज्ञापन 0% ईएमआई का दावा करते हैं, लेकिन शर्तों में प्रोसेसिंग फीस और फाइल चार्ज के नाम पर अच्छी-खासी रकम वसूल ली जाती है। ● न्यूनतम शेष : खाते खोलते समय बड़े अक्षरों में सुविधाएं बताई जाती हैं, पर छोटे अक्षरों में लिखा होता है कि बैलेंस कम होने पर भारी जुर्माना लगेगा।

● पहले से मौजूद बीमारी : बीमा पॉलिसी लेते समय कंपनियां सब कुछ कवर करने का वादा करती हैं, लेकिन शर्तों के पन्नों में ऐसी परिभाषा होती है कि क्लेम के समय कंपनी मुकर जाती है। ● कैपिंग : अस्पताल के कमरे का किराया या डॉक्टर की फीस पर कैपिंग लगा दी जाती है, जिसकी जानकारी बिल भुगतान के समय मिलती है।

● सेल का झांसा : अप टू 70% ऑफ के विज्ञापन में 70% छूट केवल एक या दो पुराने प्रोडक्ट्स पर होती है, बाकी पर केवल 10%। यह 'अप टू' शब्द कानूनी रूप से कंपनी को बचा लेता है। ● क्रीम के विज्ञापनों में 1 हफ्ते में गोरापन के नीचे बहुत छोटे अक्षरों में लिखा होता है, चुनिंदा लोगों पर किए गए परीक्षण के आधार पर परिणाम अलग हो सकते हैं।

● जब आप बैंक से लोन लेते हैं, तो मैनेजर आपके सामने 15 से 20 पन्नों का एक सेट रखता है और कहता है सर, बस यहां-यहां साइन कर दीजिए। हम बिना पढ़े दस्तखत कर देते हैं, लेकिन उन पन्नों में फ्लोटिंग रेट का फंदा, प्री-पेमेंट पेनल्टी, हिडन प्रोसेसिंग और इंस्पेक्शन चार्ज आदि छिपा होता है।

## डिकोडर टिप

● स्टार (*) को गंभीरता से लें : जहां भी स्टार मार्क दिखे, समझिये कि वहां कोई 'पेच' है। ● हाइलाइट मांगें : बैंक या बीमा एजेंट से पूछें- वो शर्तें दिखाओ जो मेरे क्लेम को खारिज कर सकती हैं। ● डिजिटल रिकॉर्ड : किसी भी मौखिक वादे पर भरोसा न करें, शर्तों की कॉपी ईमेल पर या हार्ड कॉपी में जरूर मांगें। ● शर्तों को पढ़ें : कंपनियां चाहती हैं कि आप सिर्फ विज्ञापन देखें, शर्तें नहीं। लेकिन एक जागरूक नागरिक वह है जो 'साइन' करने से पहले उन कागजों को भी पढ़े जिन्हें कोई नहीं पढ़ता। ● कई बार बैंक 'बाद में भरने' की बात कहकर खाली फॉर्म पर साइन करा लेते हैं, यह सबसे बड़ा जोखिम है।

## फैक्ट फाइल

● एक औसत इंस्ट्राग्राम यूजर की 'टर्म ऑफ सर्विस' में करीब 5,000 से ज्यादा शब्द होते हैं। इसे ध्यान से पढ़ने में एक सामान्य पाठक को 20 से 25 मिनट लग सकते हैं। ● अगर हम वाट्सअप, फेसबुक और गूगल जैसी सिर्फ 5 मुख्य सेवाओं की शर्तों को जोड़ लें, तो यह एक 60-70 पन्नों की किताब बन जाएगी। ● कार्नेगी मेलन यूनिवर्सिटी के शोध के अनुसार, अगर हम साल भर की सभी डिजिटल शर्तों को पढ़ें, तो हमें 76 कार्य-दिवस यानी करीब ढाई महीने की छुट्टी लेनी पड़ेगी। कंपनियां इसी समय की कमी और शब्दों के जाल का फायदा उठाकर आपकी सहमति हासिल कर लेती हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान ने जापानी को जमानत पर रिहा किया

**तोक्यो।** जापान सरकार के एक शीर्ष प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि जनवरी में ईरान में हिरासत में लिए गए एक जापानी नागरिक को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। मुख्य कैबिनेट सचिव मिनोरू किहारा ने तोक्यो में पत्रकारों को बताया कि इस नागरिक की रिहाई की पुष्टि सोमवार को हुई और जापान ईरानी प्राधिकारियों से पूर्ण रिहाई की मांग कर रहा है। उन्होंने बताया कि ईरान में जापान के राजदूत तमाकी सुकादा ने रिहा किए गए व्यक्ति से मुलाकात की।

### तस्करी के आरोप में दो भारतीय गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल के लुम्बिनी प्रांत में मंगलवार को मादक पदार्थ तस्करी के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए तीन व्यक्तियों में दो भारतीय नागरिक शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारियां भारत की सीमा से सटे रूपन्देही जिले में की गईं। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान उत्तर प्रदेश के महराजगंज निवासी अरुण कुमार और बिनय पांडे के रूप में की गई है। इसके अलावा, नेपाली नागरिक बिशाल यादव को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से फेनरगन, डायजेपाम और ब्रूफेन जैसी दवाओं की 3,300 शीशियां बरामद की गईं।

### सऊदी को बहरीन से जोड़ने वाला पुल खुला

**दुबई।** सऊदी अरब को बहरीन द्वीप से जोड़ने वाला प्रमुख पुल किंग फहद कॉजवे ईरान से हमलों की आशंका के कारण कुछ घंटों तक बंद रहने के बाद मंगलवार सुबह फिर से खोल दिया गया। किंग फहद कॉजवे प्राधिकरण ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी और कहा कि बहरीन और अरब प्रायद्वीप के बीच सड़क से जुड़ने वाला यह एकमात्र मार्ग अब फिर से चालू हो गया है। ईरानी हमलों के कारण बहरीन का हवाई अड्डा कई हफ्तों से बंद है। इस पुल को कुछ ही घंटे के लिए उस समय बंद किया गया जब ईरान की ओर से दागी गई एक बैलिस्टिक मिसाइल ने सऊदी अरब को निशाना बनाया और उससे वहां के ऊर्जा ढांचे को नुकसान पहुंचने की आशंका है। हालांकि, इस हमले से हुए नुकसान के बारे में सऊदी अरब ने अभी तक विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

### इस्तांबुल में इजराइली दूतावास पर गोलीबारी

**इस्तांबुल।** तुर्किये के इस्तांबुल में मंगलवार को इज़राइली वाणिज्य दूतावास की इमारत पर बंदूकधारियों ने गोलीबारी की और इस दौरान हुई मुठभेड़ में दो हमलावर मारे गए तथा एक पुलिस अधिकारी घायल हो गया। प्रसारक हबर्तुर्क की खबर के अनुसार, हमलावरों के पास लंबी बैरल वाले हथियार थे। पुलिस के साथ हुई गोलीबारी में दो हमलावर मारे गए, तीसरे हमलावर को पकड़ लिया गया।

# मणिपुर में सीआरपीएफ शिविर पर भीड़ का हमला, गोलीबारी में दो लोगों की मौत

## संदिग्ध उग्रवादियों के हमले में दो बच्चों की मौत के बाद राज्य में भड़की हिंसा

**इंफाल, एजेंसी**

मणिपुर के गृह मंत्री गोविंदास कांथौजम ने मंगलवार को कहा कि बिष्णुपुर जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शिविर पर भीड़ द्वारा धावा बोले जाने के बाद गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। कोंथौजम ने बताया कि मोइरांग ट्रोंग्लाओबी इलाके में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए बम हमले में दो बच्चों की मौत के विरोध में बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं ने प्रदर्शन किया।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने बम हमले वाली जगह से कुछ ही सौ मीटर दूर गेलमोल के पास स्थित सीआरपीएफ शिविर पर धावा बोल दिया, वहां वाहनों को जलाया और संपत्तियों में तोड़फोड़ की। मंत्री ने कहा कि मैंने प्रदर्शनकारियों से सीआरपीएफ शिविर में प्रवेश नहीं करने और सुरक्षा बलों को बम हमले में शामिल लोगों को पकड़ने के अभियान पर ध्यान केंद्रित करने देने का आग्रह किया था। लेकिन प्रदर्शनकारियों ने मेरी अपील पर ध्यान नहीं दिया। राज्य के गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने सीआरपीएफ शिविर पर धावा बोल दिया, वाहनों को जला दिया और शिविर के कुछ हिस्सों में तोड़फोड़ की, जिसके कारण सुरक्षाकर्मियों को गोलीबारी करनी पड़ी। उन्होंने या तो आत्मरक्षा में या गुस्से में गोली चलाई। दुर्भाग्य से, गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गोली लगने से घायल हो गए। मुख्यमंत्री वाई. खेमचंद सिंह ने इस हमले को बर्बर कृत्य करार दिया और लोगों को आश्वासन दिया कि इस अपराध के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करके उनके खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी ने कहा कि जब घर में बम फटा, उस समय दोनों बच्चे और उनकी मां सो रह थे। घटना के विरोध में स्थानीय निवासियों ने आज सुबह प्रदर्शन किया और इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो तेल टैंकरों और एक ट्रक में आग लगा दी।



### बम हमले की जांच एनआईए को सौंपने का फैसला

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने बिष्णुपुर जिले में हुए बम हमले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने का फैसला किया है। हमले में दो बच्चों मौत हो गई। सिंह ने इस घटना की कड़ी निंदा की और कहा कि यह कृत्य उन व्यक्तियों या समूहों का काम लगता है, जिनके निजी स्वार्थ राज्य में शांति भंग करने में हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के गृह मंत्री और अन्य विधायकों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद मामले को एनआईए को सौंपने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चल रहा है। पुलिस, असम राइफल्स और सीआरपीएफ को तैनात कर दिया गया है।

### चार जिलों में कर्फ्यू इंटरनेट प्रतिबंधित

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने हिंसा के मद्देनजर मंगलवार को इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर और काकचिंग जिलों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लगा दिया। इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर और काकचिंग के जिलाधिकारियों ने अपने-अपने जिलों में कर्फ्यू लागू करने का आदेश जारी किया। आदेश में कहा गया है कि सात अप्रैल से अगले आदेश तक किसी भी व्यक्ति का अपने निवास स्थान से बाहर निकलना प्रतिबंधित है। राज्य सरकार ने इंफाल पश्चिम, इंफाल पूर्व, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर के पांच घाटी जिलों में ब्रॉडबैंड, वीसैट और वीपीएन सहित इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को तीन दिनों के लिए निलंबित करने का भी आदेश दिया है।

# नेपाल ने छह देशों से अपने राजदूत वापस बुलाए

**काठमांडू।** नेपाल ने भारत समेत छह देशों से अपने राजदूत वापस बुला लिए हैं, जिन्हें केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के कार्यकाल में नियुक्त किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लोक बहादुर छेत्री ने बताया कि सरकार ने एक मंत्रिमंडल फैसले के माध्यम से भारत, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, डेनमार्क, दक्षिण कोरिया और दक्षिण अफ्रीका में कार्यरत राजदूतों को वापस बुला लिया है।

छेत्री के मुताबिक, जिन राजदूतों को वापस बुलाया गया है, उनमें शंकर प्रसाद शर्मा (भारत), चित्रलेखा यादव (ऑस्ट्रेलिया), सुमनिमा तुलाधर (डेनमार्क), पूर्ण बहादुर नेपाली (श्रीलंका), शिवमाया तुम्बाहम्फे (दक्षिण कोरिया) और कपिलमान श्रेष्ठ (दक्षिण अफ्रीका) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि छह देशों में तैनात राजदूतों को सोमवार को पत्र जारी कर एक महीने के भीतर लौटने का निर्देश दिया गया है।

# ईरान युद्ध ने नाटो को लेकर मुझ पर गहरा असर छोड़ा है जिसे कभी नहीं भूलूंगा : ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी**



● **अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से जंग में फिर नाटो पर की टिप्पणी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि ईरान युद्ध के दौरान इस सैन्य गठबंधन और दक्षिण कोरिया, जापान व ऑस्ट्रेलिया जैसे मित्र देशों ने अमेरिका की मदद नहीं की। व्हाइट हाउस में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने यह टिप्पणी की।

उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब नाटो के महासचिव मार्क रूट जल्द ही वाशिंगटन दौरे पर आने वाले हैं। ट्रंप पहले भी नाटो को कागजी शेर बता चुके हैं। ट्रंप ने कहा कि ईरान युद्ध ने नाटो को लेकर ऐसा प्रभाव छोड़ा है, जो मेरे दिमाग से कभी नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नाटो के साथ मतभेद तब शुरू हुए, जब ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में लेने के उनके प्रस्ताव को ठुकरा दिया गया। ट्रंप ने कहा, नाटो एक कागजी शेर है, जिससे व्लादिमीर पुतिन भी नहीं डरते। ईरान युद्ध पर ट्रंप ने कहा कि नाटो सदस्य देशों ने जानबूझकर मदद नहीं की। उन्होंने कहा, देखिए, हम नाटो के पास गए। मैंने बहुत जोर नहीं दिया, बस इतना कहा- अगर आप मदद करना चाहें तो अच्छा होगा। ट्रंप के मुताबिक, उन्हें जवाब मिला, नहीं।

# बांग्लादेश की पहली महिला संसद अध्यक्ष गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व अध्यक्ष शिरीन शरमीन चौधरी को मंगलवार को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। समाचार पत्र प्रथम आलो की खबर के अनुसार, चौधरी को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की खुफिया शाखा ने लालबाग थाने में दर्ज एक मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया। यह मामला जनआंदोलन के दौरान हुई हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाओं से जुड़ा है। एक सूत्र ने बताया कि चौधरी विभिन्न स्थानों पर छिप कर रह रही थीं। अभी वह धनमंडी में एक रिश्तेदार के घर में रह रही थीं, जहां से उन्हें मंगलवार सुबह हिरासत में लिया गया। ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस के मीडिया प्रभाग के उपायुक्त एम एन नसीरुद्दीन ने बताया कि चौधरी से पूछताछ की जा रही है।

# अमेरिका जाएंगे विदेश सचिव विक्रम मिसरी

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिसरी बुधवार से वाशिंगटन डीसी की तीन दिवसीय यात्रा पर जाएंगे, जहां वह द्विपक्षीय व्यापार और रक्षा संबंधों की समीक्षा करेंगे तथा पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट पर चर्चा करेंगे। मिसरी की आठ से 10 अप्रैल तक की यात्रा भारत-अमेरिका द्विपक्षीय सहयोग के व्यापक पहलुओं की समीक्षा करने और प्रमुख क्षेत्रों में जारी सहयोग को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान करेगी। यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दोनों पक्ष अनिश्चितता और तनाव के दौर के बाद संबंधों को स्थिर करने के लिए काम कर रहे हैं। अमेरिका द्वारा भारत पर दंडात्मक शुल्क लगाए जाने और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल मई में भारत-पाकिस्तान सैन्य झड़पों को कम करने में अपनी भूमिका को लेकर विवादास्पद दावे किए जाने के बाद द्विपक्षीय संबंधों में बड़ी गिरावट आई थी।

# जम्मू-कश्मीर में लश्कर के अंतर्राज्यीय आतंकी माड्यूल का खुलासा, 5 गिरफ्तार

**श्रीनगर, एजेंसी**

● **हिरासत में लिए गए आतंकियों में ए प्लस श्रेणी के दो पाकिस्तानी आतंकवादी भी शामिल**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक अंतर्राज्यीय आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए पिछले 16 साल से फरार अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि अब्दुल्ला के अलावा एक अन्य पाकिस्तानी आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब को भी अभियान में गिरफ्तार किया गया।

यह कार्रवाई जम्मू और कश्मीर पुलिस द्वारा फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय में स्थित एक सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने के छह महीने बाद हुई है, जिसके तार कश्मीर, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए थे। अधिकारियों ने बताया कि गत कुछ दिनों में, जांचकर्ताओं ने जम्मू और कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा सहित 19 स्थानों पर छापेमारी की और चार एके असॉल्ट राइफलों सहित बड़ी मात्रा में हथियार और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। केंद्रीय एजेंसियों के साथ समन्वय कर की गई जांच के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों को साजो-सामान और वित्तीय सहायाता करने वाले एक विशाल नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए पांच लोगों में से तीन श्रीनगर के रहने वाले हैं। मोहम्मद नकीब भट, आदिल राशिद भट और गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा को आतंकवादियों को आश्रय और भोजन सहित सामरिक सहायता प्रदान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जम्मू और कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात व्यक्तिगत रूप से इस कार्रवाई की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि हिरासत में लिए गए दो पाकिस्तानी आतंकवादियों को ए प्लस श्रेणी में रखा गया है। दोनों जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ अन्य राज्यों में जाली दस्तावेजों और पहचान के आधार पर लश्कर-ए-तैयबा के नेटवर्क का विस्तार करने का कार्य कर रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि दोनों आतंकवादियों ने करीब 16 साल पहले भारत में घुसपैठ की थी



सुरक्षाबलों द्वारा गिरफ्तार लश्कर का आतंकवादी उस्मान उर्फ खुबैब।

# श्रीलंका से रिहा हुए 30 भारतीय मछुआरे लौटे

**कोलंबो।** श्रीलंका से रिहा किए गए 30 भारतीय मछुआरों को मंगलवार को वापस भेज दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत के 30 मछुआरों को आज श्रीलंका से वापस भेजा गया। उन्होंने बताया कि ये मछुआरे स्वदेश लौट रहे हैं। श्रीलंका की नौसेना के अनुसार, उसने इस साल अब तक मछली पकड़ने वाली 15 नौकाएं जब्त की और 102 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया है।

उसने कहा कि 2025 में श्रीलंका के जल क्षेत्र में 346 मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था। नौसेना के प्रवक्ता कमांडर बुद्धिका संपत ने बताया कि वह नहीं बता सकते कि रिहा किए गए 30 मछुआरे किस समूह से थे। उन्होंने कहा यह पूरी तरह से अदालती प्रक्रिया पर निर्भर करता है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आपको सकारात्मक बने रहना चाहिए। सभी काम बनते हुए प्रतीत होंगे। अपरिचित लोगों से अधिक तालमेल न रखें।

**तुला** — आज दोपहर के बाद आपको कोई शुभ सूचना मिल सकती है। इससे आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। किसी कार्य को औपचारिकता में न करें।

**वृष** — आज पुराने विवाद दोबारा उठ खड़े हो सकते हैं। अच्छी सलाह भी लोगों को समझ नहीं आएगी। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**वृश्चिक** — आज कार्यक्षेत्र में विरोधी कमजोर पड़ते दिखाई देंगे। नए कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में विशेषज्ञ लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रेम संबंध अत्यंत मधुर रहने वाले हैं। आपके सामाजिक संपर्क मधुर होंगे।

**धनु** — आज आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध कर सकते हैं। प्रेम संबंधों को विवाह का स्वरूप दे सकते हैं।

**कर्क** — आज आपका दिन अत्यधिक व्यस्त रहेगा। पैतृक संपत्ति के मामलों के उलझ सकते हैं। गुप्त शत्रु आपके विरुद्ध दुष्प्रचार कर सकते हैं।

**मकर** — आज कार्य की अधिकता रहेगी। एक ही काम को बार-बार करना पड़ सकता है। पेट में जलन जैसी समस्या हो सकती है।

**सिंह** — आज आप अपने घर में रहना पसंद करेंगे। प्रेमीजन को मूल्यवान उपहार दे सकते हैं। इससे आपके संबंध मधुर होंगे।


**कुंभ** — आज का दिन आर्थिक मामलों के लिए दिन बहुत अच्छा है। मनोनुकूल काम मिलने से काफी अच्छा महसूस करेंगे। खर्चों में कमी आएगी।

**कन्या** — आज आप जिस काम को आसान मान रहे थे, वो आपको काफी परेशान करेगा। रिश्तेदारों के कारण कुछ तनाव हो सकता है।

**मीन** — आज आपको कहीं बाहर जाना पड़ सकता है। लोगों से आपकी दोस्ती बढ़ सकती है। राजनीति में आप विशेष रुचि ले सकते हैं।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 8 अप्रैल, बुधवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 19 .01 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**- ज्येष्ठा 05 .54 तक तत्पश्चात मूल।

## सुडोकू - 112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 3 | 1 | 2 | 7 | 6 | 9 | 8 | 5 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 2 | 1 | 8 | 7 | 6 | 4 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 |
| 1 | 5 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 | 4 | 6 |

## सुडोकू -113

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | 1 | | 4 | | |
| | | 7 | | | 2 | | | 1 |
| | | | | 4 | 9 | | | |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 5 | | 2 | | | | | | 7 |
| | | 8 | 4 | 7 | | | 6 | |
| 9 | | | | 5 | | | | |
| | | | 9 | | 7 | 5 | | |
| | | 3 | | 6 | 4 | | | |

# खालसा दिवस पर 1763 श्रद्धालु जाएंगे पाकिस्तान

**अमृतसर।** खालसा स्थापना दिवस (बैसाखी) के अवसर पर पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारों के दर्शन के लिए शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) द्वारा भेजे जाने वाले जत्थे के लिए 1763 श्रद्धालुओं को वीजा प्राप्त हुआ है। यह जत्था 10 अप्रैल को शिरोमणि कमेटी के कार्यालय से रवाना होगा। शिरोमणि कमेटी के सचिव बलविंदर सिंह काहलवां ने मंगलवावर को बताया कि शिरोमणि कमेटी द्वारा 1795 श्रद्धालुओं के पासपोर्ट दिल्ली स्थित पाकिस्तान दूतावास भेजे गए थे। इनमें से दूतावास ने 1763 श्रद्धालुओं को वीजा जारी किया है। सिंह ने बताया कि यह जत्था 10 अप्रैल को शिरोमणि कमेटी कार्यालय से जयकारों की गूंज के साथ रवाना होगा। श्रद्धालु पाकिस्तान स्थित गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब, हसन अब्दाल में खालसा साजना दिवस (बैसाखी) के मुख्य समारोह में शामिल होंगे। जत्था 19 अप्रैल को स्वदेश वापस लौटेगा।

**गंभीर हालात** | संयुक्त राष्ट्र और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग

# परमाणु केंद्रों पर हमले पर ईरान ने जताया सख्त एतराज

**तेहरान,एजेंसी**

ईरान ने अपने सुरक्षित परमाणु केंद्रों पर हुए सिलसिलेवार सशस्त्र हमलों की कड़ी निंदा करते हुए सीधे तौर पर अमेरिका और इजराइल को जिम्मेदार ठहराया है और संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है।

ईरान के विदेश मंत्री डॉ. अब्बास अराघची ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव, सुरक्षा परिषद के सदस्यों और आईएईए के महानिदेशक को लिखे एक पत्र में मुख्य परमाणु स्थलों पर हुए हमलों को गंभीर तनाव पैदा करने वाला बताया है, जो क्षेत्रीय सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय कानून दोनों के लिए खतरा है। पत्र में अंतर्राष्ट्रीय निकायों पर निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए संभावित रेडियोधर्मी खतरों की भी चेतावनी दी गई है। इसके साथ ही आईएईए सुरक्षा मानकों के तहत ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है। तीन अप्रैल की तारीख वाले इस पत्र में पिछले नौ महीनों के दौरान ईरान के परमाणु बुनियादी ढांचे पर हुए कथित हमलों का विवरण दिया गया है। इसमें नतांज केंद्र, खोंदाब-अराकल स्थित हैवी वॉटर उत्पादन संयंत्र और बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हुए हमले शामिल हैं। अराघची ने चेतावनी दी कि इस तरह के हमलों के गंभीर मानवीय और पर्यावरणीय परिणाम हो सकते हैं।



### संयुक्त राष्ट्र और आईएईए की चुप्पी से बढ़ा मनोबल

अराघची ने कहा कि ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु केंद्रों पर हमले और बमबारी की गई। बड़े अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, आईएईए के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स और महानिदेशक इन हमलों की निंदा करने तक में विफल रहे हैं। पत्र में बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र के पास कई हमलों और यूरेनियम प्रसंस्करण स्थलों पर हमलों का जिक्र है। मंत्री ने हमलों की भारी वृद्धि पर चिंता जताते हुए इन्हें अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून का घोर उल्लंघन बताया है। अराघची ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और आईएईए पर हमलों की निंदा न करने का आरोप लगाते हुए तर्क दिया कि उनकी चुप्पी ने हमलावरों का मनोबल बढ़ाया है।



' 'हमने दो मैच जीत लिए हैं इसलिए उनकी कमी अभी महसूस नहीं हुई है। वह दुनिया के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक हैं। आईपीएल में स्टार्क से बड़ा कोई गेंदबाज नहीं है। मुझे सिर्फ बुमराह का ही नाम याद आता है।''
–मुनाफ पटेल, पूर्व तेज गेंदबाज


# स्टेडियम

हल्द्वानी, बुधवार, 8 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

दिल्ली कैपिटल्स
बनाम
गुजरात टाइटन्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

**हाईलाइट**

### रवि शास्त्री स्टैंड का अनावरण गुरुवार को

मुंबई, एजेंसी। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) गुरुवार (9 अप्रैल) को वानखेड़े स्टेडियम में रवि शास्त्री स्टैंड का अनावरण करेगा और स्टेडियम के गेट दिलीप सरदेसाई, एकनाथ सोलकर और डायना एडुल्जी को समर्पित करेगा। इस मौके पर मुंबई और भारत की चार सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। इस अनावरण समारोह में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बढ़ाएंगे। एमसीए के अध्यक्ष अजिंक्य नाइक भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

### मीनाक्षी, जैसमीन और विश्वनाथ फाइनल में

उलानबटोर, एजेंसी। मौजूदा विश्व चैम्पियन जैसमीन लंबोरिया और मीनाक्षी हुड्डा एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंच गई हैं। अब स्वर्ण पदक के लिए खेलने वाले भारतीय मुक्केबाजों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। विश्वनाथ सुरेश (50 किलो) और सचिन सिवाच (60 किलो) ने भी फाइनल में जगह बनाई। वहीं आकाश (75 किलो), लोकेश (85 किलो), नरेंदर बेरवाल (90 प्लस किलो) और हर्ष चौधरी (90 किलो) को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के आठ मुक्केबाज फाइनल खेलेंगे।

### चीनी ताइपै के खिलाफ भारत के लिये 'करो या मरो' का मुकाबला

पाथुम थानी (थाईलैंड), एजेंसी। भारतीय टीम एएफसी महिला अंडर 20 एशियाई कप के ग्रुप सी के आखिरी मैच में मंगलवार को चीनी ताइपै से खेलेगी और उसे क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बनाये रखने के लिये हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी। जापान और आस्ट्रेलिया से पहले दो मैचों में मिली हार के बाद भारत और चीनी ताइपै समान स्थिति में हैं और दोनों के लिये यह मुकाबला निर्णायक रहेगा। भारत का गोल अंतर माइनस 11 है जबकि चीनी ताइपै का माइनस सात है।

## डेविड वॉर्नर शराब पीकर गाड़ी चलाने पर गिरफ्तार

सिडनी, एजेंसी।



आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर को मंगलवार को शराब पीकर गाड़ी चलाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। बताया गया कि मारूबा में श्वास की औचक जांच के बाद उनके शरीर में अल्कोहल की मात्रा तय सीमा से अधिक पाई गई।

वॉर्नर अगले महीने कोर्ट के समक्ष पेश होंगे। पाकिस्तान क्रिकेट लीग में कराची किंग्स के साथ करार करने वाले वॉर्नर को स्थानीय थाने ले जाया गया जहां फिर उनके शरीर में अल्कोहल की मात्रा तय सीमा से दुगुनी पाई गई। बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। कानूनी कार्रवाई का असर वॉर्नर के पीएसएल में खेलने पर नहीं पड़ेगा। उनकी टीम का अगला मैच नौ अप्रैल को है और वह सात दिन के ब्रेक में निजी दौरे पर यहां आये हैं।

## हमें खेल के सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा: क्लासेन

नई दिल्ली, एजेंसी।

दक्षिण अफ्रीका के आक्रामक बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने उम्मीद जताई कि सनराइजर्स हैदराबाद अईपीएल के वर्तमान सत्र में अच्छी शुरुआत नहीं करने के बावजूद आगे अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहेगा। सनराइजर्स को अपने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन इसके बाद उसने कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हराया।

पिछले मैच में हालांकि उसे लखनऊ सुपर जायंट्स ने पांच विकेट से करारी शिकस्त दी। क्लासेन ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''हमारी बल्लेबाजी अब तक ठीकठाक रही है, लेकिन हमने तीन मैचों में लगभग 40 रन कम बनाए। हमें बल्लेबाजी में और सुधार करने की जरूरत है। जिन दो मैचों में हमें संघर्ष करना पड़ा, उनमें हमने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। हमारे गेंदबाजों विशेषकर तेज गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। हमें 220-230 रन बनाने होंगे ताकि हमारे गेंदबाजों को लक्ष्य का बचाव करने का मौका मिल सके।'' उन्होंने कहा, ''हमारी फील्डिंग अच्छी नहीं रही है और इससे हमारा प्रदर्शन प्रभावित हुआ है। मैं अभी तक हमें 10 में से छह अंक दूंगा। हमने कुछ चरणों में शानदार क्रिकेट खेली लेकिन खेल के महत्वपूर्ण मौकों पर चूक गए।'' क्लासेन ने कहा, ''हमारे गेंदबाजों ने



रणनीति के अनुसार गेंदबाजी की है लेकिन हमारी फील्डिंग में सुधार की जरूरत है। हमें कैच लेने होंगे। हमें खेल के तीनों विभाग में सुधार करके अपनी लय बनानी होगी।'' क्लासेन ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया था और अब केवल फ्रेंचाइजी लीग में ही खेल रहे हैं। उन्होंने पिछले दो मैचों में अर्धशतक बनाए और वह अपनी फॉर्म से खुश हैं। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्यवश हम दो मैच हार गए, लेकिन व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए यह अच्छी शुरुआत रही है। यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मैं इन दिनों ज्यादा क्रिकेट नहीं खेल रहा हूं। मैं अपनी इस फॉर्म को बरकरार रखना चाहूंगा।'' वह बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर अपनी भूमिका और जिम्मेदारियों का भी आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा, ''यह (नंबर चार पर बल्लेबाजी करना) की भूमिका मैंने अपने पूरे करियर में निभाई है। इसमें आपको परिस्थितियों के अनुसार ढलना पड़ता है। टीम में मेरी भूमिका यह है कि अगर (ईशान) किशन, अभिषेक (शर्मा) और ट्रैविस हेड अच्छा प्रदर्शन कर रहे हो तब भी मैं अपना स्वाभाविक खेल खेलता रहूं। प्रत्येक मैच में अलग परिस्थितियां होंगी और मुझे बस उनके अनुसार ढलना होगा।'' सनराइजर्स अपना अगला मैच शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ न्यू चंडीगढ़ में खेलेगा। क्लासेन ने स्वीकार किया कि सनराइजर्स को पैट कमिंस की कमी खल रही है, जो अपनी पीठ की चोट का स्कैन कराने के लिए स्वदेश लौट गए हैं। उन्होंने कहा ''पैट की कमी बहुत खल रही है। उनके पास बहुत अनुभव है लेकिन ईशान कप्तानी की भूमिका अच्छी तरह से निभा रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि यह कोई चिंता का विषय है। हमारी टीम अच्छी स्थिति में है।

# दिल्ली कैपिटल्स की नजर जीत की हैट्रिक पर

### आज मुक़ाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना गुजरात टाइटंस (जीटी) से दिल्ली में

नई दिल्ली, एजेंसी।




आईपीएल 2026 के बुधवार के मुक़ाबले में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) का सामना गुजरात टाइटंस (जीटी) से दिल्ली में होगा। जहां डीसी को अपने शुरुआती दो मैचों में जीत मिली है, वहीं जीटी को अभी भी अपनी पहली जीत का इंतज़ार है। दोनों टीमों के बीच अब तक हुए सात मैचों में जीटी 4-3 से आगे है। पिछले आईपीएल के दो मैचों में जीटी को दोनों में जीत मिली है, वहीं दिल्ली में भी दोनों टीमों के बीच खेले गए तीन मैचों में जीटी 2-1 से आगे है।

केएल राहुल के लिए आईपीएल 2026 की शुरुआत कुछ ख़ास नहीं रही है और दो मैचों में उनका स्कोर 0 और 1 का है। राहुल का यह ख़राब फ़ॉर्म जीटी के ख़िलाफ़ मैच में भी जारी रह सकता है। क्योंकि जीटी के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और कगिसो रबाडा उन्हें परेशान करते हैं। प्रसिद्ध अपने राज्य के साथी को सात पारियों में तीन जबकि रबाडा भी उन्हें 12 पारियों में तीन बार आउट कर चुके हैं। राशिद ख़ान ने भी राहुल को तीन बार आउट किया है, जिसका मतलब है कि अगर राहुल टिक भी जाते हैं तो भी पावरप्ले के बाद उन्हें परेशान करने वाला कोई है। एनगिडी कर सकते हैं जीटी के शीर्ष क्रम को परेशान भारत में हुए टी20 विश्व कप से ही लुंगी एनगिडी शानदार फ़ॉर्म में हैं और अपनी स्लोअर गेंदों से बल्लेबाज़ों को परेशान करने की कला को उन्होंने आईपीएल 2026 में भी जारी रखा है। एनगिडी जीटी के ख़िलाफ़ भी अपनी स्लोअर गेंदों का जादू दिखा सकते हैं।

जीटी के कप्तान और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को उन्होंने चार पारियों में दो बार आउट किया है, जबकि गिल उन पर सिर्फ़ 88 के स्ट्राइक रेट से सात रन ही बना पाए हैं। बटलर को भी एनगिडी ने तीन बार आउट किया है, हालांकि बटलर उन पर 161 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। बटलर को अक्षर पटेल और कुलदीप यादव की अनुभवी स्पिन जोड़ी भी परेशान करती है और दोनों उन्हें दो-दो बार आउट कर चुके हैं। बटलर दोनों स्पिनरों पर सिर्फ़ 132 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं। मिलर का तोड़ राशिद के पास है डेविड मिलर को डीसी ने इस बार फ़िनिशर के तौर पर अपनी टीम में शामिल किया है, लेकिन राशिद उनको अंतिम ओवरों में परेशान करने की कुव्वत रखते हैं। जीटी के अपने पूर्व साथी को राशिद ने चार बार आईपीएल में आउट किया है, जबकि मिलर, राशिद पर सिर्फ़ 119 के स्ट्राइक रेट से रन बना पाते हैं।

सिराज और रबाडा ने भी मिलर को दो-दो बार आउट किया है और इन दोनों के ख़िलाफ़ भी मिलर का स्ट्राइक रेट सिर्फ़ 100 और 119 का है। फ़िलिप्स कैसे करेंगे डीसी के स्पिनरों का सामना मिलर की तरह ग्लेन फ़िलिप्स को जीटी ने अपनी टीम में फ़िनिशर के तौर पर शामिल किया है, लेकिन उन्हें स्पिन खेलने की कला सीखना होगा। कुलदीप और अक्षर दोनों, फ़िलिप्स को पांच पारियों में चार-चार बार आउट कर चुके हैं, जो कि लगभग एक परफ़ेक्ट रिकॉर्ड है।

**दिल्ली कैपिटल्स की टीम :**

- अक्षर पटेल (कप्तान), केएल राहुल, करुण नायर, डेविड मिलर, पथुम निसांका, साहिल पारख, पृथ्वी शॉ, अभिषेक पोरेल, ट्रिस्टन स्टब्स, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, विप्रज निगम, अजय मंडल, त्रिपुराना विजय, माधव तिवारी, औकिब डार, नीतीश राणा, मिशेल स्टार्क, टी. नटराजन, मुकेश कुमार, दुष्मंथा चमीरा, लुंगिसानी एनगिडी, काइल जैमीसन, कुलदीप यादव।

**गुजरात टाइटंस की टीम :**

- साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), जोस बटलर (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर, शाहरुख खान, राहुल तेवतिया, राशिद खान, कगिसो रबाडा, अशोक शर्मा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, जेसन होल्डर, जयंत यादव, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, रविश्रीनिवासन साई किशोर, इशांत शर्मा, ल्यूक वुड, टॉम बैंटन, कुलवंत खेजरोलिया, अनुज रावत, अरशद खान, गुरनूर बराड़, निशांत सिंधु।

### फिट हुए शुभमन गिल



- नई दिल्ली, एजेंसी। गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल मांसपेशियों में जकड़न से उबर गए हैं और बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैदान पर उतरेंगे। पिछले मैच से बाहर रहे गिल के सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन ने इस बात की पुष्टि की कि वह खेलने के लिए पूरी तरह फिट हैं।



वर्षा से बाधित मैच के शुरू होने पर टास करते एमआई व डीसी के कप्तान।

## मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी

गुवाहाटी, एजेंसी।

गुवाहाटी में बारिश थमने के बाद मुंबई इंडियंस ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में मंगलवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वर्षा बाधित इस मुकाबले में कुल मिलाकर 11-11 ओवरों का मैच खेला जाएगा और पावरप्ले 3.2 ओवर का होगा।

मुंबई के कप्तान हार्दिक पंड्या ने टॉस जीतने के बाद कहा कि हम पहले गेंदबाजी करने जा रहे हैं। बारिश से बाधित मैच में आप दूसरी पारी में बैटिंग करते हैं। हमारे दो मैच काफी अलग तरह के हुए थे लेकिन मुझे काफी खुशी है कि खिलाड़ियों ने जिस तरह से प्रेशर को हैंडल किया। मेरी टीम में दो बदलाव हुए हैं। मैं आया हूं और ट्रेंट बोल्ट की भी वापसी हुई है। राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने कहा कि हम भी टॉस जीतते तो पहले गेंदबाजी ही करते। बारिश काफी ज्यादा हुई है। हमारी टीम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

**टीमें**

**राजस्थान रायल्स**

- वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जायसवाल, ध्रुव जुरेल (कीपर), रियान पराग (कप्तान), शिमरोन हेटमायर, डोनावन फरेरा, रवींद्र जडेजा, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे और संदीप शर्मा। इम्पैक्ट सब : रवि बिश्नोई, रवि सिंह, लुआन डी प्रिटोरियस, ब्रजेश शर्मा और सौरभ दुबे।

**मुंबई इंडियंस**

- रोहित शर्मा, रयान रिकल्टन (कीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, नमन धीर, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, अल्लाह ग़ज़नफ़र, ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह। इम्पैक्ट सब : अश्विनी कुमार, शेरफ़ेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, रॉबिन मिन्ज और राज बावा।

## आईपीएल का सपना पूरा करने को छोड़ दी थी कांस्टेबल की परीक्षा

### नजफगढ़ का 'राजकुमार' यानी प्रिंस यादव



नई दिल्ली, एजेंसी।

कुछ साल पहले तक नजफगढ़ में रहने वाले रेलवे सुरक्षा बल के सहायक सब इंस्पेक्टर (एएसआई) राम निवास यादव अपने सबसे छोटे बेटे प्रिंस के भविष्य को लेकर बेहद चिंतित थे, जिसकी दिलचस्पी केवल टेनिस बॉल टूर्नामेंट में यॉर्कर गेंदबाजी करने में थी। लेकिन इस युवा क्रिकेटर को खुद पर भरोसा था और उसने अपने पिता से सीधे शब्दों में कह दिया, ''आप मेरी चिंता करना छोड़ दो। मैं अपने से कुछ कर लूंगा।'' अब बात करते हैं 2026 की।

वह बेपरवाह दिखने वाला लड़का अपने वादे पर खरा उतर चुका है। लखनऊ सुपर जायंट्स के इस स्विंग गेंदबाज का नाम है प्रिंस यादव, जो इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अक्षर पटेल और ईशान किशन जैसे अनुभवी भारतीय बल्लेबाजों के डिफेंस को भेदने में सफल रहा। प्रिंस के पिता रामनिवास ने कहा, ''कोई भी पिता अपने बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित होगा और मैं भी था। 18 साल की उम्र तक उसने चमड़े की गेंद से एक बार भी गेंदबाजी नहीं की थी। मैंने उसे दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल की परीक्षा में बैठने के लिए मजबूर किया। वह शारीरिक रूप से फिट था, लेकिन लिखित परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार नहीं था क्योंकि उसका ध्यान कहीं और था।'' रामनिवास ने आखिर अपने बेटे की जिद मान ली क्योंकि उनके पास अपने बेटे का साथ देने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। उन्होंने कहा, ''बेटे की ज़िद है और हमें पूरा करना था। एक एएसआई के वेतन में कितना ही गुज़ारा हो पाता है।

### प्रिंस के पहले और अब तक के एकमात्र कोच अमित वशिष्ठ

- राम निवास के अनुसार प्रिंस के पहले और अब तक के एकमात्र कोच अमित वशिष्ठ और भारत के अंडर-19 विश्व कप विजेता तेज गेंदबाज प्रदीप सांगवान ने उनके खेल में निखार लाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, "मैं अमित सर का जितना भी शुक्रिया अदा करूं, कम है। उन्होंने प्रिंस को टेनिस टूर्नामेंट खेलते हुए देखा और उसे नजफगढ़ स्थित अपनी अकादमी से जुड़ने के लिए कहा। प्रदीप जी (सांगवान) भी अमित सर के शिष्य थे और उन्होंने प्रिंस को फिटनेस में मदद की।'' एक समय ऐसा भी था जब प्रिंस अपनी पीठ पर रेत की बोरी बांधकर धान के खेतों में दौड़ते थे ताकि उनके शरीर का ऊपरी हिस्सा मजबूत बन जाए। रामनिवास ने कहा, ' 'प्रदीप ने उसका बहुत मार्गदर्शन किया और अमित सर ने उसके खेल में सुधार किया। मैं डीपीएल (दिल्ली प्रीमियर लीग) और नयी दिल्ली टीम को कैसे भूल सकता हूं। अगर डीपीएल नहीं होता, तो मुझे नहीं लगता कि मेरे बेटे की प्रगति इतनी तेज़ होती। इसलिए मैं डीडीसीए और विजय दहिया सर का भी आभारी हूं।

## ललित को रजत और सुनील को मिला कांस्य पदक

बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी

ललित ने मंगलवार को यहाँ 2026 सीनियर एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत का पहला पदक जीता। उन्होंने 55 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग में रजत पदक हासिल किया, जबकि नितेश 97 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग के फाइनल में पहुँच गए। पूर्व चैंपियन सुनील कुमार ने अपने पदकों की सूची में एक और कांस्य पदक जोड़कर भारतीय दल के लिए इस दिन को बेहद सफल बना दिया।

ललित, जिन्होंने सेमीफाइनल में चीन के हुओयिंग शी को हराया था, फाइनल में उज्बेकिस्तान के इख्तियार बोतिरोव के खिलाफ कड़ा मुकाबला किया, लेकिन 0-9 से हारने से खुद को नहीं बचा सके। 87 किलोग्राम वर्ग के कांस्य पदक मुकाबले में, सुनील कुमार ने पहले राउंड में चार अंक गंवाने के बाद शानदार वापसी की और उज्बेकिस्तान के मुखम्मदकोदिर रसुलव को 5-4 से हराकर एशियाई चैंपियनशिप में अपना लगातार दूसरा कांस्य पदक जीता। इससे पहले, नितेश ने 97 किलोग्राम ग्रीको-रोमन वर्ग के फाइनल में जगह बनाकर यह सुनिश्चित कर लिया कि वे 2025 की एशियाई चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन में सुधार करेंगे। 23 वर्षीय नितेश, जिन्होंने पिछले साल कांस्य पदक जीता था।

## तमीम इकबाल होंगे बीसीबी के नए अध्यक्ष

ढाका, एजेंसी।

बांग्लादेश सरकार ने मंगलवार को अमीनुल इस्लाम की अगुआई वाले बीसीबी बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स को भंग करने के बाद तमीम इक़बाल को नया बीसीबी (बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड) अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह फ़ैसला उस पांच सदस्यीय जांच समिति की सिफारिशों के बाद लिया गया, जिसने पिछले साल अक्टूबर में हुए बीसीबी चुनाव से जुड़े विभिन्न आरोपों की जांच की थी।

37 साल के पूर्व बांग्लादेश कप्तान तमीम अब 11 सदस्यीय एड हॉक कमेटी की अगुआई करेंगे। इस कमेटी में पूर्व बांग्लादेश कप्तान मिन्हाजुल आबेदीन और पूर्व क्रिकेटर एवं टीवी कमेंटेटर अतहर अली ख़ान भी



तमीम इक़बाल

शामिल हैं। कमेटी के अन्य सदस्य राशना इमाम, मिर्ज़ा येसिर अब्बास, सैयद इब्राहिम अहमद, इसराफिल ख़सरू, तंजिल चौधरी, सलमान इस्पहानी, रफ़ीकुल इस्लाम और फहीम सिन्हा हैं। सरकार की जांच समिति ने खेल मंत्रालय में प्रेस ब्रीफिंग के दौरान अपनी सिफारिशें पेश कीं, जहां उन्होंने बीसीबी चुनाव से जुड़े अपने निष्कर्षों को विस्तार से साझा किया। सरकार की जांच समिति ने अपनी सिफारिशें खेल मंत्रालय में आयोजित एक प्रेस ब्रीफिंग के दौरान पेश कीं, जहां उन्होंने बीसीबी चुनावों को लेकर अपनी जांच के निष्कर्ष विस्तार से साझा किए।

एनएससी के स्पोर्ट्स डायरेक्टर मोहम्मद अमीनुल अहेसान ने कहा, "नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल की ज़िम्मेदारी के तहत हमने आईसीसी को सूचित किया है कि यह बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स सही तरीके से गठित नहीं हुआ है और अपने काम को भी सही ढंग से पूरा करने में सक्षम नहीं है। हमने आईसीसी को इस बोर्ड को भंग करने के अपने फ़ैसले के बारे में भी जानकारी दे दी है। बांग्लादेश क्रिकेट या किसी भी खेल में एनएससी की अहम भूमिका होती है।

**कश्मकश** | स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा

# आत्मघाती गोल से गिरोना ने विलारियाल को हराया

गिरोना (स्पेन), एजेंसी।

विलारियाल को आत्मघाती गोल के कारण गिरोना से 1-0 से हार का सामना करना पड़ा जिससे स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में तीसरे नंबर पर अपनी स्थिति मजबूत करने की उसकी उम्मीदों को करारा झटका लगा। विलारियाल अगर इस मैच में जीत जाता तो वह चौथे स्थान पर काबिज एटलेटिको मैड्रिड से चार अंक आगे हो जाता। एटलेटिको मैड्रिड को बार्सिलोना से अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा था। पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में अर्नाउ के क्रॉस का शॉट पाउ नवारो पर लगा और गेंद उनके



गोलकीपर को छकाने में गिर पड़े दोनों टीम के फुटबालर।

ही गोलकीपर को चकमा देते हुए गोल में चली गई। विलारियल 30 मैच में 58 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बना हुआ है। वह दूसरे नंबर पर काबिज रियाल मैड्रिड (69) से नौ अंक और शीर्ष पर स्थित बार्सिलोना (76) से 18 अंक पीछे है। गिरोना 37 अंक के साथ दो पायदान ऊपर चढ़कर 12वें स्थान पर पहुंच गया है। वह ओसासुना, एस्पेनयोल और एथलेटिक बिलबाओ से एक अंक पीछे है।

### नेपोली ने खिताब की उम्मीदें रखी जीवंत

- तूरिन (इटली), एजेंसी। स्थानापन्न खिलाड़ी मैटियो पोलिटानो के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से नेपोली ने एसी मिलान को 1-0 से हराकर इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा। नेपोली इस मैच से पहले एसी मिलान से एक अंक और शीर्ष पर काबिज इंटर मिलान से 10 अंक पीछे तीसरे स्थानर पर था। इन दोनों क्लब के लिए खिताब की उम्मीदों को जीवंत रखने के लिए इस मैच में जीत जरूरी थी। मैच में हालांकि गोल करने की बहुत कम मौके बने और ऐसे में पांच मिनट पहले स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर उतरने वाले पोलिटानो का गोल निर्णायक साबित हुआ। इस जीत से नेपोली के 31 मैच में 65 अंक हो गए हैं जबकि एसी मिलान के इतने ही मैच में 63 अंक हैं। इंटर मिलान 31 मैच में 72 अंक लेकर अब भी खिताब की दौड़ में सबसे आगे बना हुआ है। एक अन्य मैच में युवेंटस ने जेनोआ को 2-0 से हराया। इस जीत से युवेंटस ने चौथे स्थान पर काबिज कोमो से अंतर को घटाकर एक अंक कर दिया। कोमो को उडिनीस ने गोलरहित से ड्रॉ पर रोका।